सेंसेक्स 73,872.29 ▲ +66.14
डॉलर 82.910 ▼ +0.061

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 27.0 | 12.0 | 20.0 |
| धनबाद | 29.0 | 13.0 | 20.0 |
| जमशेदपुर | 34.0 | 16.0 | 26.0 |
| पलामू | 29.0 | 13.0 | 23.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, फाल्गुन कृष्ण पक्ष 10, विक्रम संवत 2080

रांची, मंगलवार, 05 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-35, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155

www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय क्या मायावती खुद ही अपनी पार्टी को धीरे-धीरे ... 08

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

राहुल की यात्रा का मप्र में तीसरा दिन, केंद्र की ...12 देश-विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 60,350

चांदी (1 किलो) 77,000

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# मांझीथान का आशीष ले राजनीति में उतरीं कल्पना

## हेमंत ने कहा है घबराना नहीं, जेल में हूं, जिंदा हूं

### अपने पहले सियासी संबोधन में पति को याद कर कल्पना की आंखों से छलक पड़े आंसू






**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन की सक्रिय राजनीति में एंट्री हो गई है। उन्होंने सोमवार को गिरिडीह में आयोजित झारखंड मुक्ति मोर्चा के 51वें स्थापना दिवस समारोह में पार्टी का झंडा लहराया और इसके बाद जनसभा को संबोधित किया। इसके पूर्व वह मधुबन के मांझीथान पहुंचीं। यहां कल्पना सोरेन का पुजारियों ने संथाली संस्कृति के अनुसार स्वागत किया। कल्पना सोरेन ने मांझीथान में मत्था टेक कर सक्रिय राजनीति के लिए आशीर्वाद लिया। इसके पहले रविवार शाम को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हेमंत सोरेन के हैंडल से राजनीति में सक्रिय होने का ऐलान किया था। उन्होंने अपने ससुर शिबू सोरेन और सास रूपी सोरेन से आशीर्वाद लेती अपनी तस्वीर भी पोस्ट की थी। सियासत के मंच पर पहले सार्वजनिक संबोधन में अपने पति हेमंत सोरेन का जिक्र करते हुए कल्पना की आंखों से आंसू छलक उठे। उन्होंने कहा, आज चार तारीख है। कल तीन तारीख को मेरा जन्मदिन था। मुझे हेमंत जी से मिलने का समय मिला। उन्होंने मेरे कंधे पर हाथ रखा और कहा कि घबराना नहीं। जेल में हूं, लेकिन जिंदा हूं।

#### आदिवासी-दलित को कीड़ा समझते हैं

कल्पना सोरेन ने कहा कि दिल्ली में बैठने वालों का दिल नहीं धड़कता है। आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यक को कीड़ा समझते हैं। व्यवहार से पता चलता है कि कितनी घृणा भरी हुई है। हमारे मुख्यमंत्री को पद से उतारने के लिए षड्यंत्र किया। झारखंड सरकार को गिराने की मंशा बिखर गई है। उन्होंने कहा कि हमारे जितने भी विधायक हैं, जितने कार्यकर्ता हैं, उनके मनोबल से प्रतीत होता है कि हमने उनको परास्त तो कर दिया, लेकिन आने वाले समय के लिए आप सभी को मिलकर अपना आशीर्वाद वोट के रूप में देना है और ये यकीन दिलाना है कि झारखंड कभी झुकेगा नहीं।

मैं भारी मन से आपके सामने खड़ी हूं। एक पिता के रूप में मेरे ससुर और मेरी सासू मां चिंतित हैं। मुझे लगा था, मैं आंसू रोक लूंगी, लेकिन आपका प्यार देखकर मैं अपने आंसू रोक नहीं सकी। आप यहां से जोर से चिल्लाकर बता दीजिए कि आपका उत्साह आपके दादा तक जाए। जेल तक जाए। इतना बड़ा षड्यंत्र रच गया कि हेमंत सोरेन जेल में हैं।

समारोह में मंच पर सीएम चंपई सोरेन, मंत्री हफीजुल हसन, बेबी देवी, महुआ माजी, मथुरा प्रसाद महतो, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय के पूर्व विधायक डॉ. सरफराज अहमद, जयप्रकाश वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।



## जन अपेक्षाओं के अनुरूप योजनाएं बना रही हमारी सरकार : चंपाई

### मुख्यमंत्री ने योगीटांड़ में डेयरी प्लांट का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि गिरिडीह जिला वासियों के लिए सोमवार ऐतिहासिक दिन है। आज गिरिडीह जिला अंतर्गत योगीटांड़ में 50 हजार लीटर दूध प्रति दिन क्षमता वाले डेयरी प्लांट का शिलान्यास हो रहा है। यह डेयरी प्लांट दो से ढाई वर्ष के भीतर बनकर तैयार हो जाएगा। गिरिडीह जिला के लिए आज एक नया अध्याय जुड़ रहा है। मुख्यमंत्री सोमवार को गिरिडीह जिला स्थित योगीटांड़ में आयोजित डेयरी प्लांट के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरिडीह जिला के योगीटांड़ में कृषि विभाग की ओर से डेयरी प्लांट लगाया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सोच के अनुरूप आज हमारी सरकार

#### 50 हजार लीटर दूध प्रति दिन क्षमता वाला डेयरी प्लांट दो से ढाई वर्षों में बनकर हो जाएगा तैयार

योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को पशुधन योजना से जोड़ने का कार्य किया है। ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले परिवारों में पशुधन रखने की परंपरा रही है। ग्रामीण लोगों के शहरीकरण होने के बावजूद भी यह परंपरा निरंतर चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग झारखंड बने 24 साल पूरा होने को हैं फिर भी झारखंड के लोग अपेक्षा अनुरूप प्रगति नहीं कर सके। पूर्व की सरकारों ने झारखंड के आदिवासी, मूलवासी, किसान, मजदूर,गरीब की जरूरत को समझने का प्रयास नहीं किया। झारखंड निरंतर पिछड़े राज्यों की श्रेणी में शामिल रहा परंतु हमारी सरकार की सोच और कुशल नेतृत्व को आगे बढ़ाते हुए यहां की जन भावना एवं जन अपेक्षाओं के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है।

## एक नजर

### समन की अवहेलना में हेमंत के खिलाफ सीजेएम कोर्ट ने लिया संज्ञान



**रांची।** रांची सीजेएम कोर्ट ने समन की अवहेलना करने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की शिकायतवाद पर संज्ञान ले लिया है। अब हेमंत सोरेन के खिलाफ इस मामले में मुकदमा चलेगा। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा ईडी के समन की अवहेलना मामले में सीजेएम कोर्ट ने सोमवार को आईपीसी की धारा 174 के तहत संज्ञान लिया है। मामले में कोर्ट ने समन जारी करने का भी निर्देश दिया है। समन जारी होने के बाद अगली तिथि में हेमंत सोरेन को कोर्ट के समक्ष हाजिर होना होगा। अगली सुनवाई तीन अप्रैल को होगी।

### हंसडीहा सड़क हादसें में तीन की मौत, तीनों की हुई पहचान



**दुमका।** हंसडीहा भागलपुर स्टेट हाइवे पर हंसडीहा थाना क्षेत्र के बनियारा गांव के समीप सोमवार करीब 11 बजे अनियंत्रित ट्रक चार युवकों को कुचलते हुए खेत में चली गई। घटना में दो युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक की मौत की पुष्टि स्वास्थ केंद्र में चिकित्सकों ने की है। मृतक की पहचान हंसडीहा थाना क्षेत्र मोजाहिद अंसारी, गुलाम अंसारी (गुल्ली) और प्रभु मंडल के रूप में की गई है। वहीं घायल युवक की पहचान तालझारी थाना क्षेत्र निवासी रमेश मंडल के रूप में हुई है। मामले की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने दुमका रिंग रोड को जाम कर दिया है। हालात को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस वालों की तैनाती की गई है।

## एससी के फैसले से सोरेन परिवार की मुसीबतें बढ़ेंगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सुप्रीम कोर्ट की कांस्टीट्यूशन बेंच की ओर से सोमवार को सुनाए गए फैसले के बाद झारखंड में सियासी तौर पर रसूखदार सोरेन परिवार की मुसीबतें बढ़ेंगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष शिबू सोरेन और उनकी बहू सीता सोरेन पर रिश्वतखोरी के अलग-अलग मामलों में मुकदमा चलना तय माना जा रहा है। शिबू सोरेन फिलहाल राज्यसभा के सांसद हैं, जबकि सीता सोरेन झारखंड विधानसभा में जामा क्षेत्र की विधायक। शिबू सोरेन और उनकी पार्टी झामुमो के तीन अन्य तत्कालीन सांसदों शैलेंद्र महतो, सूरज मंडल और साइमन मरांडी पर 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को बचाने के लिए घूस लेकर वोट देने का आरोप था, जबकि सीता सोरेन पर 2012 में हुए झारखंड में राज्यसभा चुनाव में एक प्रत्याशी को वोट देने के एवज में रिश्वत लेने का आरोप है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने फैसले में कहा है कि रिश्वत लेकर सदन में वोट देने या सवाल पूछने पर सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी। यह फैसला सात न्यायाधीशों के कांस्टीट्यूशन बेंच का है, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस ए. एस. बोपन्ना, एम. एम. सुंदरेश, पी. एस. नरसिम्हा, जेबी पारदीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपना ही 25 साल पुराना शेष पृष्ठ 11 पर



### प्रधानमंत्री ने छूट नहीं देने का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदन में भाषण देने और वोट डालने के लिए रिश्वत लेने के लिए सांसद और विधायक को अभियोजन से छूट देने के 1998 के फैसले को खारिज करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और कहा कि यह स्वच्छ राजनीति सुनिश्चित करेगा।

### हेमंत के एसटी-एससी एक्ट में दर्ज केस में ईडी के अफसरों को राहत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से एसटी-एससी थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर के मामले में ईडी के अफसरों को राहत दी है। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ किसी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। गौरतलब है कि हेमंत सोरेन ने दिल्ली स्थित उनके आवास पर ईडी की ओर से की गई छापेमारी के बाद 31 जनवरी को एजेंसी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज, असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा, अनुपम कुमार एवं अन्य के खिलाफ रांची स्थित एसटी-एससी थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि 29 जनवरी को उनके दिल्ली स्थित आवास की ईडी अफसरों द्वारा जिस तरह तलाशी ली गई और जिस तरह उनके खिलाफ दुष्प्रचार किया गया, वह अपमानजनक है। सोरेन ने कहा था कि वे अनुसूचित जनजाति से आते हैं। ईडी का ऑपरेशन उन्हें और उनके पूरे समुदाय को अपमानित करने वाला है। ईडी ने इस एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। फिलहाल, हाईकोर्ट से ईडी के अफसरों को राहत मिल गई है।

## छत्तीसगढ़ की आर्केस्ट्रा कलाकार के साथ सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

### कार्यक्रम नहीं होने पर पीड़िता और उसकी बहन को अपने घर ले आया था आरोपी

### कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला कर पिलाया फिर दुष्कर्म को दिया अंजाम

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**
झारखंड के दुमका जिले में एक मार्च की रात स्पेनिश महिला के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि पलामू में छत्तीसगढ़ की आर्केस्ट्रा कलाकार के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आया है। घटना जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र की है। महिला नर्तकी को बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। उसके बयान के बाद सोमवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी फरार है। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि की है। गिरफ्तार आरोपियों में 29 वर्षीय अजय कुमार रवि उर्फ अजय कुमार उर्फ छक्का, ग्राम कुलिया, थाना पांडु व 26 दीवाना शेष पृष्ठ 11 पर

दुमका डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने पीड़ित को मुआवजा योजना के तहत 10 लाख रुपये का चेक दिया



### झारखंड हाईकोर्ट ने विदेशी महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में लिया स्वतः संज्ञान

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात विदेशी महिला टूरिस्ट के साथ सात युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म, महिला व उसके पति के साथ मारपीट व लूटपाट मामले में सोमवार को स्वतः संज्ञान लिया है। ब्राजील और स्पेन की दोहरी नागरिकता रखने वाली महिला स्पेनिस वीसा पर अपने पति के साथ बाइक से वर्ल्ड टूर पर निकली थी। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष मामले को संज्ञान में लाया गया था। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी एवं एसपी दुमका से रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई सात मार्च को होगी। इस मामले में पुलिस ने अब तक तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मालूम हो कि महिला अपने पति के साथ दुमका के हंसडीहा थाना शेष पृष्ठ 11 पर

### डॉक्टर और उनकी दो बेटियों का शव घर से बरामद, जांच

**हजारीबाग।** हजारीबाग के विष्णुपुरी में एक डॉक्टर और उनकी दो बेटियों का शव उनके घर से बरामद किया गया है। पुलिस ने तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। जानकारी के अनुसार मृतक डॉक्टर का नाम डॉ राजकुमार साव (40) और उनकी दो बेटियों का नाम अनवी कुमारी (08) और अध्या कुमारी (05) है। तीनों का शव उनके विष्णुपुरी स्थित आवास से बरामद हुआ। मृतक डॉक्टर का हाथ कटा हुआ और खून से सना हुआ था। डॉक्टर सहित बच्चों का मौत रहस्यमय है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक डॉक्टर राजकुमार मूलतः जिले के कटकमसांडी चट्टी के रहने वाले थे। वे डेंटल डॉक्टर थे और शहर के झील टॉवर में बैठते थे। इधर, इस घटना की जानकारी मिलते ही हजारीबाग विधायक सह हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल के निर्देश पर तत्काल उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी अस्पताल पहुंचे और मृतक परिवार के सहयोग में जुटे रहे।

## इंडिया

## एनडीए का इस बार 400 पार के लिए दक्षिण का दिल जीतने की चुनौती



सुनील बादल

***आसन्न*** लोकसभा चुनाव में 'मिशन 370' का टारगेट लेकर चल रही भाजपा ने पूरे आत्मविश्वास के साथ चुनाव की घोषणा से पहले ही शनिवार को 195 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर अन्य दलों पर मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाने में कामयाबी हासिल कर ली है पर आम जन से लेकर राजनीति के पंडितों के मन में सवाल है कि क्या पार्टी 370 सीट जीतने का लक्ष्य पूरा कर पाएगी? क्योंकि पिछले चुनाव में दक्षिण भारत के तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और केरल में पार्टी खाता भी नहीं खोल पाई थी। राजनीतिक रणनीतिकरों का मानना है कि दक्षिण में विजय के बिना भाजपा का 370 का टारगेट पूरा होना आसान नहीं है क्योंकि उत्तर व पश्चिम के राज्यों में भाजपा लगभग अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आसपास है और वहां सीटों में अब ज्यादा बढ़ोतरी की संभावना थोड़ी कठिन है। जब उत्तर भारत की राजनीति में हिमाचल और यूपी में राज्यसभा की सीटों के लिए बिसातें बिछ रही थीं, पीएम मोदी दक्षिण भारत में अपनी सभाओं के जरिए लोगों से संवाद कर रहे थे। हिंदी की छाप के कारण बीजेपी की चुनौती यह भी है कि तमिलनाडु, केरल और आंध्र में उसके संगठन का बहुत विस्तार नहीं हुआ है। बीजेपी के लिए दक्षिण के राज्य कठिन लक्ष्य कहे जाते रहे हैं। बीजेपी ने दक्षिण के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले कर्नाटक और किसी हद तक तेलंगाना में अपना आधार बढ़ाया है। बीजेपी एनडीए के जरिए दक्षिण में बेहतर परिणाम के लिए संघर्ष कर रही है। कुछ दशक पहले बीजेपी तमिलनाडु-केरल जैसे राज्यों में छोटी-छोटी सभा और बैठकों के जरिए लोगों से जुड़ने की कोशिश करती थी। लेकिन दक्षिण में वह सिमटी ही रही। लेकिन अब खासकर तमिलनाडु, केरल व आंध्र में भी पीएम मोदी की जनसभाओं में उत्तर भारत की तरह नजारा दिखता है। एक समय तमिलनाडु में अन्ना द्रमुक का साथ लेकर भी बीजेपी की जनसभाएं इतना आकार नहीं लेती थीं। लेकिन अब जब वह तमिलनाडु में अकेले खड़ी है, तब उसकी अपनी उपस्थिति झलकती है। नॉर्थ ईस्ट के राज्यों और पश्चिम बंगाल में बीजेपी ने जिस तरह अपना विस्तार किया उसके पीछे उसकी रणनीति और अभियान को देखा जा सकता है। अब बीजेपी ने रणनीति के साथ दक्षिण के राज्यों के मतदाताओं को को प्रभावित करने की रणनीति बनाई है। बीजेपी ने दक्षिण मिशन के लिए संगठन क्षमता को बेहतर करने का प्रयास किया। पीएम मोदी दक्षिण की अपनी जनसभाओं में संसद में स्थापित सेंगोल का जिक्र करना नहीं भूलते। इसके साथ वह दक्षिण के लोगों से संवाद जोड़ते हैं। वर्ष 2014 के बाद से ही एनडीए सरकार ने कोशिश की है कि दक्षिण की अलग-अलग क्षेत्र की प्रतिभाओं से संवाद किया जाए। यही नहीं पद्म पुरस्कारों के लिए दक्षिण की प्रतिभाओं को आगे लाया गया। इसी कड़ी में इस बार पूर्व पीएम नरसिंह राव और कृषि वैज्ञानिक डा स्वामीनाथन को भारत रत्न का ऐलान होना देखा जा सकता है। दक्षिण मिशन के लिए केवल पीएम मोदी ही नहीं बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी कई दौरे किए। काशी तमिल संगमम के आयोजनों की श्रृंखला इसी उद्देश्य से है कि किसी तरह दक्षिण और उत्तर के बीच संवादों का एक गलियारा तैयार हो। पीएम मोदी दक्षिण में अपने भाषणों की शुरूआत वहां की भाषा की कुछ पंक्तियों से करते हैं।



वहां के प्रसिद्ध कवियों के कविताओं की पंक्तियों का उल्लेख करते हैं। पीएम मोदी ने दक्षिण के मठ मंदिर पुरातत्व संग्रहालय हर जगह जाकर लोगों से संवाद जोड़ा है।

संसद में पीएम मोदी की शायद ही कोई स्पीच ऐसी हो जिसमें उन्होंने दक्षिण भारत के संदर्भ में कोई बात न कही हो। बीजेपी ने दक्षिण भारत के राज्यों में भी जनाधार वाले नेताओं पर नजर रखी। साथ ही करिश्माई व्यक्तित्व वाले नेताओं को भी पार्टी से जोड़ने की कोशिश हुई है। राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले पीएम मोदी दक्षिण के कुछ प्रसिद्ध शिव मंदिरों में गए। बीजेपी इस विश्वास में भी है कि अयोध्या के राम मंदिर के उद्घाटन को दक्षिण के लोगों ने बहुत सकारात्मक रूप से देखा है। निश्चित इसके अपने मायने और संदेश भी हैं। मोदी दक्षिण के संतों, विभूतियों, कवियों, मठों व बीते दौर के बड़े नेताओं का जिक्र करते हुए बीजेपी के लिए दक्षिण का पथ तैयार कर रहे हैं। महत्वपूर्ण है सही प्रतिनिधि और मुद्दों का चयन अन्यथा एक ही फॉर्मूले से हर राज्य का दिल नहीं जीता जा सकता उदाहरण हैं दिल्ली के मनोज तिवारी और बंगाल की असफल रणनीति जिससे बीजेपी को सीख लेनी पड़ेगी।

### पीएम मोदी ने लालू यादव को दिया जवाब

## 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के बयान का करारा जवाब दिया। पटना के गांधी मैदान में महागठबंधन की रैली को संबोधित करते हुए लालू यादव ने कहा था कि पीएम मोदी का परिवार नहीं है और आप हिंदू भी नहीं हैं। अब लालू यादव के इस बयान पर तेलंगाना के आदिलाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बता दिया कि 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार हैं। देश में परिवारवादी पार्टियों पर हमला करते हुए कहा कि उनके चेहरे अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट उनका सामान्य चरित्र होता है। पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, "भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे इंडी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे



हैं। अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मेरा जीवन खुली किताब जैसा है, देश की जनता भली-भांति जानती है, मेरी पल-पल की खबर देश रखता है और मैं कभी देर रात जब काम करता हूं, खबर निकल जाती है, देश के लाखों लोग मुझे लिखते हैं कि इतना शेष पृष्ठ 11 पर

# कृषि सभी संस्कृतियों की जननी है, इसके बिना कोई संस्कृति नहीं बच सकती : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कृषि सभी संस्कृति की जननी है और कृषि के बिना कोई भी संस्कृति नहीं बच सकती। डॉ एमएस स्वामीनाथन और चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि वैज्ञानिकों और किसानों को अभूतपूर्व सम्मान दिया है। ये बातें राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मैं कई पीढियां से किसान रहा हूं और अबतक साल में चार महीने धान की खेती करता रहा हूं। इसलिए कृषि और किसान से जुड़े कार्यक्रम में जाकर मैं अपने घर में अपने मूल स्वभाव में महसूस करता हूं। उन्होंने आम के जापानी प्रभेद सहित अन्य उन्नत किस्मों को झारखंड में लगाने, क्षेत्र के लिए उनकी उपयुक्तता की जांच करने हेतु विशेष शोध प्रयास करने का सुझाव बीएयू को दिया।




उन्होंने जोर दिया कि तमाम विफलताओं के बावजूद प्रयास नहीं छोड़ना चाहिए। अपने वरिष्ठ जनों को भी खरी सलाह देने में कोई संकोच या हिचक नहीं रखना चाहिए। कई बार पद ओहदा में छोटे लोग भी राष्ट्र, समाज और संस्था हित में बहुत नेक सलाह दे जाते हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना और पीएम फसल बीमा योजना को उन्होंने किसानों के हित में क्रांतिकारी कदम बताया। राज्यपाल ने शोध प्रयासों और उपलब्धियों के लिए बीएयू की सराहना करते हुए परामर्श दिया कि किसानों के लिए विश्वविद्यालय में एक स्थायी परामर्श केंद्र प्रारंभ किया जाए। जहां किसान बिना किसी अप्वाइंटमेंट के वैज्ञानिकों से मिल सकें और कृषि संबंधी तकनीकी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकें। राज्यपाल ने जेनेटिक बीमारियों और एनिमल ब्रीडिंग से संबंधित डॉ नंदनी कुमारी की दो पुस्तकों, पशुपालन से संबंधित डॉ सुशील प्रसाद की एक पुस्तक तथा बिरसा किसान दैनंदिनी का लोकार्पण किया। उन्होंने मेला में विभिन्न प्रदर्शनी के विजेताओं तथा राज्य के विभिन्न जिलों से आए सात नवोन्मेषी कृषकों को सम्मानित भी किया। इनमें कमल महतो, धनबाद, प्रदुमन महतो, गिरिडीह, निलेश कुमार, खूंटी, सोमराय मार्डी, सरायकेला खरसावां, , राजेश्वर महतो, रांची, चूड़ामणि यादव, सिमडेगा तथा पानी लागुरी, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। उद्यान प्रदर्शनी में फूलों के वर्ग में भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान (आईआईएलएम), कांके को सर्वाधिक 6 तथा सब्जियों के वर्ग में होचर गांव (कांके) के रामकुमार साहू सर्वाधिक 5 पुरस्कार प्राप्त हुए।

कृषि सचिव अबूबकर सिद्दीकी ने वैज्ञानिकों से अपील की कि झारखंड के किसानों के लिए उनकी सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों, शैक्षणिक स्तर और सुविधागम्य प्रौद्योगिकी विकसित और अनुशंसित करें।

## लोस चुनाव में तेली जाति की अनदेखी की, तो परिणाम भुगतने होंगे : अरुण साहू

**रांची।** झारखंड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने सोमवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में झारखंड में तेली समाज की भागीदारी होनी चाहिए। झारखंड में तेली जाति की जनसंख्या 18 प्रतिशत है और झारखंड की कुल आबादी 3.5 करोड़ के हिसाब से कुल आबादी 50 लाख है। श्री साहू सोमवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे रहे थे।

उन्होंने कहा कि झारखंड को अलग हुए 24 वर्ष हो चुका है। किंतु, तेली जाति को अब तक राजनीतिक भागीदारी जनसंख्या के अनुपात के अनुसार नहीं मिला है। इस कारण 50 लाख आबादी वाली जाति के लोग अपने आप को ठगा हुआ महसूस करते हैं। चाहे देश की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी की बात हो या कांग्रेस पार्टी की बात हो, या फिर क्षेत्रीय पार्टी झारखंड मूर्ति मोर्चा, आजसू या वैसे तमाम राजनीति पार्टियां हों, जो झारखंड में सक्रिय तौर पर राजनीति करती है।

## एक नजर

### मधुमक्खी के हमले में कई लोग घायल

**मुरी।** मुरी रेलवे तालाब के पास विशालकाय सीमल पेड़ में लगे मधुमक्खी का खोता से उड़ने वाले मधुमक्खी ने आने जाने वाले को काट खाया है यह हमला लगातार तीन दिन से हो रहा है। जिसमें मस्जिद मुहल्ला के जुगनू और अशरफ अली को हाथ और गर्दन और सर में काटने के दाग पड़ गया है। लोग उधर से जाने में भयभीत हो रहे हैं। ज्ञात हो कि उस क्षेत्र में कई सिंमल पेड़ है। जिनमें मधुमक्खी बड़ा-बड़ा खोता लगाए हुए हैं।

### लेफ्टिनेंट कर्नल राकेश कुमार दूसरी बार सेना मेडल से नवाजे गए

**चान्हो।** चान्हो के लाल चोरेया निवासी लेफ्टिनेंट कर्नल राकेश कुमार दूसरी बार सेना मेडल से नवाजे गए है। इस सम्मान से पूरा क्षेत्र गौरांवित महसुस कर रहा है। कर्तव्य के प्रति असाधारण समर्पण और साहस के अद्भुत प्रदर्शन को लेकर यह पुरस्कार इंडियन आर्मी द्वारा दिया जाता है। लेफ्टिनेंट कर्नल राकेश कुमार 16 बटालियन मराठा लाइट इन्फेंट्री से हैं।

### विस प्रशाखा पदाधिकारी की मौत दी श्रद्धांजलि

रांची। झारखंड विधानसभा सचिवालय के सहायक प्रशाखा पदाधिकारी संतोष एक्का का रविवार को असामयिक निधन हो गया। अपराह्न 2 बजे सचिवालय में शोक सभा का आयोजन कर एक्का को श्रद्धांजलि दी गई। एक्का का निधन तीन मार्च को हुआ,वे झारखंड विधानसभा सचिवालय में 21-09-2007 से कार्यरत थे । झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव जावेद हैदर ने शोक संदेश पढ़ा एवं उपस्थित अधिकारियों /कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### हाई कोर्ट से नक्सली भीखन गंझू को मिली बेल

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में हार्डकोर नक्सली भीखन गंझू की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने उसे जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की अदालत में भीखन गंझू की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। यह मामला हत्या, आर्म्स एक्ट और 17 क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट (सीएलए) से जुड़ा हुआ है। रांची पुलिस ने वर्ष 2022 में पंडरा इलाके से 10 लाख के इनामी नक्सली भीखन गंझू को गिरफ्तार किया था।

### पोषण सखी ने फिर उठाई नौकरी वापसी की मांग

**कोडरमा।** आंगनबाड़ी केन्द्रों की पोषण सखी ने फिर से नौकरी वापसी की मांग पर संघर्ष तेज कर दिया है। सोमवार को पोषण सखी समन्वय समिति (सीटू) के बैनर तले समाहरणालय गेट पर दर्जनों पोषण सखियों ने प्रदर्शन व नारेबाजी कर पुनः नौकरी वापसी की मांग की। इस दौरान झारखंड सरकार होश में आओ, पोषण सखी को बहाल करना होगा आदि जोरदार नारे लगाए जा रहे थे।

## सुप्रीम कोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य : सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधायक सरयू राय ने एमपी-एमएलए के विशेषाधिकार पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को स्वागत योग्य बताया। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वोट के बदले नोट मामले पर अपना पुराना फैसला पलट दिया। वर्ष 1998 के फैसले में शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय पीठ ने फैसला सुनाया था कि सांसदों और विधायकों को संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) द्वारा प्रदत्त संसदीय विशेषाधिकारों के तहत विधानसभा में भाषण देने और वोट देने के लिए रिश्वत लेने के लिए मुकदमा चलाने से छूट दी गई है। आज सुप्रीम कोर्ट ने पुराने फैसले को खारिज कर दिया। सरयू राय ने सोमवार को कहा कि पैसा लेकर सदन में प्रश्न पूछने या वोट देने



को भ्रष्टाचार मानने का सुप्रीम कोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य है। लेकिन, यदि कोई मंत्री संसद अथवा विधानसभा में किसी सांसद या विधायक के प्रश्न का गलत और गुमराह करने वाला उत्तर देता है और यह साबित हो जाता है कि जिसे संरक्षण देने के लिए वह उत्तर दे रहा है, उससे उसका संबंध है, तो ऐसे मंत्रियों पर भी भ्रष्टाचार का मुकदमा चलना चाहिए।

### खिलाड़ियों को पढ़ाया मतदाता जागरूकता का पाठ

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्वीप कार्य योजना के तहत मतदाता जागरुकता को लेकर कई कार्यक्रम किए जा रहे है। इस क्रम में सोमवार को हजारीबाग हाई स्कूल हजारीबाग के मैदान में खो खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही खिलाड़ियों को मतदाता जागरूकता का पाठ पढ़ाया गया।

विवेक भारद्वाज ने रांची में द्वितीय पेसा क्षेत्रीय सम्मेलन में कहा

## पेसा के कुशल कार्यान्वयन से सामाजिक खामियां कम होंगी

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने सोमवार को रांची में 'पंचायत एक्सटेंशन ओवर शिड्यूल्ड एरियाज एक्ट, 1996 (पेसा अधिनियम) को मजबूत करने पर दूसरे दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। बता दें कि पंचायती राज मंत्रालय द्वारा 4 एवं 5 मार्च 2024 को रांची में क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। मौके पर विवेक भारद्वाज ने सामाजिक मुद्दों को संबोधित करने, विवादों को सुलझाने, प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन और स्थायी तरीके से आर्थिक सशक्तिकरण के प्रयासों को बढ़ावा देने में पेसा अधिनियम द्वारा सशक्त ग्राम सभाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पेसा



अधिनियम के कुशल कार्यान्वयन से पारंपरिक जीवनशैली को मजबूत करने और सामाजिक बुराइयों को कम करने का मार्ग प्रशस्त होगा। श्री भारद्वाज ने कहा कि पंचायती राज मंत्रालय ने पेसा अधिनियम की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए संबंधित विभागों और हितधारकों के साथ बैठक करने और सहयोग करने की पहल की है। विवेक भारद्वाज ने प्रतिभागियों को एक सहयोगी माहौल को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान अपने विचार, अनुभव और सुझाव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया, जहां विविध दृष्टिकोणों पर विचार किया जा सके, जिससे अधिक व्यापक और प्रभावी रणनीतियां बन सकें। पेसा पर आगामी राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य सर्वसम्मत सहमति के आधार पर पेसा अधिनियम के कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित और तेज करने के लिए पुणे और रांची में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलनों के दो संस्करणों से प्राप्त इनपुट्स को शामिल करना है।

## राज्य में अबुआ आवास भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा उदाहरण : धनंजय कुमार




**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

नरकोपी एवं बेड़ो भाजपा मंडल के संयुक्त तत्वाधान में बेड़ो प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आवाह्न पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया । धरना प्रदर्शन का नेतृत्व आलोक मिश्रा ने किया वहीं कार्यक्रम का संचालन मंडल के महामंत्री बलराम सिंह ने किया। इस मौके पर बलराम सिंह ने कहा कि राज्य सरकार के भ्रष्ट नीति, बिगड़ती कानून व्यवस्था, महिलाओं पर अत्याचार, बालू की खुलेआम कालाबाजारी, बढ़ती बिजली बिल, जैक घोटाला, पेपर लीक जैसे दर्जनों मामले राज्य सरकार की पोल खोलती है। वहीं सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहा कि अबुआ आवास के लाभुकों का चयन ग्राम सभा में न कर अधिकारियों द्वारा सूची बनाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य में अबुआ आवास भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा उदाहरण बन गया है। राज्य सरकार के दामन पर भ्रष्टाचार का दाग लग चुका है।

### शिव बारात के जुलूस की चौड़ाई कम रखी जाए : सदर एसडीओ

रांची। सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) उत्कर्ष कुमार एवं अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक की अध्यक्षता में सोमवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर रांची में शिव बारात संबंधी विधि व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अपर प्रशासक नगर निगम रांची, कमल कांत गुप्ता, अंचल अधिकारी (शहर) रांची, पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली रांची, सचिव, पहाड़ी मंदिर विकास समिति रांची, राकेश सिन्हा, सभी शिव बारात समिति के सदस्यगण एवं गण्यमान्य सामाजिक कार्यकर्त्ता, जय सिंह यादव, ललित ओझा एवं संबंधित शिव बारात से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने शिव बारात निकालने के दौरान जुलूस की चौड़ाई कम करने के निर्देश दिए, ताकि इस दौरान आम लोगों को कोई परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि इससे ट्रैफिक जाम की समस्या नहीं होगी।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

## लापुंग में बगैर चढ़ावा के कोई काम नहीं होता : हिंदिया टोप्पो




**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

भ्रष्टाचार के खिलाफ लापुंग प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड अध्यक्ष दुःखहरण सिंह के नेतृत्व में सांकेतिक धरना प्रदर्शन का आयोजन किया और प्रखंड विकास पदाधिकारी की अनुपस्थिति में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विनोद नारायण झा को राज्यपाल के नाम पर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर हिंदिया टोप्पो ने कहा कि कोई भी ग्रामीण का काम लापुंग में बगैर चढाव्रा के नहीं होता। दुःखहरण प्रसाद सिंह ने कहा कि अबुआ आवास योजना में ग्राम सभा के बगैर सहमति और अनुमति के लाभुकों का चयन किया जा रहा यह भ्रष्टाचार का एक खुला नमुना है। उन्होंने कहा कि अंचल में ऑनलाइन रसीद काटने और म्यूटेशन कराने में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। मनरेगा योजना में भी भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। जाति आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र बनाने में विलंब भी भ्रष्टाचार ही है।

## एक महीने के अंदर जमा करें वाटर टैक्स, नहीं तो होगी प्राथमिकी



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

उपभोक्ताओं द्वारा मासिक जल कर (टैक्स) नहीं देने के कारण बुकबुका स्थित फिल्टर प्लांट सह आपूर्ति प्रोजेक्ट का संचालन मुश्किल हो गया है। इसे लेकर सोमवार को बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना खलारी की बैठक फिल्टर प्लांट परिसर में हुई। अध्यक्षता जलापूर्ति योजना समिति की अध्यक्ष तेजी किस्पोट्टा ने की। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता दीपांकर व स्वच्छ भारत मिषन के ब्लाक कोआर्डिनेटर प्रमोद कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में जलापूर्ति प्रोजेक्ट को चलाने में आ रही दिक्कतों के बारे में चर्चा किया गया। कहा गया कि बुकबुका स्थित फिल्टर प्लांट से प्रखंड के पांच पंचायतों की आबादी को पानी सप्लाई किया जाता है। प्रोजेक्ट का संचालन जल कर से ही होता है। सभी पंचायतों में काफी संख्या में ऐसे उपभोक्ता हैं जो जल कर नहीं दे रहे हैं। ऐसे उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया कि वे जल्द से जल्द अपना जल कर भुगतान करें। यह भी निर्णय लिया गया कि जिनका लंबे समय से जल कर बकाया है उनका कनेक्शन काटने का अभियान चलाया जाएगा। आवश्यकता पड़ी तो ऐसे लोगों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी। बुकबुका पंचायत के लिए एक जलकर वसूलकर्ता नियुक्त किया जाएगा।

**विरोध** राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ खलारी भाजपा ने दिया धरना

## जल, जंगल और जमीन बेचने का काम कर रही है सरकार : डॉ जीतूचरण राम

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

झारखंड प्रदेश भाजपा के राज्यव्यापी एकदिवसीय धरना के आलोक में भाजपा खलारी मंडल द्वारा खलारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय मुख्य द्वार पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने किया। धरना प्रदर्शन में प्रभारी और मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डा जीतूचरण राम मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रदर्शन के दौरान डा जीतूचरण राम ने राज्य सरकार की विफलताओं को जनता के बीच उजागर किया। कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार व्याप्त है। अबुआ आवास के नाम पर लूट मची है। राज्य में जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी, गठजोड़ वाली सरकार नाकाम साबित हुई है। पूरे राज्य में भ्रष्टाचार फैला है।




कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। सरकार रोजगार देने का छलावा कर रही है। यह सरकार जल जंगल जमीन बेचने काम कर रही है सरकार। खनिज संपदाओं की लूट मची है। नशाखोरी को बढ़ावा मिल रहा है। वोट बैंक के लिए बांग्लादेशी और रोहंगिया को बसाने की राजनीति चल रही है। इसके अलावा स्थानीय व राज्य स्तरीय कई काले कारनामों को उजागर किया गया। कार्यकताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ खूब नारेबाजी की। सरकार को चेतावनी देते हुए राज्यपाल के नाम का ज्ञापन ज्ञापन अंचल अधिकारी प्रणव अम्बस्ट को सौपा। संचालन मंडल महामंत्री अनिल गंझू ने किया। धरना में पूर्व विधायक डा जीतूचरण राम के अलावा, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिंह, वरिष्ठ नेता अरविंद सिंह, भरत रजक, किरण देवी, रामसूरत यादव, दिनेश गुप्ता,

**नशाखोरी को बढ़ावा मिल रहा है, वोट बैंक के लिए बांग्लादेशी और रोहिंग्या को बसाने की राजनीति चल रही है**

आनंदकुमार सिंह, अजीत पांडेय, शत्रुंजय सिंह, राजू गुप्ता, रितेश केशरी, रामेश्वर महतो, रवींद्र मुंडा, दिलीप पासवान, सिन्नी समाड, चतर्गुण भुइयां, प्रदीप प्रमाणिक, नागदेव सिंह, संतोष रजक, जफरुद्दीन अंसारी, महफूज अंसारी, लालबाबू सिंह, रवींद्र पासवान, विनयप्रसाद झा (पुतुल जी), अशोक शुक्ला, विंध्यांचल राम, रामप्रीत यादव, प्रदीप लोहारा, सुबोध रजक, रामधारी गंझू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### रोहिणी करकट्टा ओसीपी को लेकर विस्थापन व पुनर्वास की पूरी जानकारी देनी होगी

**खलारी।** तुमांग पंचायत भवन में सोमवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। अध्यक्षता मुखिया संतोष कुमार महली ने किया। बैठक में मुखिया ने बताया कि दस मिलियन टन क्षमता वाले रोहिणी करकट्टा ओसीपी के अनापत्ति प्रमाण पत्र को लेकर जल्द ही ग्राम सभा की जायेगी। अनापत्ति प्रमाण पत्र को लेकर चर्चा की गयी। ग्रामीण विस्थापितों ने अपने अपने विचार दिए। कहा कि ग्रामीण रोहिणी करकट्टा ओसीपी चालू करने के विरोधी नहीं हैं। लेकिन प्रबंधन के पूर्व के कार्यो व विस्थापित गांव की उपेक्षा को देखते हुए ग्रामीण सोचने को विवश हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में कई गांव को विस्थापित किया गया, लेकिन आजतक उनके विकास व सुविधा के लिए कोई कार्य नहीं हुआ। पेटपेट गांव को कालोनी बनाकर पुनर्वास दिया गया। लेकिन आज तक पूरी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई। रोहनिया टांड को पुनर्वास देकर बिरसानगर में बसाया गया। यहां भी आजतक कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं दिया गया। खदान विस्तारीकरण को लेकर प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों को अबतक सटीक जानकारी नहीं दिया गया है। प्रबंधन को गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर जानकारी देना होगा कि रोहिणी करकट्टा ओसीपी को लेकर उसका विस्थापन, पुनर्वास सहित अन्य कार्ययोजना क्या है। प्रबंधन को विस्थापित को मिलने वाले सुविधा के बारे में सही बात बतानी चाहिए। संचालन अमृत भोगता ने किया।

### भारतीय जनता पार्टी सिल्ली मंडल ने अंचल कार्यालय का किया घेराव व प्रदर्शन



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन सिल्ली प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण में राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी सिल्ली प्रखंड एवं पतराहातू मंडल के द्वारा एकदिवसीय प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव व प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम से ज्ञापन भी सौपा गया। कार्यक्रम में प्रभारी मनोज चौधरी उपस्थित हुए एवं पतराहातू मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर प्रजापति, दोनों मंडल के पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष एवं भाजपा के सैकड़ों सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शादाब अंसारी ने जीता रांची ओपन बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का खिताब



**चान्हो।** प्रखण्ड के मसमानो निवासी शादाब अंसारी को रांची ओपन बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में 70 किलोग्राम में मिस्टर रांची का खिताब मिला है। शादाब अंसारी भाजपा नेत्री सोनी तब्बसुम और सफीक अंसारी का बेटा है। खिताब जीतने के बाद शादाबने कहा कि प्रतिभा ग्रामीण क्षेत्रों में भरी पड़ी है। बस उसे मौका देने की जरुरत है। वहीं मसमानो समेत पूरा क्षेत्र में इस जीत से खुश हैं। चान्हो और रांची की खेल गतिविधियों से जुड़े लोगों को शादाब की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

### राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया घेराव




**चान्हो।** भाजपा चान्हो और बीजुपाड़ा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में राज्य में व्यापत भ्रष्टाचार के विरुद्ध सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अबुआ आवास में लाभुकों से मन चाहा पैसा लिया जा रहा, बालू नहीं मिल रहा, जमीन जिसका सारा कागजात होते हुए भी बिना पैसे के कोई कर्मचारी आगे नहीं बढ़ाता और भी कई भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर प्रदेश से आये वक्ताओं ने अपनी नाराजगी जाहिर की। साथ ही मंडल के भी कई बक्ताओं ने हुंकार भरी और वर्तमान सरकार के प्रति भारी रोष दिखाया । वक्ताओं ने कहा अधिकारी और दलाल होश में आ जाये नहीं तो भाजपा का सरकार आते ही चिन्हित कर के सभी अधिकारियों को जेल में भेजने का कार्य करेगी। छोटा हो बड़ा जो भी अधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त होगा कोई बक्सा नहीं जायेगा कार्यक्रम समाप्ती के बाद सभी ने अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौपा।। वही दूसरी ओर मांडर प्रखण्ड के मांडर मंडल खदी उराँव की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया मंच संचालन पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष रामबालक ठाकुर ने किया।

### हाई कोर्ट ने रांची नगर निगम से पूछा- गर्मी में रांची में पेयजल की समस्या न हो, इसके लिए क्या है प्लान ?

**रांची।** रांची के जलस्रोतों के अतिक्रमण एवं रांची शहर के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने रांची नगर निगम से मौखिक पूछा कि गर्मी में रांची में लोगों को पेयजल की समस्या न हो, इसके लिए क्या प्लान है? कोर्ट ने कहा कि अवैध डीप बोरिंग पर नियंत्रण किया जाये, ऐसा करते पकड़े जाने वालों पर जुमार्ना भी लगाया जाए। अवैध डीप बोरिंग करने वाले वाहन को भी जब्त करें। कोर्ट ने पूछा कि गर्मी में बोरवेल सूख जा रहे हैं, इसे दुरुस्त रखने के लिए रांची नगर निगम की क्या प्लानिंग है, अपार्टमेंट एवं भवनों पर वाटर हार्वेस्टिंग पर अबतक क्या कदम उठाए गये? अवैध बोरिंग रोकने के लिए रांची नगर निगम की क्या योजना है? मामले की सुनवाई अगले सोमवार को निर्धारित करते हुए इन बिंदुओं पर रांची नगर निगम से स्पष्ट जवाब मांगा है। कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक पूछा कि राजधानी के जल स्रोतों जैसे कांके डैम, हटिया डैम एवं गेतलसूद डैम के कैचमेंट इलाके में जो अतिक्रमण है उसे हटाने के लिए क्या किया गया? इस पर सरकार की ओर से कहा गया कि कैचमेंट एरिया से अतिक्रमण हटाने के लिए सरकार की ओर से फंड दिया गया है। सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से कैचमेंट एरिया के आसपास अतिक्रमण की जानकारी ली जायेगी। इस पर कोर्ट ने कहा कि ऐसा करने में तीन से चार माह का समय लग जायेगा तब तक गर्मी खत्म हो जायेगी। कोर्ट ने कि कहा कि गर्मी में पानी की समस्या पर कोर्ट लगातार मॉनिटरिंग करेगा। रांची के जल स्रोतों यथा कांके डैम, हटिया डैम एवं रुक्का डैम की जमीन का अतिक्रमण किये जाने के मामले में भी कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें कई सुनवाइयों में कोर्ट ने राज्य सरकार को कई दिशा निर्देश दिये थे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने रांची से किया 'आईएमवेरिफाइडवोटर' अभियान का शुभारंभ

# मतदान करना हम सब का अधिकार और कर्तव्य : रवि

### हजारों आम और खास मतदाताओं ने सूची में अपना नाम देखकर किया सत्यापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सोमवार को आईएमवेरिफाइडवोटर अभियान का शुभारंभ राजधानी रांची के एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जांचने के लिए जागरूक करना है। ज्ञात हो कि इसके तहत सभी जिलों के बूथों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची प्रदर्शित किया जा रहा है। साथ ही, मतदाताओं को बताया जा रहा है कि वे वोटर हेल्पलाइन एप, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय झारखंड की वेबसाइट एवं भारत निर्वाचन आयोग के वोटर पोर्टल पर जाकर भी अपना नाम देखकर सत्यापित कर सकते हैं।

रांची में अभियान के शुभारंभ के अवसर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान करना हम सब का अधिकार और कर्तव्य है। मतदाता वोटर आईडी की अनुपलब्धता में 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर भी वोट कर सकते है। किंतु, जो सबसे जरूरी अनिवार्यता है, वह है मतदाता सूची में नाम होना। अगर वोटर लिस्ट में किसी का नाम नहीं है, तो वह मत देने के अधिकार से वंचित हो जाता है। उन्होंने कहा कि अभी भी समय है, लोग अपना नाम वोटर लिस्ट में चेक कर लें, अगर किसी प्रकार की त्रुटि या विसंगति है तो उसे दूर करवा लें, ताकि मतदान के दिन कोई दिक्कत नहीं हो। रांची के कार्यक्रम में प्रशासक रांची नगर निगम अमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, अवर सचिव देव दास दत्ता, उपसमाहर्ता भूमि सुधार मुकेश कुमार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन सहित रांची जिले के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।




### मुख्यालय से पदाधिकारियों को भेजा गया था जिलों में

रांची में मुख्य कार्यक्रम के अलावा जिलों में भी इस अभियान की देखरेख के लिए यहां से अधिकारियों को भेजा गया था। कोल्हान क्षेत्र में निरीक्षण हेतु संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, पलामू क्षेत्र के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, खूंटी के लिए ओएसडी श्रीमती गीता चौबे, कोडरमा के लिए अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, संथाल क्षेत्र के लिए एस एन जमील को जिम्मेदारी दी गयी थी।

### सभी जिलों में चला सोशल मीडिया अभियान

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के आदेश के आलोक में राज्य के सभी जिलों में सोशल मीडिया अभियान चलाया गया। इसमें हजारों मतदाताओं ने अपना नाम मतदाता सूची में देखकर सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की सूचना पोस्ट की कि उन्होंने अपने नाम का सत्यापन कर लिया है।**

## साहित्योदय ने 24 घंटे तक शिवायन अखंड काव्यार्चन कर बनाया कीर्तिमान

रांची। अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति न्यास 'साहित्योदय' ने एक और कीर्तिमान स्थापित करते हुए 24 घंटे तक देवाधिदेव महादेव पर मौलिक रचनाओं की अखंड प्रस्तुति का शिवायन अखंड काव्यार्चन किया। इसमें देश-विदेश के सैकड़ों रचनाकारों ने भाग लिया। प्रसिद्ध गीतकार डॉ बुद्धिनाथ मिश्र ने साहित्योदय के प्रयासों की सराहना की और इसे स्वर्णिम युग का प्रारंभ बताया। साहित्योदय की व्यवस्थापक किशोरी भूषण ने सरस्वती वंदना की। अध्यक्ष पंकज प्रियम ने कहा कि जन रामायण और कृष्णायन के बाद शिवायन का यह प्रकल्प सबके सहयोग से ही संभव हो रहा है। काव्यार्चन को 24 संचालकों, 8 संयोजक और 4 मॉनीटर ने मिलकर पूरा किया । बेबाक जौनपुरी, अजय अंजाम सहित सैकड़ो लब्धप्रतिष्ठ रचनाकार ऑनलाइन जुड़े। 'शिवायन' ग्रंथ का विमोचन ऋषिकेश में प्रस्तावित भव्य साहित्य महोत्सव में किया जाएगा। यह जानकारी डॉ रजनी चंदा ने दी।

## न्यूज बॉक्स

### मतदान जागरूकता फैलाने को बीआईटी लालपुर में 'सिविक क्वेस्ट' प्रतियोगिता




**रांची।** एनएसएस ने सोमवार को छात्रों के बीच मतदान जागरूकता फैलाने के लिए बीआईटी, लालपुर में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 'सिविक क्वेस्ट' का आयोजन किया। क्विज में कई दिलचस्प राउंड थे जैसे एमसीक्यू, पिक्टोरियल रेफरेंस, रैपिड फायर राउंड इत्यादि। इस कार्यक्रम में दो-दो की बारह टीमों ने भाग लिया। प्रथम स्थान पर अभिनव और आशीष आए। दीप्ति और रितिका को दूसरा स्थान तथा ऋषभ और प्रणव को तीसरा स्थान मिला। निकिता, कृषप्रीत, अर्पिता, स्नेहा, शानवी और अन्य स्वयंसेवकों ने डॉ एआर श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। डॉ एसएन सहदेव और डॉ संजय कुमार ने जज की भूमिका निभाई।

### झारखंड सरकार लाखों छात्रों की भावनाओं और भविष्य से खेल रही है : ओम वर्मा




**रांची।** आजसू पार्टी के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में सोमवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें आजसू के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा और प्रदेश महासचिव विशाल महतो को सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्र संघ के विस्तार और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि जेएसएससी (झारखंड कर्मचारी चयन आयोग) की सीजीएल (कॉमन ग्रैजुएट लेवल) परीक्षा के पेपर लीक मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग को सरकार ने दरकिनार कर राज्य के लाखों छात्रों की भावनाओं और भविष्य से खेलने का काम किया है। सरकार जब तक इस मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से नहीं कराती है, तब तक आजसू शांत नहीं बैठेगी। बैठक से पूर्व झारखंड आंदोलन के अगुआ नेता वीर शहीद सुनील महतो के बलिदान दिवस पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में मंच संचालन जमाल गद्दी ने की, जबकि धन्यवाद ज्ञापन दीपक दुबे ने किया।

### सेंट जेवियर्स कॉलेज के छात्रों की डाक्यूमेंट्री फिल्म को मिला सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्रों ने गोस्सनर कॉलेज में आयोजित सिने फेस्ट फिल्म महोत्सव में अपने वृतचित्र 'दुरंग' और 'एमटीबी फ्री स्टाइल' की स्क्रीनिंग कर पहला स्थान और दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्रों ने कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर नबोर लकड़ा से मुलाकात की और अपने वृतचित्र के बारे में बताया। विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्राचार्य डॉ नबोर लकड़ा ने सभी का साधुवाद किया और बताया कि मीडिया जगत में बने रहने के हर दिन कुछ अलग तरह कि सोचने और प्रदर्शित करने की जरूरत पड़ती है। तब ही भीड़ से कुछ अलग किया जा सकता है। विभाग के छात्रों ने दो ग्रुप बनाकर वृतचित्र बनाने के कार्य को संपादित किया। वृतचित्र 'दुरंग' को बनाने में अंतिम सत्र की अर्पणा सिंह, गीतिका गोप, स्वाति बारा, अभिषेक एक्का, प्रशांत तिर्की, अनुष्का मरांडी, नैंसी उरांव व आस्था उरांव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, 'एमटीबी फ्री स्टाइल' के निर्माण में जॉय कुजूर, आंचल, जॉन खलखो, अदनान उस्मानी, अभिजीत टोप्पो, ने अहम भूमिका निभाई।

### शिव की महिमा अपरंपार : शिव प्रकाश सिंह

**रांची/कांके।** पिठोरिया में चल रहे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय के 12 दिवसीय महाशिवरात्रि द्वादश ज्योतिर्लिंग मेला के चौथे दिन सोमवार को भगवान कि विधिवत आराधना की गई। इस अवसर पर सैंकड़ो लोगो ने द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए। चौथे दिन के संध्या महाआरती में शिक्षाविद श्री प्रकाश सिंह एवं स्वर्णरेखा ग्रुप सचिव सिद्धार्थ कुमार सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर दोनों ने भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



मौके पर संस्था कि संचालिका बीके राजमती ने कहा कि देवों के देव महादेव हैं। इस 12 दिवसीय द्वादश ज्योर्तिलिंग मेले में सभी शिव के भक्त शिव की भक्ति में मग्न हैं। रोज सैंकड़ो लोग इस मेले में अपनी हजारी लगा रहे हैं। उन्होंने ने लोगों से आग्रह भी किया कि लोग यहां कर अपने आप को शिव की आराधना में लगा कर पुण्य के भागी बन सकते है। इस मेले के सफल आयोजन में बीके राजमती, समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी, संपति देवी,लीला देवी, ऊर्मिला देवी, यशवंत कुमार आदि कई लोग दिन-रात अपनी सेवा दे रहे हैं।

### राजयोग से होता है विकृति का शुद्धिकरण



**रांची।** महाशिवरात्रि को लेकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान, हरमू रोड के तत्वावधान में केतारीबगान घाट रोड, साहू जनरल स्टोर वाली गली में सोमवार को आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सच्चिदानंद पांडेय और महादेव मंदिर केतारीबागान के पुजारी सुरेश्वर ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि मानव मस्तिष्क की विकृति से समाज के लिए समस्याएं खड़ी हुई हैं और राजयोग द्वारा उसके शुद्धिकरण से ही वे दूर होंगी। आज सभी की इच्छा विकृतियों को नष्ट करके सुंदर समाज निर्मित करने की है। जब बुराइयों की वृद्धि व धर्म की अवहेलना होने लगती है, तब सृष्टि का संतुलन संभालने के लिए ईश्वरीय शक्ति सक्रिय होती है। यही ईश्रीय शक्ति ईश्वरीय विश्वविद्यालय के माध्यम से युग परिवर्तन का दिव्य कर्तव्य रही है, जिसका यादगार पर्व शिवरात्रि है। आत्म विस्मृति से पुनः आत्म स्मृति में मानवों को लाना ही शिव द्वारा उद्घोषित क्रांति का लक्ष्य है एवं इसमें ही मानव की सभी समस्याओं का समाधान है।

ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी निर्मला बहन ने कहा, परमात्मा अवतरण की इस 88वीं शिवरात्रि व इससे प्रारंभ होने वाले वर्ष का एक विषेष महत्व है, क्योंकि तमोगुणी, दुखी व अशांत सृष्टि के परिवर्तन की भूमिका अब तैयार हो गयी है। यह ऐसा समय है जब शिव पिता परमात्मा का संदेश संसार की मनुष्य आत्माओं को सुना सकेंगे। विश्व परिवर्तन कई प्रकार के मानवी कुकृत्यों व दैवी आपदाओं का मिलाजुला फल होगा।

## एक नजर

### रांची शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण

**रांची।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अब ट्रैफिक एसपी और ट्रैफिक डीएसपी के नेतृत्व में अभियान को तेज कर दिया गया है। पुलिस मुख्यालय से ट्रैफिक व्यवस्था के लिए दिए गए होमगार्ड के जवानों को भी पुलिस लाइन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा, सोमवार को रांची शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर ट्रैफिक चेकिंग अभियान भी चलाया गया।

### राहत इंदौरी , मुनव्वर राणा व सिद्दीक मुजीबी को कवि शायरों ने दी श्रद्धांजलि

**रांची।** रांची के कवि एवं शायरों ने उर्दू साहित्य के मशहूर सितारे राहत इंदौरी, मुनव्वर राणा एवं सिद्दीक मुजीबी को एक समारोह में श्रद्धांजलि दी। समारोह की अध्यक्षता कवि विजेंद्र कुमार ने की। मुख्य अतिथि नसिर अफसर तथा संचालन नेहाल हुसैन सरैयावी ने किया। मौके पर कवि एवं शायर दिलशाद नजमी, प्रवीण परिमल, शालिनी नायक, सदानंद सिंह यादव, चंद्रिका ठाकुर देशदीप, डॉ महफूज आलम महफूज सहित अनेक कवि एवं शायरों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### इंटरनेशनल लाइब्रेरी एंड कल्चरल सेंटर मेंसंगीत की एक शाम

**रांची।** इंटरनेशनल लाइब्रेरी एंड कल्चरल सेंटर ने रांची के संगीत प्रेमियों के लिए अपनी आवधिक संगीत बैठकों की एक और शाम का आयोजन किया। यह एक सहभागी और संवादात्मक कार्यक्रम है। संगीत की एक शाम बिताने के लिए लगभग 20 लोग एक साथ आए। उनमें से कई ने गजल, शास्त्रीय, गैर-फिल्मी गीत गाए। वहां कोई पेशेवर गायक नहीं थे। यह पूरी तरह से शौकिया बैठक थी और व्यस्त लोगों के लिए बहुत आरामदायक और मनोरंजक थी।

# प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग रेगुलेशन का प्रस्ताव तैयार

## स्मार्ट मीटर तीन माह का बिल सब्सीडी कैलकुलेट कर भेजेगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा 50 प्रतिशत स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाये जा चुके हैं । साथ ही मुफ्त बिजली व्यवस्था के लिए स्मार्ट मीटर में एडवांस तकनीक का सॉफ्टवेयर लगाया गया है। जिसके तहत तीन माह में भी बिजली का बिल आने पर तीन माह की रीडिंग को स्मार्ट तरीके से कैलकुलेट करेगा। यदि पहले माह 125 यूनिट बिजली की खपत होती है, दूसरे माह 130 यूनिट तथा तीसरे माह 125 यूनिट बिजली की खपत हुई है, तो सिर्फ दूसरे माह का ही पूरा बिल उपभोक्ता को चुकाना पड़ेगा। बिल को व्हाट्सएप नंबर अथवा मैसेज के द्वारा भेजा जाएगा। इसके लिए जिस मोबाइल नंबर को जेबीवीएनएल में रजिस्टर्ड किया गया है, उस नंबर पर मैसेज जाने के बाद बिजली का रिचार्ज करना होगा। निगम ने साइबर क्राइम को भी ध्यान में रखते हुए उपभोक्ताओं को सुविधा दी है कि हैप्पी आवर में बिल बकाया रहने पर भी बिजली नहीं काटी जाएगी। विभाग ने बताया कि शाम 5 बजे से सुबह 6 बजे तक हैप्पी आवर होगा। ऐसे में ठगी की संभावना कम हो जाती है क्योंकि बिल भुगतान करने से पहले एक अलर्ट मैसेज की सुविधा दी गई है, जो जेबीवीएनएल द्वारा भेजा जाएगा।



### रेगुलेशन में क्या होगा खास

- स्मार्ट प्रीपेड मीटर में गड़बड़ी होने पर उसकी जांच कर सकते हैं।
- उपभोक्ता की शिकायत पर 7 दिनों में मीटर टेस्ट की रिपोर्ट मिलनी है।
- बिजली की खपत संबंधित डाटा उपभोक्ता को वेबसाइट, मोबाइल एप या एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध होगा। स्मार्ट मीटर लगने पर किसी प्रकार की सिक्योरिटी डिपॉजिट नहीं ली जाएगी।
- पोस्टपेड कनेक्शन से प्रीपेड किए जाने पर पूर्व से उपभोक्ता द्वारा जमा की गई सिक्योरिटी मनी को एडजस्ट किया जाएगा।
- उपभोक्ताओं को प्रीपेड मीटर रिचार्ज करने के लिए विभिन्न ऑनलाइन मोड की सुविधा होगी।
- मिनिमम बैलेंस होने पर उपभोक्ता को मोबाइल पर सूचना मिलेगी।

प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग रेगुलेशन आम लोगों को ध्यान में रख कर तैयार किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर में लगा सॉफ्टवेयर अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। इन तमाम व्यवस्थाओं से उपभोक्ताओं को काफी लाभ मिलेगा। साथ ही नए कनेक्शन के लिए जो नॉमिनल चार्ज लगता है वह अनिवार्य है।



**पीके श्रीवास्तव, जीएम बिजली वितरण निगम लिमिटेड**

उपभोक्ता को अलग-अलग रिचार्ज प्लान उपलब्ध होगा। मिनिमम बैलेंस का निर्धारक लोड के आधार पर वितरण कंपनी करेगी। उपभोक्ता का बैलेंस खत्म हो जाता है और वह रिचार्ज नहीं करता है तो बिजली आपूर्ति बंद करने का प्रावधान होगा। उपभोक्ता को 20 प्रतिशत बैलेंस के बाद तीन बार अलर्ट भेजा जाएगा। प्रीपेड बिलिंग में लाइसेंसी के पास मिनिमम रिचार्ज फिक्स्ड चार्ज, कंजप्शन चार्ज या अन्य किसी प्रकार के चार्ज जो लागू हैं तो उसको भी सिस्टम में लाना होगा।




## फाइलेरिया एमडीए कार्यक्रम के लिए डीसी ने दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची समाहरणालय के ब्लॉक-ए स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एमडीए (फाइलेरिया) कार्यक्रम-2024 की सफलता के लिए जिला टास्क फोर्स की द्वितीय बैठक हुई। बैठक में सिविल सर्जन (सदर) रांची, डॉ प्रभात कुमार, जिला वीवीडी पदाधिकारी, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी रांची, प्रखंड समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, पीसीआई पिरामल फाउंडेशन, एफएलए एवं जिला वीवीडी सलाहकार एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों की भूमिका एवं अब तक की उपलब्धि की समीक्षा की। इस दौरान संबंधित अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि एमडीए (मल्टी ड्रग एज्यूम) कार्यक्रम में 75 प्रतिशत लोगों को दवा का सेवन कराया गया है। उपयुक्त रांची ने संबंधित सभी अधिकारी को शहरी क्षेत्र में कार्यक्रम की विस्तार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसमें स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को निर्देश दिया गया कि अप्रैल के प्रथम सप्ताह से छूटे हुए सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा का सेवन कराया जाना है। संबंधित अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि 16,85,994 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा चुकी है।

# हिनू में कंस्ट्रक्शन साइट की दीवार गिरने से दो बच्चों की हुई मौत






**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के हिनू मोहल्ले में सोमवार सुबह एक कंस्ट्रक्शन साइट की दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर दो बच्चों की मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने हिनू चौक को जाम कर दिया है। बताया गया कि हिनू में यूको बैंक के पास एक बिल्डिंग निर्माण का काम चल रहा है। सोमवार को अचानक से हो रही लगातार बारिश के बीच अचानक निमार्णाधीन दीवार गिर गई। वहां मौजूद दो बच्चे दब गए। मलबा हटाकर उन्हें निकाला गया, लेकिन हॉस्पिटल ले जाने के पहले ही दोनों की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग जुट आए। बच्चे इसी मोहल्ले के रहने वाले थे। उनके घरों में कोहराम मचा है। घटना के विरोध और मृत बच्चों के परिजनों को मुआवजे की मांग को लेकर स्थानीय लोग सुबह करीब दस बजे सड़क पर उतर आए और हिनू चौक को जाम कर दिया। इस वजह से सीबीएसई बोर्ड के परीक्षार्थियों और एयरपोर्ट की तरफ जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## जेनेटिक्स बीमारियों की पहचान के लिए नैनोटेक्नोलॉजी है जरूरी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिम्स में दुर्लभ बीमारी दिवस के अवसर पर रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राज कुमार ने कहा कि हमें उन बीमारियों को अनकोड करना चाहिए, जो दुर्लभ हैं। क्योंकि, सामान्य बीमारियों के असामान्य लक्षण, असामान्य बीमारियों के आम लक्षण होते हैं। नैनोटेक्नोलॉजी और जीनोम एवं जेनेटिक्स दुर्लभ बीमारियों की पहचान के लिए एक अहम टूल है। इसका लाभ बीमारियों की पहचान और इसके उपचार में काफी मददगार है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा की क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रशिक्षु चिकित्सकों में उत्सुकता, समर्पण और बुनियादी सिद्धांतों को जानने के भाव होने चाहिए, तभी वे इस क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे। वहीं, डॉ आरएन शर्मा, उप निदेशक सह नोडल पदाधिकारी, राज्य बाल स्वास्थ्य सेल ने कहा कि दुर्लभ बीमारी को ऑरफन डिजीज के नाम से भी जाना जाता है। हम दुर्लभ बीमारियों से अपरिचित हैं। इसलिए इस क्षेत्र में अनुसंधान की भी कमी है। उम्मीद है कि निकट भविष्य में इन दुर्लभ बीमारियों का बेहतर निदान और उपचार हो सकेगा। साथ ही, इन दुर्लभ बीमारियों के विषय में लोगों में जागरूकता भी आएगी।

## छात्र आजसू ने राज्यपाल के नाम सौंपा मांग पत्र

# विवि में विद्यार्थियों से हो रही मनमानी वसूली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को राजभवन के सचिवालय में राज्यपाल सह कुलाधिपति के नाम पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। इसमें रांची विश्वविद्यालय में गिरते हुए शिक्षा स्तर एवं छात्र-छात्राओं से मनमाने तरीके से पैसे की उगाही का जिक्र किया गया है।

मांग पत्र सौंपते हुए रांची विश्वविद्यालय के छात्र आजसू अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि रांची विवि प्रशासन शिक्षा के स्तर को सुधारने के बजाय मनमाने तरीके से छात्र-छात्राओं से पैसे वसूलने में लगा हुआ है। पिछले सत्र में यूजी और पीजी में छात्र-छात्राओं के नामांकन की संख्या में भारी कमी आई है, पर इस ओर किसी का ध्यान नहीं है।

अभिषेक शुक्ला ने मीडिया से कहा कि जब से रांची विश्वविद्यालय का कार्य प्राइवेट एजेंसी एनसीसीएफ ने संभाला है, तब से परीक्षा शुल्क को 600 से बढ़कर 800 रुपये कर दिया गया है। आखिर इस 200 रुपये की वृद्धि का फायदा किसे पहुंच रहा है। मेंटेनेंस के नाम पर विश्वविद्यालय द्वारा हर सत्र में प्रत्येक विद्यार्थी से पैसे लिए जाते हैं, लेकिन महाविद्यालय की स्थिति जस की तस है। मेंटेनेंस के नाम पर महाविद्यालय में सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। वहीं, स्पोर्ट्स के नाम पर विश्वविद्यालय द्वारा 100 की वृद्धि की गई। छात्र संघ चुनाव का शुल्क 10 से बढ़कर 100 कर दिया गया, परंतु पिछले 5 वर्षों में एक बार भी छात्र संघ चुनाव नहीं हुआ है। उन्होंने मांग की कि चुनाव शुल्क के बढ़े हुए 90 रुपये अविलंब वापस लिया जाए। इन सभी मामलों को लेकर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा को कई बार अवगत कराया गया है, परंतु आश्वासन पर आश्वासन मिलने के अलावा और कुछ नहीं हो रहा है। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि छात्र आजसू राज्यपाल सह कुलाधिपति से आग्रह करती है कि इन सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए इन पर उचित कार्रवाई करें।




वहीं, मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के छात्र आजसू के वरीय उपाध्यक्ष दीपक दुबे ने राज्यपाल से आग्रह किया कि छात्र-छात्राओं के हित पर ध्यान दें। छात्र संघ चुनाव की घोषणा अविलंब कराया जाए।

प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से छात्र आजसू के रांची विवि के वरीय उपाध्यक्ष दीपक दुबे, बिपिन यादव, मारवाड़ी महाविद्यालय अध्यक्ष विशाल कुमार यादव, पीजी विभाग से अकाश नयन, मनजीत, प्रियांशु, अभिषेक साहू, मंजीत, रोहित चौधरी आदि शामिल थे।

# कल्पना संभालेगी सोरेन परिवार की राजनीतिक विरासत?

**ओडिशा राज्य के मयूरभंज जिले की रहने वाली हैं कल्पना सोरेन**

**रांची से की है ग्रेजुएशन की पढ़ाई**

**सैनिक परिवार में जन्मी कल्पना ने इंजीनियरिंग और एमबीए किया है**



**उपेन्द्र गुप्ता। रांची।**
आज से 51 साल पूर्व 4 मार्च 1973 को गिरिडीह के जिस धरती से दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने झामुमो की स्थापना की। उसी धरती से आज 4 मार्च 2024 को उनकी छोटी बहू और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने राजनीति में एंट्री की है। कल्पना के राजनीति में एंट्री के समय खुद हेमंत तो नहीं थे लेकिन उनके परिवार के सदस्य के आलावा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, उनके मंत्रिमडल के कई सदस्य, झामुमो के दर्जनों बड़े नेता और हजारों कार्यकर्त्ता मौजूद थे। कल्पना के राजनीति में प्रवेश का झामुमो समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। समर्थकों और कार्यकर्ताओं के उत्साह को देख कर कल्पना मंच पर काफी भावुक भी हो गयी और हेमंत सोरेन को याद कर कहा कि झारखंड ना झुका है और ना झुकेगा।

**सरफराज के इस्तीफे के बाद आयीं चर्चा में :** गांडेय के झामुमो विधायक सरफराज अहमद ने अचानक 31 दिसंबर को विधानसभा कि सदयता से इस्तीफा दे दिया। तभी राजनीतिक गलियारों में कल्पना सोरेन को सीएम बनाने की चर्चा से शुरू हो गयी। उस समय ऐसा कहा गया था कि कल्पना सोरेन के लिए आगे का रास्ता बनाने के लिए सरफराज अहमद की गांडेय सीट खाली कराई गई है। कल्पना सोरेन मूल रूप से ओडिशा की रहने वाली है, इसलिए कल्पना झारखण्ड के किसी भी आरक्षित सीट से चुनाव नहीं लड़ सकती है। यही कारण है कि कल्पना सोरेन के लिए सुरक्षित सीट का चुनाव किया गया।

## सरकार में चंपाई और पार्टी में कल्पना होंगी चेहरा





सोरेन परिवार में सत्ता के कई और दावेदार हैं। जिनमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विधायक भाभी सीता सोरेन और छोटे भाई बसंत सोरेन भी शामिल हैं। इसके बावजूद कल्पना सोरेन की राजनीति में प्रवेश से झारखंड के राजनीतिक गलियारों में सबसे अधिक चर्चा बना हुआ है। राजनीति में आने का फैसला खुद कल्पना सोरेन ने की है या फिर सोरेन परिवार की सियासी रणनीति का कोई हिस्सा है? मन जा रहा है कि कल्पना की इस सियासी एंट्री के पीछे दिशोम गुरु और हेमंत सोरेन की सोची समझी रणनीति हो सकती है। जिस तरह हेमंत की गिरफ्तारी के बाद आदिवासी मूलवासी समाज में जो सहानुभूति की लहर उमड़ती दिख रही है। उस सहानुभूति की लहर को वोट में रुपांतन्तित करने का हथियार कल्पना सोरेन की सियासी एंट्री हो सकती है। यह भी कहा जा रहा है कि सोरेन परिवार ने एक सोची समझी रणनीति तैयार की है। जिसमें एक तरफ चंपाई सोरेन राज्य में सरकार का चेहरा होंगे तो दूसरी तरफ कल्पना झामुमो की चेहरा होंगी। ओडिशा के मयूरभंज की रहने वाली है कल्पना पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का जन्म 1976 में एक आदिवासी परिवार में हुआ था लेकिन मूलरूप से वह के उड़ीसा मयूरभंज जिले की रहने वाली हैं।

उड़ीसा में जन्मीं कल्पना सोरेन ने ग्रेजुएशन की पढ़ाई रांची में की थीं। कल्पना ने इंजीनियरिंग और एमबीए की पढ़ाई की है। पिछले कई वर्षों से कल्पना सोरेन रांची में एक प्राइवेट स्कूल का संचालन भी करती हैं। कल्पना बिजनेस और चैरिटी के काम से जुड़ी हैं और जैविक खेती से जुड़ी हैं।

हेमंत सोरेन से 7 फरवरी 2006 को कल्पना की शादी हुई थी। कल्पना और हेंमत सोरेंन के दो बच्चे हैं। कल्पना सोरेन अब तक राजनीति से दूरियां बनाए रखती थीं, लेकिन समय-समय पर सीएम हेमंत सोरेन के साथ कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी नजर आती थीं। शादी के वक्त हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन केंद्रीय कोयला मंत्री थे।

## करोड़पति हैं कल्पना सोरेन

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से वर्ष 2019 के चुनाव में निर्वाचन आयोग को दी गई जानकारी के अनुसार कल्पना सोरेन के पास 94 लाख कैश थी। जबकि बैंक खाते में 2 लाख 55 हजार रुपए हैं। एचएस फ्यूल में कल्पना सोरेन की ओर से 2 लाख रुपये निवेश किया गया है। वहीं डाकघर के खातों में 6 लाख 79 लाख रुपये जमा हैं। इसके अलावा एलआईसी और आईसीआईसीआई की 24 लाख की पॉलिसी ले रखी है। वहीं हेमंत सोरेन की कुल संपत्ति 8 करोड़ 51 लाख 74 हजार रुपये की थी। उनके नाम पर एक मारुति सियाज कार भी है, जिसकी कीमत 5 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है। कल्पना सोरेन के बैंक अकाउंट और अन्य निवेश के अलावा 24 लाख 85 हजार रुपये की कीमत की गोल्ड ज्वैलरी और 9 लाख रुपये से ज्यादा की चांदी है। इसके अलावा कल्पना सोरेन के नाम तीन कॉमर्शियल बिल्डिंग्स हैं, जिसकी कीमत 4.87 करोड़ रुपये बताई गई है। उनकी नेट वर्थ 10 करोड़ के आसपास है। शादी के बाद राजनीति से दूर रही कल्पना कल्पना का मायका राजनीतिक पृष्ठभूमि से नहीं है। कल्पना सोरेन लगातार पारिवारिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेती हैं। माना जाता है कि परिवार के भीतर उनकी महत्वपूर्ण भूमिका हैं। हालांकि सामाजिक कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी की वजह से वो लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं।

## सीएम बनते-बनते रह गयीं कल्पना

झामुमो विधायक के इस्तीफे के ठीक एक माह बाद 31 जनवरी 2024 को जब 31 हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया तो उनके सीएम बनने बात सच होने लगी। मुख्यमंत्री आवास में विधायकों की बैठक में कल्पना सोरेन को पहली बार विधायकों के साथ बैठी भी नजर आई। जिससे उनके सीएम बनने को और हवा मिली लेकिन इसी बीच भाजपा ने उस नियमों का हवाला देते हुए कहा कि विधानसभा का कार्यकाल एक साल से भी कम बचा हैं ऐसे में विधानसभा का उपचुनाव अब संभव नहीं है। विधानसभा के यही नियम कल्पना के सीएम बनने के राह में बाधक बन गया लेकिन हेमंत सोरेन ने बड़ी सफाई से कल्पना को मुख्यमंत्री बनाने की अफवाहों को खारिज कर दिया और उनकी जगह चम्पई सोरेन मुख्यमंत्री बन गये। एक तरफ भाजपा सियासत के मैदान में कल्पना सोरेन का स्वागत करने के बजाय हेमंत के हश्र से सीख लेने की नसीहत दे रही है।

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस और झामुमो की ओर से इसे लोकसभा चुनाव के पहले झामुमो के साथ ही पूरे महागठबंधन के लिए एक बड़ा सौगात बताया जा रहा है। झामुमो का दावा है कि अब कल्पना झारखंड के आम अवाम तक हेमंत के साथ हुई ज्यादतियों को ले जायेगी। आदिवासी-मूलवासी मतदाताओं के साथ ही राज्य की आधी आबादी और युवाओं को भाजपा की दमनकारी नीतियों का खुलासा करेगी। इस बात को सामने लायेगी कि कैसे भाजपा की जल जंगल और जमीन की लूट का प्रतिकार करने के कारण हेमंत को कालकोठरी में कैद कर सियासी बदले की कार्रवाई की जा रही है। वहीं भाजपा इस बात का ताल ठोक रही है कि लोकसभा चुनाव के परिणाम पर कल्पना की इस एंट्री का कोई असर नहीं होने वाला। झारखंड की जनता को सोरेन परिवार की तुलना में पीएम मोदी के वादे पर भरोसा है। मोदी की गारंटी ही भाजपा को सभी 14 सीटों पर विजय का वरमाला पहनायेगी।

## सोरेन परिवार पैसे के लिए करता है राजनीति : मरांडी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सोमवार को जो फैसला सुनाया है, उससे झारखंड के शिबू सोरेन परिवार की स्वार्थपूर्ति और पैसे की राजनीति का सच एक बार फिर उजागर हो गया है। सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि शिबू सोरेन के परिवार के लोगों ने एमएलए, एमपी बनकर पैसा लूटने का कोई अवसर नहीं छोड़ा है। यह परिवार पहले पैसा, जमीन, खान, खनिज लूटता है और फिर पकड़े जाने पर उसे वापस करने का नाटक करता है।

मरांडी ने मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली सात जजों की संविधान पीठ के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इस केस के शिकायतकताओं में वे स्वयं शामिल रहे हैं।

झारखंड से जुड़ा यह मामला 2012 के राज्यसभा चुनाव से जुड़ा है, जिसमें झामुमो विधायक सीता सोरेन के ठिकानों से पैसे बरामद हुए थे। सीबीआई ने उन पर आपराधिक मामला दर्ज किया था। सीता सोरेन ने अपने बचाव में हाईकोर्ट में अपील की। हाईकोर्ट में रद्द होने के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और सोमवार को मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित सात जजों की संविधान पीठ ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया।

मरांडी ने कहा कि यह फैसला कई मिथक को तोड़ने वाला है। चाहे सदन हो या कहीं और, यदि मामला आपराधिक है तो आपराधिक ही माना जायेगा। कोई पैसा लेकर सवाल पूछे या वोट दे, ये सभी अपराध हैं।

## एक बार फिर भाजपा उम्मीदवार की होगी जीत : मनीष जायसवाल



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने हजारीबाग लोकसभा सीट से सदर विधायक मनीष जायसवाल को उम्मीदवार घोषित किया है। इस बार नए उम्मीदवार पर पार्टी ने बड़ी उम्मीद जताई है। इस सीट से दो बार सांसद रहे जयंत सिन्हा ने लोकसभा चुनाव 2024 नहीं लड़ने का ऐलान किया था। जिसके बाद भाजपा ने मनीष जायसवाल को हजारीबाग लोकसभा सीट से उम्मीदवार घोषित कर दिया। उम्मीदवार बनाए जाने पर मनीष जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के शीर्ष नेताओं और राज्य कमेटी के प्रति आभार प्रकट किया। साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि हजारीबाग की जनता एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाने के लिए उसके उम्मीदवार को जिताएगी। हजारीबाग में भाजपा कार्यकताओं की बदौलत पिछले कई वर्षों से इसी पार्टी के सांसद रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन विकसित भारत बनाना है।

## हाई कोर्ट में विधायक सरयू राय की ओर से दायर जनहित याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** सारंडा के जंगलों में हो रही अवैध माइनिंग को बंद करवाने और पर्यावरण को बचाने के लिए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की ओर से दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई न्यायाधीश रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि सारंडा के जंगलों में कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद माइनिंग एक्टिविटी तो बंद हो गई मगर अत्यधिक लौह-अयस्क को खुले में छोड़ दिया गया है, जिससे पर्यावरण दूषित हो रहा है। सरकार इस मामले में टालमटोल कर रही है। पिछले एक साल से सरकार कोर्ट को गुमराह कर रही है। अभी तक माइनिंग किए हुए लौह-अयस्क वहीं पड़े हुए हैं, जिसपर अदालत ने मौखिक रूप से पूछा कि क्यों सरकार इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है? वहीं अदालत ने सरकार को आदेश दिया कि सरकार अगली तिथि के पहले स्थिति स्पष्ट करे, या तो लौह-अयस्क को बेचने की प्रक्रिया पूरी करे या फिर कोई ऐसी जगह (वन क्षेत्र के बाहर) चिन्हित करे, जहां इन लौह-अयस्क को डंप किया जा सके। अब इस मामले में अगली सुनवाई 20 मार्च को होगी। विधायक सरयू राय की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पक्ष रखा।

## झारखंड हाई कोर्ट में सांसद निशिकांत दुबे की पीआईएल पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में देवघर स्थित एम्स अस्पताल में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ऊर्जा विभाग के सचिव कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस आनंद सेन की बेंच में हुई। अदालत ने उन्हें एफिडेविट के माध्यम से यह बताने का निर्देश दिया कि एम्स में बिजली, पानी और अग्निशामक वाहन की निर्बाध व्यवस्था के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए एक सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है। इस मामले में सांसद निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पक्ष रखा। एम्स की ओर से अधिवक्ता शिवानी जालुका ने बहस की।

## चंपाई सोरेन पांच मार्च को जायेंगे गोड्डा

**गोड्डा।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन मंगलवार को जिला के महगामा अनुमंडल मुख्यालय जायेंगे। महगामा के महुवारा में ईसीएल द्वारा बनाए जाने वाले 300 बेड के अस्पताल का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा कई अन्य योजनाओं का भी शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

## आदित्य रंजन राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक के पद पर नियुक्त

**रांची।** झारखंड के पशुपालन निदेशक के पद पर पदस्थापित आदित्य रंजन को स्थानांतरित करते हुए राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक (सर्व शिक्षा अभियान) के पद पर नियुक्त किया गया है। इसके साथ आदित्य रंजन अगले आदेश तक निदेशक मध्याह्न भोजन प्राधिकार झारखंड तथा निदेशक झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची के पद पर अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इस संबंध में सोमवार को आदेश जारी किया गया है। पूर्व निदेशक किरण कुमारी पासी को पशुपालन निदेशक रांची के पद पर नियुक्त किया गया है।

## दस वर्षों का हिसाब देने हर क्षेत्र में जाएगी एलईडी रथ




**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
प्रदेश भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत एलईडी रथ को रवाना किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भाजपा की झंडा दिखाया। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रदेश के 14 लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर एलईडी रथों के माध्यम से जनता को जानकारी दी जाएगी कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने क्या-क्या जनकल्याणकारी कार्यक्रम किए। गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा के लिए मोदी सरकार समर्पित रही है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो प्रयास हुए हैं वह ऐतिहासिक है। कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में आमजन और विभिन्न प्रकार के संगठनों और संस्थाओं से सुझाव लेकर लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा के विकसित भारत संकल्प पत्र तैयार हो रहा है। कहा कि 9090902024 नम्बर पर मिस कॉल करके, नमो एप और सोशल मीडिया के माध्यम से भी आमजन और कार्यकर्ता अपने सुझाव दे सकते हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश मुख्यालय के बाद जिला मुख्यालयों पर एलईडी रथ यात्रा की शुरूआत की जायेगी।

प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में एलईडी रथ गांव-गांव, शहर-शहर जाएंगे। इस मौके पर जवाहर पासवान, सीमा पासवान, मनोज सिंह, हेमन्त दास, शिवपूजन पाठक, अशोक बड़ाईक, संदीप वर्मा, सीमा शर्मा, शोभा यादव, राजीव रंजन मिश्रा, प्रेम वर्मा, अरुण झा, अर्जुन राम, भूपेंद्र सिंह, जितेंद्र वर्मा, राजश्री जयंती, कमाल खान, लक्ष्मी चंद्र दीक्षित, मुकेश मुक्ता, लक्ष्मी कुमारी, गुरविंदर सिंह सेठीआदि थे।

# रास सीट के लिए झामुमो-कांग्रेस में खींचतान आदिवासी चेहरे पर भाजपा का फोकस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड में रिक्त हो रहीं राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव की घोषणा कर दी है। इन दोनों सीटों पर चुनाव के लिए 21 मार्च को मतदान होगा। इसी दिन शाम पांच बजे चुनाव परिणाम जारी कर दिया जायेगा। राज्यसभा सदस्य धीरज साहू तथा समीर उरांव का कार्यकाल तीन मई को खत्म हो रहा है। इन सीटों के लिए ही चुनाव होगा।

**11 मार्च को नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख :** राज्यसभा चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख 11 मार्च है और नाम वापस लेने की तारीख 14 मार्च है। अधिकारी ने बताया कि मतदान 21 मार्च को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक झारखंड विधानसभा परिसर में होगा और मतगणना उसी दिन शाम पांच बजे की जाएगी। 81 सदस्यीय राज्य विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के 47 विधायक हैं । बीजेपी के 26 और आजसू पार्टी के तीन विधायक हैं। 2 निर्दलीय विधायकों के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और भाकपा (माले) का एक-एक विधायक है। एक मनोनीत सदस्य भी हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन के 47 विधायकों में से झामुमो के 29, कांग्रेस के 17 और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का एक विधायक हैं।

**जीत के लिए 27 वोट की जरुरत :** झारखंड में राज्यसभा चुनाव में जीत के लिए प्रत्याशी को पहली प्राथमिकता की 27 वोट चाहिए। ऐसे में विधानसभा के अंदर सरफराज अहमद के इस्तीफे के बावजूद झामुमो के विधायकों की संख्या 29 है। ये संख्या एक उम्मीदवार जो जीत दिलाने के लिए पर्याप्त है। वहीं भारतीय जनता पार्टी के विधायकों की संख्या 26 हैं। सहयोगी दल आजसू के 03 विधायक के साथ ये संख्या 29 हो जाती है। निर्दलीय विधायक अमित यादव और सरयू राय का झुकाव भी भाजपा की ओर ही रहा है। जबकि महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन के बाद हुसैनाबाद के एनसीपी विधायक कमलेश सिंह अभी एनडीए फोल्डर में हैं ऐसे में अन्य निर्दलीय या छोटे दलों के विधायकों समर्थन की बात छोड़ दें तो भी भाजपा भी एक उम्मीदवार को जीता कर राज्यसभा भेजने की क्षमता रखती है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या 29 विधायक वाली पार्टी झामुमो अपने सहयोगी 17 विधायक वाली कांग्रेस के उम्मीदवार उतारने पर अपनी सहमति देती है या नहीं।

**आदिवासी चेहरे पर भाजपा और झामुमो की नजर :** राज्यसभा चुनाव के लिए अभी एनडीए और गठबंधन दोनों ने अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा नहीं की है, लेकिन कयास यही लगाये जा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए दोनों किसी आदिवासी चेहरे को ही प्रत्याशी बना सकती है। भाजपा की ओर से आशा लकड़ा और लुईस मरांडी का नाम चर्चा में है। वही कांग्रेस भी अपनी सीट पर दावेदारी कर रहा है, लेकिन उसे जीत के लिए झामुमो पर ही निर्भर रहना पड़ेगा । दूसरी तरफ झामुमो हेमंत सोरेन के पक्ष में उमड़ी लहर को देखते हुए अपनी पार्टी से किसी को प्रत्याशी बना सकती है।

## धीरज प्रसाद साहू और समीर उरांव का खत्म हो रहा कार्यकाल





बीजेपी के समीर उरांव और कांग्रेस के धीरज प्रसाद साहू का कार्यकाल 3 मई को खत्म हो रहा है। दोनों 2018 में राज्यसभा सांसद चुना गया था। वहीं बात करें धीरज प्रसाद साहू की तो वे कांग्रेस के बड़े नेता हैं। वे मूलरूप से लोहरदगा के रहने वाले हैं। धीरज साहू से जुड़ी कंपनियों पर हाल ही में आयकर विभाग ने छापेमारी की थी। रेड के दौरान 350 करोड़ रुपये से अधिक का कैश भी बरामद किया गया था। जिसके उनके उम्मीदवारी पर संशय है, जबकि समीर उरावं को भाजपा ने लोकसभा चुनाव में लोहरदगा सीट से प्रत्याशी घोषित कर दिया है।

## नॉर्थ कर्णपुरा प्लांट के दूसरे यूनिट का उद्घाटन

### टंडवा स्थित एनटीपीसी के 660 मेगावाट प्लांट का पीएम ने तेलंगाना से किया ऑनलाइन उद्घाटन



परियोजना के उद्घाटन में शामिल एनटीपीसी के अधिकारी।

**शशि पाठक। टंडवा (चतरा)।**
टंडवा प्रखंड के एनटीपीसी उत्तरी कर्णपुरा परियोजना के 660 मेगावाट वाले दूसरे यूनिट का सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के आदिलाबाद में आयोजित कार्यक्रम से ऑनलाइन उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया। उद्घाटन को लेकर टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित परियोजना के उड़ान स्टेडियम परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में परियोजना के पदाधिकारियों के अलावे प्रखंड के जनप्रतिनिधि शामिल थे। जहां पर प्रधानमंत्री के ऑनलाइन प्रसारण को देखा गया। इस दौरान दोपहर 12 बजे प्रधानमंत्री ने आदिलाबाद से उत्तरी कर्णपुरा परियोजना के साथ एनटीपीसी तेलंगाना सहित अन्य योजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन किया। बताया गया कि करीब 4609 करोड़ रुपए की लागत से परियोजना के दूसरे यूनिट का निर्माण हुआ है। जिसके ट्रायल की प्रक्रिया फरवरी के अंत में ही पूरी कर ली गई है। बताया कि ट्रायल के बाद भी अन्य प्रक्रियाएं बाकि हैं जिसके बाद दूसरे यूनिट से भी जल्द ही व्यावसायिक बिजली का उत्पादन शुरू किया जाएगा। गौरतलब है कि करीब 7526 करोड़ की लागत से बने परियोजना के पहले यूनिट का देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों ही बीते एक मार्च को धनबाद के सिंदरी में आयोजित जनसभा से राष्ट्र को समर्पित किया गया था। मौके पर परियोजना के एचआर प्रमुख अनिल चावला, सिनियर प्रबंधक सन्नी सेठ, जीएम फ्यूल रविन्द्र शर्मा, अभिषेक आनंद व अजय कुमार शुक्ला के आलावे सीओ राजेन्द्र दास, सुभाष दास, इश्वर पांडेय, महेश मुंडा व कामता मुखिया सबीदा खातुन सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### राज्य में लूट, भ्रष्टाचार अपहरण व बलात्कार चरम पर : बटेश्वर



**बरकट्ठा।** पूरे राज्य में लूट,भ्रष्टाचार, अपहरण व बलात्कार की घटनाएं पराकाष्ठा पर पहुंच गईं हैं। सरकार की नाकामी के कारण लचर कानून व्यवस्था है। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता ने बरकट्ठा के दौरे के क्रम में कही। उन्होंने कहा कि स्पेनिश महिला के साथ गैंगरेप और अमानवीय व्यवहार को लेकर राज्य सरकार ने झारखंड और देश को शर्मसार कर दिया है। घटना में संलिप्त सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट से सजा दिलाई जाए।

### पंचतत्व में विलीन हुए वरिष्ठ पत्रकार एपी प्रधान पुत्र ने दी मुखाग्नि



बरही। सोमवार को स्थानीय बरसोती नदी घाट पर खबर मंत्र के बरही संवाददाता दिवंगत ए पी प्रधान का अंतिम संस्कार किया गया. मुखाग्नि उनके पुत्र ने दी. अंतिम यात्रा में विभिन्न पत्रकार संगठन के खबरनवीश सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता, परिजन व स्थानीय लोग शामिल हुए. गौरतलब है कि स्वर्गीय प्रधान का रांची के एक निजी अस्पताल में रविवार को हृदय घात से निधन हो गया था. उनके निधन से क्षेत्र में शोक किश्त व्याप्त है. इससे पूर्व पत्रकार प्रधान के निधन की खबर पाकर बरही विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, स्थानीय पत्रकार सहित हजारीबाग के कई पत्रकार बरसोत पहुंचकर स्व. प्रधान का अंतिम दर्शन किया.मौके पर व्यवसायी संघ अध्यक्ष कपिल केशरी, झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा, दीपक पाठक, स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी, वरिष्ठ समाजसेवी विशुनधारी महतो आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

### बरलंगा में पुलिस ने शराब की भट्ठियों को किया ध्वस्त

**गोला।** सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड के निर्देश पर उत्पाद विभाग ने बरलंगा थाना पुलिस के सहयोग से पास स्वर्ण रेखा नदी के किनारे वृहत पैमाने पर अवैध रुप से संचालित महुआ शराब की 8 भट्ठियों में छापामारी कर ध्वस्त कर दिया। इस दौरान भारी मात्रा में देसी शराब व शराब बनाने का उपकरण बरामद किया गया। साथ ही 100 किलोग्राम महुआ व 8 लीटर लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। पुलिस को अपनी ओर आते देखकर धंधेबाज भागने लगे। इसके बाद नावाडीह केदला टांड़ निवासी चैता करमाली, दीपक करमाली व अन्य कई कारीबरियों के के घरों में छापामारी कर भारी मात्रा में देसी दारू बरामद कर नष्ट किया गया।

## भाजपा की नारी शक्ति वंदन यात्रा आज, तैयारी पूरी : विवेकानंद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
मिशन 4 सौ के पार पीएम मोदी की मैराथन दौड़, सोमवार को देश के सभी जिला मुख्यालयों में महिलाओं के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इसके तहत हजारीबाग जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रेणुका साहू के नेतृत्व में गैर राजनीतिक मोदी नारीशक्ति बंदन मैराथन दौड़ सुबह 8 बजे झील परिसर का चक्कर लगाकर पूरा किया गया।आज मंगलवार को महिलाओं द्वारा शक्ति बंदन यात्रा निकाली जाएगी । साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में जहां देश का चहू मुखी विकास हुआ है। वहीं हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की गई है। फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 4सौ पार का नारा बुलंद करते हुए ,सखी निर्माण कार्यक्रम के तहत हर बूथ स्तर पर पांच-पांच महिलाओं को जोड़ना है। पीएम मोदी के मैराथन दौड़ के तहत 7 दिन में 8 राज्यों का तूफानी दौरा होगा। यह दौरा 4 मार्च से 7 मार्च के बीच किया जाएगा। जिसमें तेलंगाना, तमिलनाडु, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर मुख्य राज्य है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ,प्रदेश कार्य समिति सदस्य बटेश्वर मेहता,भैया अभिमन्यु प्रसाद ,जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रेणुका साहू, पूनम देवी, संगीता अग्रवाल, सुशीला देवी, विनीता पासवान समेत कई अन्य उपस्थित हुए।

## आईसेक्ट विवि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

# पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी : डॉ मुनीष गोविंद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में आयोजित वार्षिक खेलकूद का समापन सोमवार को किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें फुटबॉल में साइंस एंड मैनेजमेंट विभाग की टीम ने बाजी मारी तो क्रिकेट में विज्ञान विभाग ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। वॉलीबॉल और कबड्डी में मैनेजमेंट विभाग विजेता बना। वहीं 100 मीटर दौड़ के पुरूष वर्ग में हरभजन यादव, राहुल कुमार व रोहित क्रमशः प्रथम, द्वीतिय व तृतीय स्थान पर रहे जबकि महिला वर्ग में सुगंधी, पूजा और राजमणि क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे पायदान पर रहे। शॉर्टपुट और डिस्कस थ्रो में ओम सिंह ने जीत दर्ज की जबकि जेवलिन थ्रो में प्रेम कुमार और टेबल टेनिस में अर्निश कुमार को विजेता घोषित किया गया। कैरम में छात्रों में विशाल और छात्राओं में साक्षी गुप्ता विजयी पताका लहराया। समापन के मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से सभी खेलों के लिए खेल शिक्षक आदित्य कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की जा रही है ताकि विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में यहां के विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर सके। डीएस डब्ल्यू डॉ एसआर रथ ने कहा कि यहां के विद्यार्थियों में सीखने की भावना है, जो पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में अव्वल बनाने में मददगार साबित होगा। स्पोर्ट्स कमिटी के चेयरमैन उदय रंजन ने कहा कि 20 से अधिक खेलों के लिए फिलहाल विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा, जिसका बेहतर परिणाम आने वाले समय में देखने को मिल सकते हैं।

# बिरहोर परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था करे प्रशासन : सुरजीत



**माइनिंग में जो ब्लास्टिंग होती है, उससे बहुत से घरों में दरार पड़ गयी है। अगर इसके उपाय नहीं किए गए तो जानें जा सकती हैं**

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
केरेडारी के पगार गांव में ऋतिक माइंस के नजदीक बिरहोर कॉलोनी में कुछ दिन पहले एक बच्चे की मृत्यु हुई थी। इसी संदर्भ में सोमवार को जिले के उपायुक्त को एक ज्ञापन राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के बैनर तले प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला ने सौंपा। ज्ञापन में श्री नाग वाला ने इंगित करते हुए कहा की लिखा है कि जब उनकी टीम घटनास्थल पर पहुंची तो पाया कि जिस बिरहोर बच्चे की मृत्यु हुई है उसका घर माइंस से मात्र 50 मीटर की दूरी पर है। जिस कारण पूरा बिरहोर परिवार प्रदूषण में रहने के लिए विवश है। धूल गर्दा से लोग त्रस्त हैं और यही कारण है कि लोग बीमार पड़ रहे हैं। यहां तक कि माइनिंग में जो ब्लास्टिंग होता है उससे भी बहुत से घरों में दरार पड़ गयी है। अगर जल्द ही इस पर कोई उपाय नहीं किया गया तो और भी जाने जा सकती है।इसी संदर्भ में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस ने उपायुक्त से आग्रह किया है कि जल्द ही उनके पुनर्वास की व्यवस्था हो उन्हें बेहतर सुविधा मिले और माइनिंग क्षेत्र से हटाकर उन्हें व्यवस्थित किया जाए और इसके लिए ऋतिक माइंस को भी दंडित किया जाए, यहां एक और झारखंड सरकार बिरहोरों को संरक्षित करने का काम कर रही है वहीं दूसरी ओर एनटीपीसी और रितिक माइंस के द्वारा इस तरह का किया गया कृत्य क्षमा योग्य नहीं है।कहा गया कि सभी राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के लोग बहुत जल्द ही इस मामले को लेकर सूबे के मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बातों को रखेंगे और उन्हें न्याय दिलाने का काम करेंगे।

### सरकार के विरोध में भाजपा का धरना-प्रदर्शन

## राज्य में कानून व्यवस्था बदहाल है : रघुवीर महतो




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड मुख्यालय परिसर में भाजपा मंडल इकाई बरकट्ठा और बेडोकला द्वारा राज्य सरकार के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।अध्यक्षता बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक व संचालन बेडोकला अध्यक्ष भोला प्रसाद ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि सह कार्यक्रम प्रभारी रघुवीर महतो ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बदहाल है, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहें हैं। सांसद प्रतिनिधि केदार साव ने कहा कि निरंतर गिरती कानून व्यवस्था से आदिवासी, युवा, महिला, किसान, व्यापारी सभी त्रस्त है। सरकारी अफसर शाही एंव लापरवाही के कारण प्रश्न पत्र को लीक कर दिया गया ।यह घोर लापरवाही झारखंड सरकार की नाकामियों का सबूत है। जिसने राज्य के बच्चों के भविष्य को अंधकार में ले जाने का कार्य किया है। राज्य में लचर कानून व्यवस्था चिंता का विषय बना हुआ हैं।

## न्यूज बॉक्स

### राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान विभाग ने किया शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन



**रामगढ़ ।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची में आयोजित तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला का भ्रमण 3 मार्च 2024 को करवाया गया। साथ ही फील्ड भ्रमण के क्रम में सरसों, गेहूं, चना जैसे फसलों का वैज्ञानिक तरीके से खेती की जानकारी प्राप्त किया। जिसमे हाईटेक एग्रीकल्चर, उद्यमिकी, जल का कुशल प्रबंधन ,जैविक खेती, संविदा खेती, फसल कटाई, मछली पालन, पशु पालन आदि विषयों की जानकारी प्राप्त की गई एवम कृषि से संबंधित कार्यक्रमों का अवलोकन किया गया। शैक्षणिक भ्रमण में कृषि विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका कुमारी, व्याख्याता वीरेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण के सफल आयोजन पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महोदय बी. एन. साह , ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलसाचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ.संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### उपायुक्त ने ग्रामीण कौशल जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**रामगढ़।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत जागरूकता वाहन को सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कौशल रथ सभी प्रखंडों में घूम घूमकर युवाओं को योजना से जुड़ी महत्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएगा। योजना के तहत युवाओं और बेरोजगारों को बेहतर भविष्य और रोजगार प्रदान करने के लिए निःशुल्क रोजगार परत प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। जैसे वेल्डिंग, नर्सिंग, रटड, (सीविंग मशीन ऑपरेटर), नर्स असिस्टेंट, सहायक इलेक्ट्रिशिन, रीटेल सेल एसोसिएट, लॉजिस्टिक्स इत्यादि में वह अपना भविष्य बना सकते है । इस योजना का लाभ सभी तरह के युवाओं जो 18 से 45 साल के बीच के है उठा सकते है।। कुछ क्षेत्रों में निरक्षर भी प्रशिक्षण लेकर रोजगार से जुड़ सकते है। इसमे ज्यादा प्रशिक्षित होना जरूरी नही हैं 5 वी, 10 वीं 12 वी तक के पढ़े लिखे युवा भी इससे जुड़कर अपना सुनहरा भविष्य बना सकते हैं। मौके पर उप विकास आयुक्त, नजारत उप समाहर्ता, डीपीएम जेएसएलपीएस सहित अन्य उपस्थित थे।

### भाजपा ने राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में दिया धरना



**रामगढ़।** राज्य की महागठबंधन सरकार की नीतियों के विरोध में 4 मार्च को रामगढ़ अंचल कार्यालय के निकट भारतीय जनता पार्टी ने धरना का आयोजन किया गया । धरना की अध्यक्षता रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष शिव कुमार महतो ने एवं संचालन महामंत्री ऋषिकेश सिंह ने किया। धरना समापन की घोषणा सूर्यवंश श्रीवास्तव ने की। मौके पर वक्ताओं ने कहा की राज्य की महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में राज्य में नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। कानून व्यवस्था गिरती जा रही है। कहा की राज्य सरकार की नीतियाँ आदिवासी, महिला ,व्यापारी, किसान, युवा विरोधी है। धरना के बाद कैंट मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो एवं कार्यक्रम प्रभारी अखिलेश प्रसाद द्वारा अंचल अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सिंह, जिला मंत्री बसुध तिवारी, विजय जायसवाल,रंजीत पांडे, भोला कुशवाहा, मनोज जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी भीमसेन चौहान,आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू, धीरज साहू, सोशल मीडिया प्रभारी संतोष कुमार शर्मा, शीतल सिंह, संतराज पासवान, ललन सिंह, रोबिन गुप्ता, महेश चौधारी, अनमोल सिंह मौजूद थे।

### पेट्रोल पंप कर्मी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के जीटी रोड स्थित सूरजकुंड पेट्रोल पंप के कर्मी विनय कुमार पांडेय,36 वर्ष,पिता हेमराज पाण्डेय ग्राम कटिया के चांदनी चौक के पास अपने ग्लैमर गाड़ी से दुर्घटनाग्रस्त हो गये। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि विपरीत दिशा से आ रही बालू लदी ट्रैक्टर ने इन्हें अपनी चपेट में ले लिया।जिससे वे बुरी तरह चोटिल हो गये। वहीं ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल तिलैया के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें रांची रेफर कर दिया । बताते चलें कि विनय जयनगर प्रखंड के ग्राम तिलोकरी के निवासी हैं जो सूरजकुंड पेट्रोल पंप में वर्षों से कार्य कर रहे हैं।

### साक्ष्य के अभाव में आचार संहिता उल्लंघन मामले में बरी हुए टुन्नू गोप



**हजारीबाग।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह लोक सभा चुनाव संचालन समिति जिला संयोजक टुन्नु गोप पर वर्ष 2014 के लोक सभा के चुनाव में आचार संहिता के मामले में बड़कागांव में सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम वाद पर मुकदमा दायर हुआ था, मामला बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत साढ़ पंचायत के अंतर्गत सरकारी संपत्ति पर पोस्टर लगाना और झंडा लगाए जाने का आरोप था। उस वक्त तात्कालिक जिला अध्यक्ष टुन्नु गोप पर आचार संहिता के उलंघन का मामला दर्ज हुआ था, जो वर्ष 2014 से लंबित चल रहा था। न्यायिक दंडाधिकारी सृष्टि कुमारी हजारीबाग के न्यायालय से साक्ष्य के अभाव में सोमवार को दोष मुक्त किया गया। इस मामले को अधिवक्ता प्रमोद कुमार सिंह,राणा राहुल प्रताप और अजय कुमार ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता के रूप में पक्ष रखा।उक्त जानकारी सांसद जयंत सिन्हा जी के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दी है।

### जल मीनार की टंकी फटने से पानी हो रहा बर्बाद

## एक माह के अंदर टंकी को बदल दिया जाएगा : मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी पंचायत अंतर्गत आदिवासी बहुल क्षेत्र डुमरडीहा में वर्ष 2020 में लॉकडाउन के समय पीएचइडी विभाग से बना मुख्यमंत्री नल जल योजना का पानी टंकी फट जाने से हजारों लीटर पानी रोजाना बर्बाद हो रहा है। इस संबंध में डूमरडीहा निवासी महेश मुर्मू ने बताया कि जब से जल मीनार बना है उसके कुछ माह बाद से ही टंकी फट गया और पानी बहता रहता है। वहीं स्थानीय निवासी संगीता कुमारी ने बताया कि हम लोग इसकी जानकारी कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दिए हैं,लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। वहीं छोटकी देवी ने कहा सुबह धूप निकलते ही पानी बहना चालू हो जाता है जो शाम तक लगातार बहते रहता है । पानी बह जाने से यहां अगल-बगल का जमीन काफी दलदल हो गया है।

### एसडीओ और बीडीओ ने कई बूथों का किया भौतिक सत्यापन

## बरही विधानसभा क्षेत्र में 3094 नए मतदाताओं का हुआ है पंजीकरण



**नए मतदाताओं का पंजीकरण कार्य फिलहाल जारी, 18 वर्ष से ऊपर उम्र के लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को कहा गया**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
मुख्य चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार सोमवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आई एम वेरिफाइड वोटर का विशेष हैश टैग अभियान चलाया गया. जिसके तहत मतदाताओं ने मतदाता सूची का अवलोकन कर अपना विवरण मिलाया. साथ ही आई एम वेरिफाइड वोटर का सोशल मीडिया पर हैश टैग कर अपलोड किया. इसी क्रम में एसडीओ जेहन टुड्डू ने बीडीओ सीआर इंदीवार, बीपीआरओ जीतपुर, धनवार, करियारपुर आदि पंचायत के विभिन्न बूथों का भ्रमण किया. निरीक्षण के क्रम में जीतपुर के बूथ पर पानी की समस्याएं पाई गई. जिसे दूर करने का निर्देश दिया गया. साथ ही मतदान के प्रति लोगो को जागरूक किया. बीपीआरओ ने बताया के इस दौरान नए मतदाताओं को जागरूक भी किया गया. वर्तमान में बरही विधानसभा में 105418 मतदाता है. अक्टूबर 2023 में इसकी संख्या 102324 था. अक्टूबर से अब तक कुल 3094 नए मतदाताओं का पंजीकरण किया गया है. नए मतदाताओं का पंजीकरण या शुद्धिकरण कार्य फिलहाल जारी है. उन्होंने 18 वर्ष पूरा कर चुके सभी लोगों से मतदाता सूची में नाम लिखवाने की अपील की गयी है।

### तैयारी | लोकसभा चुनाव की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कहा

# मतदान में दिव्यांगों को पूरी सुविधा दी जाएगी



**स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान कराने के उद्देश्य से स्ट्रांग रूम एवं वेब कास्टिंग को ले दिए दिशा निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ विमल कुमार के साथ अब तक हुए कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान जिले के शत प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करना सुनिश्चित करने को लेकर किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने दिव्यांगों एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक रामगढ़ सहित अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने दिव्यांगों को चुनाव के दौरान सही रूप से सुविधा देने के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान रामगढ़ जिले में यूनिक मतदान केंद्रों, महिला मतदान केंद्रों, दिव्यांग मतदान केंद्रों, युवा मतदान केंद्र आदि बनाने को लेकर संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिया। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा स्ट्रांग रूम, वेब कास्टिंग आदि को लेकर जारी दिशा निर्देशों का रामगढ़ जिले में अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर जारी दिशा निर्देशों को अच्छी तरह से समझ लेने एवं किसी तरह की कोई दुविधा होने पर त्वरित उसे दूर कर लेने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रखंडवार संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए सभी अधिकारियों को नियमित रूप से अपने क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान के लिए केंद्र को पूरी तरह से तैयार रखने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सेक्टर दंडाधिकारियों के रूट चार्ट, सेक्टर दंडाधिकारियों द्वारा भरे जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों, एफएसटी एवं एसएसटी दल द्वारा किए जाने वाले कार्यों आदि को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकाइयों, अंचल अधिकारियों पुलिस अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा ने दिया एकदिवसीय सांकेतिक धरना



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
राज्य के गिरते विधि व्यवस्था और बढ़ते अराजकता के खिलाफ सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओ ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया. इस दौरान भाजपाइयों ने प्रदेश सरकार से प्रदेश के गिरते कानून व्यवस्था, व्याप्त भ्रष्टाचार व अराजकता पर अंकुश लगाने की मांग किया. चेतवानी भरे लहजे में कहा कि यदि सरकार इस पर लगाम नई लगाती है तो भाजपा सड़क से सदन तक चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी. धरना प्रदर्शन बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित कुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई. जिसमे मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, वरिष्ठ नेता अम्बिका सिंह, मुकुंद साव आदि ने अपने वक्तव्य दिए. सबों ने राज्य सरकार को आड़े हाथ लेते हुए विधि व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही. अंत में राज्यपाल के नाम सीओ को ज्ञापन दिया गया. धरना प्रदर्शन में सांसद प्रतिनिधि डोमन पाण्डेय, बंधन यादव, नरेश प्रजापति, हरि प्रसाद गुप्ता, राजकुमार केशरी, मनोज कुमार राणा, सचिन यादव सहित कई लोग मौजूद थे.

## एक नजर

### पोषण सखियों ने पुनः नौकरी वापसी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**कोडरमा।** पूर्व में कार्यरत पोषण सखियों ने सोमवार को पोषण सखी समन्वय समिति के बैनर तले समाहरणालय गेट के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान नारेबाजी करते हुए पुनः नौकरी वापसी की मांग की। वहीं मांगों से संबंधित ज्ञापन भी मुख्यमंत्री के नाम डीसी कार्यालय में दिया गया। पोषण सखी संघ की जिलाध्यक्ष गायत्री पासवान की अध्यक्षता में सभा हुई। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि पिछले दिनों कुपोषण मिटाओ अभियान के तहत झारखंड के छह जिला चतरा, धनबाद, दुमका, गोड्डा, गिरिडीह और कोडरमा के आंगनबाड़ी केंद्रों मे 10 हजार 388 पोषण सखी कार्यरत थी। इन्हें केंद्र की मोदी सरकार द्वारा दिया जाने वाला केंद्रीय फंड बंद कर दिए जाने से एक झटके में दो साल पूर्व झारखंड सरकार ने इन्हें काम से हटा दिया।

### भाजपा ने भ्रष्टाचार के विरोध में किया एक दिनी धरना-प्रदर्शन

**झुमरी तिलैय।** झारखंड सरकार में व्याप्त भष्टाचार समेत अन्य मामलों को लेकर सोमवार को भाजपा ने धरना दिया। धरना कोडरमा प्रखंड कार्यालय के सामने दिया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि राज्य में लूट-खसोट का बोलबाता है। जेएसएससी में भी नियुक्ति घोटाला किया जा रहा था, जिसका पदार्फाश हो गया। प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामचंद्र सिंह ने कहा कि अंचल और थाना केवल लूट का अड्डा बन चुका है। यहां जमीन की दाखिल- खारिज हो या जमीन की एलपीसी परमिशन लेना हो, सभी में पैसे की मांग होती है। रमेश हर्षधर ने कहा यहां बिना पैसा दिए कोई काम नहीं होता है। भोली भाली जनता को केवल ठगने का काम होता है। अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अरशद खान ने कहा कि नगरपालिका हो या सीओ, बीडीओ जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र ,जाति प्रमाण पत्र पर केवल परेशान किया जाता है।

### भाजपा का एक ही एजेंडा है विकास : मनीष जायसवाल

**रामगढ़ / भुरकुंडा।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कोयलांचल का दौरा किया। इस क्रम में जगह-जगह लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। भुरकुंडा छठ व गंगा मंदिर में माथा टेकने के बाद मनीष जायसवाल श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ को लेकर आयोजित ध्वजारोहण व भूमि पूजन अनुष्ठान में शामिल हुए। इसके बाद सौंदा डी में मुखिया उपेंद्र शर्मा, डब्लू पांडेय, असलम मियां, रविकांत, संजय आदि ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मनीष जायसवाल का काफिला सौंदा बस्ती पहुंचा। यहां भाजयुमो के महामंत्री अंबर कुमार के घर ग्रामीणों ने उनका पुरजोर स्वागत किया। यहां लोगों का अभिवादन स्वीकारते हुए मनीष जायसवाल ने कहा कि भाजपा के पास बस एक ही एजेंडा है विकास। इसमें वो सारे मुद्दे शामिल हैं।

# झारखंड की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकें : विमला प्रधान




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा जिला के तत्वावधान में जिला के सभी मंडलो पर झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं जेएसएससी नियुक्ति घोटाला के विरोध में सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन नगर परिषद सिमडेगा कार्यालय के समक्ष हुई। धरना प्रदर्शन में वक्ताओं ने झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जमकर निशाना साधा।पूर्व मंत्री सह सिमडेगा विधानसभा के पूर्व विधायक विमला प्रधान ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार की नाकामियों को विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा की जेएसएससी नियुक्ति घोटाला के साथ ऐसी कई तरह की परीक्षाओं में गड़बड़ी सामने आई लेकिन भ्र्ष्ट हेमंत सरकार कभी भी मानने को तैयार नहीं थी ,लेकिन छात्रों ने जब सड़क पर उतरकर विरोध किया और सारा सबूत दिखाया तो सरकार को भी स्वीकार करना पड़ा ,जब छात्र अपने हक और अधिकार के लिए सड़क में उतरते हैं तो लाठी चार्ज कर उनके ऊपर संगीन धारा लगाकर केस कर डराने की कोशिश की जाती है ।आज राज्य सरकार के संरक्षण में जेएसएससी के कुकर्म की सजा युवा ही नहीं पूरा झारखंड प्रदेश भुगत रहा है ।उन्होंने मंच से युवा शक्ति को आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले समय में युवा एक होकर झारखंड की भ्र्ष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करें, तब ही झारखंड का विकास संभव है। जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने भी झारखंड सरकार को आदिवासी विरोधी सरकार बताया ।इस सरकार में आदिवासियों के जमीन बड़े पैमाने में जमीन दलालों के द्वारा लूटी जा रही है, पूरे राज्य में भय भ्ष्टार्चार का माहौल व्याप्त है आदिवासी के नाम पर जीत कर आई गठबंधन की सरकार सचमुच में आदिवासी का ही शोषन कर रही है। जेएसएससी नियुक्ति घोटाला झारखंड के आदिवासी एवं गरीब,शोषित बेरोजगार युवा के साथ ये सरकार विश्वासघात कर रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर ने भी सरकार को ठगबंधन और जनविरोधी सरकार बताया।

### कंप्यूटर ऑपरेटर पर जॉब कार्ड रजिस्ट्रेशन नहीं कराने का आरोप

## डिमांड नहीं निकलने से लाभुक परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। बानो** रायकेरा पंचायत के मरानी गांव के बुद्धदेव साहू ने कंप्यूटर ऑपरेटर पर जॉब कार्ड जल्द नहीं बनाने का आरोप लगाते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित डीडीसी सिमडेगा को ज्ञापन सौंप कर जॉब कार्ड रजिस्ट्रेशन करने की मांग किया है ।बुद्धदेव साहू ने ज्ञापन में कहा है कि पिछले अक्टूबर महीने से जॉब कार्ड रजिस्ट्रेशन हेतु दिया गया था ,जिसका 3 महीने बीत जाने के बाद रजिस्ट्रेशन नहीं के करने के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।डिमांड नहीं निकल पा रहा है ।कुप निर्माण का कार्य चल रहा है लेकिन मजदुरो का जॉब कार्ड रजिस्ट्रेशन नहीं होने कारण डिमांड नहीं निकल पा रहा है ।उन्होने प्रतिलिपि उप विकास आयुक्त, मनरेगा लोकपाल एवं बीपीओ को देते हुए जॉब कार्ड रजिस्ट्रेशन कराने का आग्रह किया गया है । लाभुक ने मनरेगा के कंप्यूटर ऑपरेटर पर जॉब कार्ड के मामले में गुमराह करने का आरोप लगाया है. कहा गया कि जॉब कार्ड जारी नहीं होने से डिमांड नहीं हो रहा है ,और कूप निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा हैइधर कंप्यूटर ऑपरेटर कोमल सुरीन ने बताया कि लाभुक के द्वारा आवेदन आधार कार्ड और बैंक पासबुक जल्द नहीं देने के कारण जॉब कार्ड रजिस्ट्रेशन करने में विलंब हुआ ।उन्होंने बताया कि सभी लोगों का जॉब कार्ड रजिस्ट्रेशन कर दिया गया है।

### हजारीबाग में परिवर्तन की लहर है: मनोज महतो

**रामगढ़/ भुरकुंडा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पतरातू अंचल की जीबी बैठक भुरकुंडा स्थित पार्टी के अंचल कार्यालय में हुई। पोचाई प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अंचल सचिव मनोज महतो ने कहा कि पूरे देश में परिवर्तन की लहर चल रही है। भाजपा के सांसदों से हजारीबाग की जनता अब उब चुकी है। यही वजह है कि विस्थापन, भ्रष्टाचार व बेरोजगारी का दंश झेल रहे लोग परिवर्तन चाहते हैं। इस बार हजारीबाग लोकसभा से भाकपा प्रतयाशी की जीत तय है।


## न्यूज बॉक्स

### कल्पना सोरेन का हुआ भव्य स्वागत



**हजारीबाग।** स्थानीय भारत माता चौक पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन का रांची से गिरिडीह जाने के क्रम में सोमवार को स्वागत किया गया। सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस पर गिरिडीह में हुए समारोह से श्रीमती सोरेन राजनीति में विधिवत पदार्पण की हैं। भारत माता चौक पर उनके स्वागत के लिए हजारीबाग के विभिन्न प्रखंडों से आए झामुमो के सैकड़ों महिला पुरुष कार्यकर्ता अपनी नेत्री के स्वागत में खड़े देखे गए। स्वागतकर्ताओं में झामुमो के केंद्रीय सचिव सह जिलाध्यक्ष संजीव बेदिया, यासीन अंसारी, नजरूला अंसारी, तबारक अंसारी, शाहिद इकबाल, कार्यक्रम में जिला श्रमिक संघ के सचिव सह बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सह संजय सिंह, नजरूला अंसारी, तबारक अंसारी, शाहिद इकबाल सहित कई कार्यकर्त्ता थे।

### लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष के आवास पर रही गहमागहमी, बधाई का तांता



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का मनीष जायसवाल को प्रत्याशी घोषित किए जाने के दुसरे दिन रविवार की देर रात्रि को जब रांची से रामगढ़ और मांडू विधानसभा होते हुए हजारीबाग पहुंचे तो अपने घर जाने से पूर्व अपने समर्थकों संग महावीर स्थान चौक पर अवस्थित महावीर मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने ईश्वर महावीर जी, शिव- पार्वती और भगवान श्री राम सहित अन्य देवी-देवताओं के समक्ष माथा टेक उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।मंदिर से आशीर्वाद प्राप्त कर निकलते ही यहां उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकताओं का बड़ा सैलाब उमड़ पड़ा। सभी ने उन्हें गोदी में उठाकर गर्मजोशी से फूल माला पहनाया और जमकर नारेबाजी की। समर्थकों ने नारा लगाते हुए कहा कि फिर एक बार मोदी सरकार, मोदी की गारंटी, कोई नहीं है टक्कर में- क्यों पड़े हो चक्कर में, अबकी बार सब का रिकॉर्ड पार, हजारीबाग लोकसभा के भावी सांसद मनीष जायसवाल जिंदाबाद जैसे नारे जमकर लगाए और खुशी का इजहार किया।

### बानों में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत



**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के उन्नीकेल में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी ।मृतक की पहचान लालगुटवा रांची निवासी मदुवा कच्छप के रूप में हुई ।बताया गया मृतक उन्नीकेल में रहकर पाइपलाइन में गार्ड का काम करता था ।सोमवार को दोपहर नहाने के लिए टुल्लु पंप से पानी भर रहा था.तथा विजली तार को स्विच बोर्ड से जोड़ रहा था,इसी क्रम में करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत घटनास्थल में ही हो गई ।घटना की जानकारी होने पर बानो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बानो थाना ले आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि घटना के बारे में परिजनों को सूचना दे दिया गया है परिजनों के पहुंचने के बाद अग्रतर तक करवाई किया जाएगा।

### लोकसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त ने की पोस्टर बैलेट कोषांग की बैठक



**सिमडेगा।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सर्विस वोटर एवं होम वोटिंग के तहत पोस्टल बैलेट कोषांग की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ।उपायुक्त द्वारा अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया कि जिले में दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से विशेष सुविधा प्रदान करते हुए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराने की पहल की गई है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के इस पहल का लाभ सिमडेगा के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के गांव में रहने वाले दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं, जो मतदान केंद्र तक आने की स्थिति में नहीं है, वैसे मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा प्रदान करते हुए वोट कराना है। इसके लिए संबंधित कोषांग को कार्य योजना बनाकर कार्य करते हुए मतदाताओं का बीएलओ के माध्यम से चिन्हित कर, उन्हें पोस्टल बैलट मतदान प्रणाली से जोड़ने की पहल करने का निर्देश दिया। साथ ही पोलिंग के दिन ड्यूटी करने वाले कर्मचारीयों का सर्विस वोटर के तहत वोट करने हेतु आवश्यक महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये।बैठक में आई.टी.डी.ए. निदेशक सरोज तिर्की, अंचलाधिकारी सिमडेगा मो० इम्तियाज अहमद एवं गठित कोषांग के कर्मीगण उपस्थित थे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा प्रशिक्षण सह-मासिक बैठक का आयोजन



**सिमडेगा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार जिले के सभी पारा लीगल वॉलेंटियरों का प्रशिक्षण सह-मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के सचिव, मरियम हेमरोम ने सभी पारा लीगल वॉलेंटियर को अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करते हुए लोगों के बीच कानूनी जानकारी देकर विधिक जागरुकता फैलाने का निर्देश दिया साथ ही साथ आने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 9 मार्च के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरुक करते हुए लोगों को न्यायालय तक लाने में सहयोग करने का निर्देश दिया।मौके पर सुकोमल दास सहायक एलएडीसीएस, पीएलवी खुशमारेन तिग्गा, मदन दास, शीतल प्रसाद, निरोज डाँग, लक्ष्मी कुमारी आदि उपस्थित थे।

### डाड़ी प्रखंड में बालू उठाव चालू कराने की मांग

**रामगढ़ / गिद्दी।** डाडी भाग एक के जिप सदस्य सर्वेश कुमार सिंह और ग्रामीणों ने प्रखंड में जिला प्रशासन से बालू उठाव चालू कराने की मांग की है। जिप सदस्य और ग्रामीणों ने कहा कि हजारीबाग जिला के ही बड़कागांव प्रखंड में बालू उठाव किया जा रहा है। पर डाड़ी प्रखंड में बालू उठाव पर रोक है। जिससे प्रखंड अंतर्गत विकास योजनाओं का कार्य बंद है। जिप सदस्य के साथ नंन्दकिशोर महतो, भोला महतो, दशरथ महतो, प्रभु साव, धनेश्वर महतो, फूलचंद महतो, सुरेन्द्र महतो ने डाड़ी प्रखंड में बालू उठाव चालू कराने की मांग की है।

### विधायक ने किया रेफरल अस्पताल व अंचल कार्यालय का निरीक्षण

# झारखंड को विकास की राह पर आगे बढ़ाना सरकार का लक्ष्य



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**

कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने सोमवार को रेफरल अस्पताल पहुंचकर मरीज के साथ हाल-चाल जाना। विधायक ने कहा कि हमारे झारखंड सरकार आम जन के हित में एक से बढ़कर एक योजना लाई है। जिसमें इलाजरत बच्चों के मां को खान-पान के साथ आर्थिक रूप से मदद भी देने का प्रावधान है। विधायक ने कहा कि सरकार का एक ही लक्ष्य है जनता को मुलभूत समस्याओं का समाधान करना और झारखंड को विकास की राह पर आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री असाध्य रोग के लिए भी झारखंड सरकार मदद कर रही है। विधायक ने कहा कि महिलाओं के लिए गर्भावस्था से लेकर बच्चों को जन्म देने तक की सुविधा झारखंड सरकार मोहैय्या करा रही है। सरकार जन्म से लेकर युवावस्था तक बच्चों का पढ़ाई लिखाई एवं युवतियों के विवाह तक का खर्च सरकार देने का कार्य कर रही है। युवक और युवतियां उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहती है तो सरकार छात्रवृत्ति के माध्यम से उन छात्राओं को पढ़ने का व्यवस्था सरकार कर रही है। आज हमारे गठबंधन की सरकार फूलों झानो योजना, दीदी बड़ी योजना आदि लाकर महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है ।वही विधायक अंचलाधिकारी से मिलकर जमीन संबंधी जो समस्याएं हैं। उसे दूर करने का निर्देश दिया ।विधायक ने कहा की पूर्व के भाजपा सरकार ने बहुत सारे ऐसे भी गलत नीति लाए, जिससे कि लोग भयक्रांत और दिग्भ्रमित हुए। उन्होंने कहा एनोस एक्का भाजपा के इशारे पर क्षेत्र में फिर से आकर लोगों को बरगलाने का काम कर रहे हैं। ऐसा लगता है की भाजपा ने महागठबंधन के सरकार और उनके उम्मीदवार को हारने के लिए ही जेल से निकालकर क्षेत्र में भेजा है। इसलिए सजग रहने की आवश्यकता है ।मौके पर जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, प्रखंड मीडिया प्रभारी मोहम्मद करू फ्रांसिस बिलुंग, लॉरेन डुंगडुंग, रेने टेटे, सुनील जोजो आदि उपस्थित थे।

> **सरकार जन्म से लेकर युवावस्था तक बच्चों के पढ़ाई लिखाई एवं युवतियों के विवाह तक का खर्च देने का कर रही है कार्य**

### झुमरी तिलैया में बूंदाबंदी के बाद न्यूनतम तापमान तीन डिग्री गिरा

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया । मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। कई दिनों तक दिन में धूप खिलने के चलते न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। लेकिन शनिवार शाम से मौसम के तेवर बदल गए। रविवार सुबह से ही आसमान में बादल के साथ बूंदाबांदी मौसम को सर्द नुमा बना दिया है। दिन में भी धूप के दर्शन तक नहीं हो सके। इससे न्यूनतम तापमान तीन डिग्री गिरावट के साथ 17 डिग्री और अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा। सर्दी से राहत के बाद शनिवार को फिर मौसम लोगों के लिए आफत बन गया। दिनभर जहां बादल छाया रहा, तो पानी के हल्की बूंदों जनमानस को सकते में ला दिया है। सर्दी से लोगों को अधिक परेशानी हुई। हालांकि छुट्टी के दिन होने के कारण स्कूली बच्चों और सरकारी कर्मियों को कुछ राहत मिली। लेकिन आम जनमानस को इससे परेशानी हुई। शाम को भी सर्दी से राहत नहीं मिल सकी। लगातार पिछले कुछ दिनों से पश्चिमी बिक्षोभ के कारण मौसम बदलाव होता रहा।

## लोकतंत्र के महापर्व के पूर्ण रूप से भागीदार बनें मतदाता : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने आई एम भेरिफाइड वोटर सोशल मीडिया अभियान की शुरूआत की। जिले में उपायुक्त सिमडेगा, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, आईटीडीए निदेशक, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों के द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम एनरोलमेंट को वेरीफाइ कर उक्त सोशल मीडिया अभियान की शुरूआत किया गया। उपायुक्त ने कहा कि लोक तंत्र के महापर्व में हम सभी लोगों को भागीदारी निभाने के लिए तैयार रहना चाहिए। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कर्मियों ने मतदाता सूची में अपने नाम एनरोलमेंट को वेरीफाइ किया तथा संतुष्ट होने के बाद सेल्फी खिंचवाया साथ ही सभी लोगों ने आइएमभेरिफाइड वोटर लिखकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी तस्वीर शेयर किया।

### सरकार पर नाकामी का आरोप लगाकर भाजपाईयों ने किया प्रदर्शन

# शिक्षित युवा बेरोजगार ठगे जा रहे हैं : सुशील श्रीवास्तव




**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**

प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को मंडल भाजपा के द्वारा जेएसएससी पेपर लीक एवं राज्य सरकार की नाकामी को लेकर सरकार के खिलाफ मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत सिंह की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान भाजपाईयों ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर बरसे एवं नारेबाजी की। राज्य में जेएसएससी द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा में सरकार प्रायोजित भ्रष्टाचार और धांधली का आरोप लगाया। मौके पर उपस्थित जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि आज शिक्षित युवा बेरोजगार ठगे जा रहे हैं। पूर्व में झूठ बोलकर, लोगों को बरगलाकर, खोखले वादे कर बनी सरकार साढ़े चार साल में कुछ नहीं किया। पंचायत से लेकर अंचल, ब्लॉक, थाना सभी जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इस सरकार के खिलाफ सड़क से सदन तक भाजपा आवाज उठा रही है, साथ ही लोकतंत्र के माध्यम से सरकार को जवाब देना है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को अगाह किया और कहा कि अपना कार्य प्रणाली में सुधार लायें,लोगों को परेशान करना बन्द करें। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जनों तक सही सही पहूंचायें, विचौलियों से बचें।उन्होंने केन्द्र सरकार की आदिवासियों के हित के जनकल्याणकारी योजनाओं को राज्य में नहीं लागू करने का आरोप लगाया।

### पीएलएचआईवी नेटवर्क सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

# भेदभाव करने वालों पर हो सकती है कार्रवाई




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा सदर अस्पताल, सिमडेगा स्थित सभागार में सिमडेगा जिला पीएलएचआईवी नेटवर्क सदस्यों के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहायक निदेशक संतोष कुमार सिंह, स्नेहदीप झारखंड स्टेट नेटवर्क के अध्यक्ष मनोज यादव, आईसीटीसी काउन्सलर दीपा साहु, डॉ आंनद खाखा, डॉ बेला एक्का कुल लगभग 25 प्रतिभागी उपस्थित थे। इस अवसर पर झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहायक निदेशक संतोष कुमार सिंह के द्वारा यह बताया गया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के साथ कोई भेदभाव करता है तो उसपर कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है। इसके साथ ही किसी डॉक्टर द्वारा उसका ऑपरेशन करने से मना किया जाता है तो एचआईवी/एड्स एक्ट 2017 के अंतर्गत उसे एक लाख रुपए तक का जुर्माना अथवा 3 माह से 2 साल तक की कैद अथवा दोनों हो सकता है। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं यथा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जिसका लाभ एचआईवी संक्रमित व्यक्ति उठा सकते हैं। आई.सी.टी.सी. काउन्सलर दीपा साहु द्वारा यह बताया गया कि वैसी संक्रमित महिलायें जो बेबी का प्लान करना चाहती हैं वे आईसीटीसी या पिपीटीसी काउन्सलर से मिले, जिससे उनके होने वाले बच्चे को एचआईवी से बचाया जा सके । सभी प्रतिभागियों को टोल फ्री नंबर 1097 के संबंध में जानकारी दी गई, जिस पर कॉल कर एचआईवी से संबंधित किसी भी तरह का जानकारी एवं शिकायत प्राप्त कर सकते हैं। मनोज यादव द्वारा यह बताया गया की एचआईवी संक्रमित व्यक्ति अपना पूरा जीवन स्वस्थ एवं समान्य रूप से बीता सकते हैं बशर्ते एआरटी दवा का नियमित सेवन करें, साथ ही यह बताया गया की एचआईवी केवल चार कारण से होता है - असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सूई के इस्तेमाल, संक्रमित खून चढ़ाने के कारण तथा संक्रमित महिलायें से उसके होने वाले बच्चे को हो सकता है। संतोष कुमार सिंह द्वारा सभी एचआईवी पोजीटीव व्यक्तियों को नेटवर्क से जुड़ने का अनुरोध किया गया जिससे उन सभी को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके।

> **एचआईवी संक्रमित व्यक्ति अपना पूरा जीवन स्वस्थ एवं समान्य रूप से बिता सकते हैं बशर्ते एआरटी दवा का नियमित सेवन करें**

## झामुमो ने बानो प्रखंड के में निकाली न्याय मार्च यात्रा




**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

प्रखंड अंतर्गत साहुबेड़ा पंचायत के गोर्रा और हाटिंगहोड़े में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई की मांग को लेकर न्याय मार्च यात्रा निकाला गया। इस न्याय मार्च यात्रा में काफी संख्या में झामुमो कार्यकताओं की भीड़ उमड़ी और जोरदार नारेबाजी की गई ।गोर्रा गांव में न्याय मार्च यात्रा गांव से होते हुए मुख्य सड़क मार्ग तक निकाला गया साथ ही हाटिंगहोड़े में गिरजाघर से चौक तक काफी संख्या में हेमंत सोरेन जिंदाबाद नारो के साथ न्याय मार्च यात्रा निकाली गई ।इस मौके पर सिमडेगा जिला के झामुमो सचिव सफीक खान ने कहा की जब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई नही की जाती तब तक पूरे जिले में ये न्याय मार्च यात्रा निकाला जाएगा साथ ही आगे उन्होंने कहा की आदिवादियों की दुआ हेमन्त सोरेन के साथ है वे जल्द जेल से बाहर निकलेंगे और जनता के लिएं कार्य करेंगे। इस मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कडुलना ने लोगो से संबोधित करते हुए कहा की पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्रीय की सरकार ने झुठे आरोपों में फंसाने का कार्य किया है । मौके पर जिला कोषाध्यक्ष नुवास करकेटा, जिला परिषद सह केन्द्रीय कमिटी सदस्य बिरजो कडुलना, सयोंजक मंडली के सदस्य तनवीर हुसैन, महिला मोर्चा अध्यक्ष हीरामनी डांग साथ में काफी संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# 18,728 होमगार्ड्स में 532 रहस्यमय ढंग से लापता

## आवासीय प्रमाण पत्र की जांच शुरू हुई, तो गृहरक्षकों में मचा हड़कंप

- धनबाद समेत 24 जिलों में फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र पर बहाली का अंदेशा
- भौतिक सत्यापन के नियम को भी पैसा ले-दे कर बता दिया जाता है धता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
यह शायद झारखंड में ही संभव है। गृहरक्षकों (होमगार्ड) के आवासीय प्रमाण पत्र की जांच शुरू हुई, तो करीब 2.84 प्रतिशत रहस्यमय ढंग से लापता पाए गए। यह कोई छोटी बात नहीं है। किसी राज्य के पुलिस महकमे में पुलिस बल के एक हिस्से में काम कर रहे लोग इतनी बड़ी संख्या में गायब मिलें, तो क्या इसे क्या समझा जाए। वैसे, झारखंड पुलिस के वरीय अधिकारियों को अंदेशा है कि होमगार्ड के गायब जवान फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र पर जमा कर बहाल हुए थे और जब जांच शुरू हुई, तो पकड़े जाने के डर से फरार हो गए हैं। अगर ऐसा है, तो भगोड़े जवानों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई भी होनी चाहिए थी। विभागीय सूत्रों के अनुसार झारखंड राज्य बनने के बाद बिहार के हजारों युवक फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र जमा कर होमगार्ड जवान के रूप में बहाल हो गए। फजीर्वाड़ा कर बहाल होने वाले अधिकतर गृहरक्षक किराए के मकान में रहते थे और उन्होंने उसी पता (एड्रेस) पर आवासीय प्रमाण पत्र बना लिया। जब इस बात का पता चला, तो इसकी शिकायत होमगार्ड के तत्कालीन डीजी अनिल पाल्टा से की गई। उन्हें बताया गया कि धनबाद समेत राज्य के विभिन्न जिलों में होमगार्ड में बहाल अधिकतर गृहरक्षक फर्जी दस्तावेज पर नौकरी कर रहे हैं और हर महीने प्रत्येक जवान 15 हजार रुपये वेतन भी उठा रहे हैं।

### भौतिक सत्यापन का है नियम

जानकारों का कहना है कि गृहरक्षा वाहिनी में बहाली होने के बाद ड्यूटी ज्वाइन करने से पहले गृहरक्षकों (होमगार्ड) का भौतिक सत्यापन होता है। जो जवान जिस जिले से बहाल होता है, वहां से दस्तावेजों की जांच संबंधित थाना से कराया जाता है। विभाग की ओर से संबंधित क्षेत्र के थाने को कागजात की कॉपी के साथ सत्यापन के लिए पत्र लिखा जाता है। फिर थाने से पुलिस के कनीय पदाधिकारी उक्त पते पर जाकर आवासीय प्रमाण पत्र की जांच करते हैं कि अभ्यर्थी का पता स्थायी है या फिर अस्थायी, या फिर फर्जी है।

### 2017 में होमगार्ड बहाली में हुई थी गड़बड़ी

धनबाद में वर्ष 2017 में होमगार्ड बहाली में गड़बड़ी हुई थी। तत्कालीन डीसी के निर्देश पर होमगार्ड कमांडेंट की लिखित शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई थी, लेकिन कंप्यूटर ऑपरेटर गजेंद्र गुप्ता और फोटोग्राफर अमरजीत कुमार के अलावा किसी पर कार्रवाई नहीं की गई थी। तत्कालीन होमगार्ड कमांडेंट तारकेश्वर राम ने 9 अक्टूबर 2021 को धनबाद थाने में लिखित शिकायत की थी। इसमें कांड संख्या 428/21 में भादवि की धारा 406, 420, 467, 468, 34 के तहत कंप्यूटर ऑपरेटर व फोटोग्राफर पर मामला दर्ज किया गया। दोनों आरोपियों ने कोर्ट से अग्रिम जमानत ले ली और अभी तक प्राइवेट नौकरी कर भरण पोषण कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2017 में बहाली के समय अभ्यर्थियों और अभिभावकों की शिकायत और हंगामा के बाद अधिकारियों ने जालसाजी की जांच शुरू की थी।

### किनका बनता है आवासीय प्रमाण पत्र

नियम के अनुसार, किराए के घर में रहने वालों का आवासीय प्रमाण पत्र नहीं बनता है। जिनका झारखंड में स्थायी घर है, केवल उन्हीं का आवासीय प्रमाण पत्र बन सकता है। व्यक्ति जिस जिले का निवासी है, आवासीय प्रमाण पत्र उसी जिले के संबंधित कार्यालय से बनता है।

### सीआरपीएफ ने तुम्बाहाका जंगल में नक्सली बंकर किया ध्वस्त

**पश्चिम सिंहभूम।** जाला के घोर नक्सल प्रभावित कोल्हान आरक्षित वन क्षेत्र अन्तर्गत तुम्बाहाका के जंगलों में सीआरपीएफ-197 बटालिन के जवानों ने नक्सलियों के खिलाफ बडी. सफलता पायी है. यह आपरेशन सीआरपीएफ 197 बटालियन के कमांडेंट परवेश कुमार जोहरी एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के आदेशानुसार सीआरपीएफ 197 बटालियन की जी कंपनी के कंपनी कमांडर सह सहायक कमांडेंट चन्द्र प्रताप तिवारी के नेतृत्व में जवानों ने प्रारम्भ किया था. इसी दौरान तुम्बाहाका क्षेत्र के घनें जंगलों में सीआरपीएफ की टीम जब पहुंची तो झाड़ियों में छुपा नक्सलियों का एक बंकर मिला.इस बंकर में 8-10 नक्सलियों के ठहरने अथवा छुपने की सुविधा थी. इस बंकर की तलाशी लेने पर नक्सलियों का एक बोल्ट एक्शन रायफल, 15-20 जोडी. जूता, ट्रैकसूट, महिला व पुरुष नक्सलियों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला अन्य कपड़े व भारी मात्रा में रोजमर्रा के समान बरामद किये गये।

## न्यूज बॉक्स

### तिसरी में भाजपा का भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना



**गिरिडीह।** तिसरी प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के बाहर भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सोमवार को एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान बीडीओ मनीष कुमार के संतोषजनक वार्ता व आश्वासन के बाद शाम को धरना समाप्त कर दिया गया। धरना की अध्यक्षता तिसरी के मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा ने की, जबकि संचालन रवींद्र पंडित ने किया। धरना को संबोधित करते हुए जिला विधायक प्रतिनिधि अशोक उपाध्याय ने कहा कि जब से सूबे में झामुमो की सरकार बनी है। तब से पूरे राज्य में भ्रष्टाचार सिर चढ़कर बोल रहा है। वहीं विकास कार्य थम गया है। भ्रष्टाचार का आलम यह है कि बगैर चढ़ावे के किसी भी व्यक्ति का काम नही होता है। योजनाओं की आधी राशि कमीशन में ही पार हो जाता है। भाजपा नेता मनोज यादव,अजय रंजन,उदय साव,तिसरी के प्रमुख राजकुमार यादव,सुनील साव,लक्ष्मण मोदी,संजीत राम,किशुन यादव आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### स्थापना दिवस को लेकर तिसरी से जेएमएम कार्यकताओं का जत्था गिरिडीह रवाना



**गिरिडीह।** स्थापना दिवस को लेकर सोमवार की दोपहर तिसरी से झारखंड मुक्ति मोर्चा का जत्था गिरिडीह के लिए रवाना हुआ। 51 वां स्थापना दिवस को लेकर गिरिडीह में आयोजित कार्यक्रम और मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन समेत पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन समेत झामुमो के अन्य कद्दावर नेताओं के जुटान पर तिसरी से भी भारी संख्या में कार्यकताओं ने गिरिडीह के लिए कुच किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ों महिला व पुरुष तिसरी के मिशन विद्यालय मैदान में जुटे, जहाँ से पारंपरिक तीर - धनुष, मांदर - नगाड़ा आदि के साथ नारा लगाते पैदल मार्च कर तिसरी चौक होते हुए गाँधी मैदान पहुंचे। जहाँ सभी वाहनों में बैठ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गिरिडीह निकल गए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल ने कहा कि 91 स्थापना दिवस को लेकर गिरिडीह में मुख्यमंत्री का आगमन हुआ है। यह कार्यक्रम आक्रोश रैली के रूप में होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा षड्यंत्र कर हेमंत सोरेन को फंसाया गया है। आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।

## एक नजर

### किरीबुरु के खदान में 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया

**किरीबुरु।** सेल की किरीबुरु खदान प्रबंधन के तत्वाधान में 53वाँ राष्ट्रिय सुरक्षा दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया. 4 मार्च 1966 को राष्ट्रीय सुरक्षा काउंसिल की स्थापना आज के दिन हीं हुआ था. इस उपलक्ष्य में सभी सरकारी, पब्लिक सेक्टर व तमाम औद्योगिक व व्यवसायिक संस्थानों में आज के दिन सुरक्षा, स्वास्थ और पर्यावरण की सुरक्षा का प्रचार करने हेतु राष्ट्रिय सुरक्षा दिवस मनाया जा रहा है. इस दौरान बतौर मुख्य किरीबुरु के महाप्रबंधक सुकरा हो के नेतृत्व में सेलकर्मियों व ठेका मजदूरों ने किरीबुरु खान में सुरक्षा को लेकर प्रतिज्ञा लिया. महाप्रबंधक सुकरा हो ने कहा कि खान में सभी की सुरक्षा जैसे मशीन की सुरक्षा, कर्मियो की सुरक्षा एवं स्वास्थ और पर्यावरण की सुरक्षा को संयोजित करते हुये काम करना चाहिये. इस अवसर पर जेजीओएम के सुरक्षा अधिकारी एस यू मेद्दा मेद्दा ने कहा कि हमे सुरक्षा से संबंधित एसओपी/एसएमपी को निचले एसओपी के स्तर तक पहुंचाकर बार बार उसका रिव्यू करना है. इसके अलावे आज स्वच्छता पखवाडा.का भी शुभारम्भ किरीबुरु शहर, खदान, व आस पास के क्षेत्रों व गांवों को स्वच्छ रहने का प्रतिज्ञा लेने के साथ किया गया. स्वच्छता पखवाड़ा 4 मार्च से 16 मार्च तक आयोजित होगा।

# हर हाल में किसानों के खेतों तक पाइपलाइन से पहुंचाएंगे पानी

## शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात सहित सभी क्षेत्रों में हो रहा है कार्य

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों राज्य के धनबाद जिला अंतर्गत सिंदरी में यूरिया कारखाना का उद्घाटन हुआ है। इस कारखाने में उत्पादन हो रहे यूरिया का लाभ झारखंड के किसान तभी ले पाएंगे जब उनके खेतों तक साल के 12 महीने पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की सोच है कि हम यहां के किसान बंधुओ के खेतों तक हर हाल में पानी पहुंचाएं । साल में तीन बार किसान फसल का उत्पादन कर सके यह हमारा लक्ष्य है। हमारी सरकार यहां के किसानों की ऋण माफी तथा उन्हें सुखाड़ राहत का लाभ देने का कार्य भी किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए कृत संकल्पित है।





मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार यहां के गरीब, किसान, मजदूर सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धनबाद, बोकारो तथा गिरिडीह जिला कोयला क्षेत्र में गिने जाते हैं, परंतु यहां के संसाधनों का लाभ दूसरे प्रदेश के लोगों ने उठाया है। यहां के लोगों को लाभ मिले, इस उद्देश्य से हमारी सरकार सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। राज्य में 15 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरों तक के सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है।राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अनेकों महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहे हैं।

# बीडीओ व डीलर की बैठक, अनाज वितरण में कोताही पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गावां प्रखंड़ मुख्यालय में सोमवार को बीडीओ सह प्रभारी एमओ महेंद्र रविदास ने सभी जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ बैठक की। बैठक में ससमय पर अनाज वितरण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में एमओ ने सभी डीलरों को कहा कि होली से पहले राशन वितरण करना सुनिश्चित करें। साथ ही कहा कि जिस जन वितरण प्रणाली दुकानदार के द्वारा अनियमितता पाया जाएगा या उनका शिकायत मिलेगा तो उनके खिलाफ कार्यवाई किया जाएगा। कहा कि राशन जो डीलर



वितरण नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ जांच करते हुए रिकवरी किया जाएगा। साथ ही सभी जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को कहा कि धोती साड़ी का हर हाल में सभी लाभुकों के बीच होली से पूर्व वितरण कर दें। मौके पर धीरज सिंह, बृजजानंद साव, विनोद पांडेय, अजय कुमार, रविंद्र सिन्हा, नागेंद्र बरनवाल समेत काफी संख्या में डीलर उपस्थित थे।

### वर्षा से जन-जीवन प्रभावित, मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ा

**किरीबुरु।** मेघाहातुबुरु समेत सारंडा क्षेत्र में रूक-रुक कर जारी वर्षा से मौसमी बीमारियों का खतरा बढा. इसके अलावे वर्षा की वजह से तापमान में भारी गिरावट के साथ-साथ जन-जीवन भी प्रभावित हुआ है. शहर में आज कुछ लोगों के यहां शादी समारोह का आयोजन भि हो रहा है. इसके लिये भव्य व आकर्षक पंडाल बनाये गये हैं. वर्षा ने इसकी खूबसूरती को भी प्रभावित कर कार्यक्रम में अभी से ही भारी व्यवधान डालना प्रारम्भ कर दिया है. तापमान में निरंतर उतार-चढाव के कारण मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ रहा है. आसमान में निरंतर बादल छाये हुये है एवं दोपहर बाद से रूक-रूक कर वर्षा का सिलसिला जारी है।


## जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – 37/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम :जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :दिनांक 11.03.2024 को (अपराह्न 03:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :दिनांक 12.03.2024 को 01:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि :दिनांक 12.03.2024 को 04:00 बजे अपराह्न तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय
7. कार्यो का विस्तृत विवरणी :

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कर्रा | Construction of Pre-Fabricated 2ACR at Govt. M.S. Dekela(Part-1) | 2427800.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | कर्रा | Construction of Pre-Fabricated 2ACR at Govt. P.S. Tiska | 2427800.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3 | तोरपा | Construction of Pre-Fabricated 2ACR at Govt. U.M.S. Torpa East | 2427800.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 4 | मुरहू | Construction of Pre-Fabricated 2ACR at KGBV Murhu(Part-1) | 2427800.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 5 | मुरहू | Construction of Pre-Fabricated 2ACR at Govt. P.S. Konwa | 2427800.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह |

नोट :1. जिला परिषद, खूँटी/ग्रामीण विकास विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
2. विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
3.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
4. Pre-Fabricated कार्य किये गये आवेदक के ही आवेदन पर विचार किया जायगा।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 321476 (District)23-24*D


# पीरटांड में भाजपा ने भ्रष्टाचार और गिरती कानून व्यवस्था के विरुद्ध दिया धरना



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
पीरटांड प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, जेएससीसी व अबुआ आवास के नाम पर व्याप्त भ्रष्टाचार एवं राज्य में गिरती कानून व्यवस्था के विरुद्ध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता सुरेश साव और गिरिडीह के निवर्तमान उप महापौर प्रो प्रकाश सेठ उपस्थित हुए ।

वक्ताओं ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जो विकास कर सकती है झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं द्वारा जो वादा किया गया था आजतक पुरा नही किया गया। गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र में यहां के स्थानीय विधायक सुदिव्य कुमार सोनू से पीरटांड प्रखंड के ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। यहां के भोले भाले आदिवासियों को ठगने का काम किया गया है। यहां के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने गिरिडीह की जनता के साथ विश्वासघात किया है।

गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र में लोकतंत्र नहीं राजतंत्र की व्यवस्था चल रही है, गिरिडीह में अवैध कारोबार चरम पर है। यहां के युवा, मजदूर, किसान, छात्र को ठगा जा रहा है। हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जल जंगल जमीन की बात करने वाले लोग ही इसे लूटने में लगे हुए हैं कहा कि आने वाले चुनाव सिर्फ वोट का नहीं गिरिडीह विधानसभा की स्वाभिमान का चुनाव है हमे मिलकर गिरिडीह की तस्वीर बदलनी है।। कार्यक्रम में श्याम प्रसाद, सिकंदर हेम्ब्रम, अजय सिंह, रिंकू रेखा अंजू टुडू, बबलु साव,श्याबल घोष, अम्बुज मोदक, कर्मु सोरेन, बसंत सिंह, संतोष राणा, मोनिका दास बसंत सिंह, सुमित कुमार, संतोष राणा, अरविंद वर्णवाल, श्मशाद आलम, बबलु मरांडी, बीसू मरांडी, बीटू हेंब्रम, सुनील बासके, दरबारी मुर्मू, संतोष सोरेन अरविंदचंद्र राय, फलेन्द्र सिंह सहित कई लोग मौजूद थे ।


## कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

### शुद्धि पत्र

कार्यालय आदेश सं०–27/जि०प०

दिनांक–01.03.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना (PR NO. 319901 District 23-24) : D के निष्पादन की तिथि को अपरिहार्य कारणों से दिनांक–29.02.2024 के स्थान पर दिनांक–05.03.2024 (मंगलवार) को अपराह्न 03:00 बजे को निर्धारित की जाती है।

ह०/–

कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, खूँटी।

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, खूँटी।

PR.NO.321395 District(23-24):D

## कार्यालय जिला परिषद, खूँटी।

### शुद्धि पत्र

कार्यालय आदेश सं०–26/जि०प० दिनांक–01.03.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना (PR NO. 319900 District 23-24) : D के निष्पादन की तिथि को अपरिहार्य कारणों से दिनांक–29.02.2024 के स्थान पर दिनांक–05.03.2024 (मंगलवार) को अपराह्न 03:00 बजे को निर्धारित की जाती है।

कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, खूँटी।

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, खूँटी।

PR 321393 District(23-24)D

## समाहरणालय, खूँटी
## (समेकित जनजाति विकास अभिकरण)

### अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

खूँटी जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों में वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए कार्यालय उपयोग हेतु उपस्कर एवं अन्य सामग्रियों की आपूर्ति की जानी है। आपूर्ति हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 12.03.24 के पूर्वाह्न 11.30 बजे तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा जिला कल्याण कार्यालय, खूँटी में निर्धारित अवधि तक जमा कर सकते हैं। दिनांक 12.03.24 के अपराह्न 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति संबंधित विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | ब्रांड | दर / प्रति पीस |
|---|---|---|---|
| 1 | Steel Almirah (76"x35"x19") | Godrej | |
| 2 | Book Self Almirah with Glass Swing doors (72"x35"x18") | Godrej | |
| 3 | Office Chair | Godrej | |
| 4 | Office Table (Wooden Top with iron frame) – 4'x3' Size | Godrej | |
| 5 | Office Table (Wooden Top with iron frame) – 3'x2' Size | Godrej | |
| 6 | Fiber Chair | Cello / Supreme | |
| 7 | Steel Rack ((72"x35"x12") | Godrej | |
| 8 | Steel Box (4'x4'x5') | - | |
| 9 | ताला–चाभी (मध्यम आकार) | Link | |

नोटः– निविदा की शर्ते खूँटी जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.khunti.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, खूँटी

PR.NO.321407 District(23-24):D

# बिहार और विकास

बिहार की वर्तमान सरकार लगभग दो दशकों से सत्ता में है, चुनाव के मौसम में लोग जानना चाहते हैं कि उसने आर्थिक विकास, मानव विकास और शासन के मानकों में कैसा प्रदर्शन किया? 2011-12 से 2021-22 तक, बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 5.9 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा, जो राष्ट्रीय औसत के काफी करीब है। लेकिन बिहार के जीएसडीपी का स्तर प्रमुख राज्यों में सबसे कम है, बावजूद इसके कि निचले आधार पर उच्च वृद्धि हासिल करना आसान होता है। शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद में 2011-12 में बिहार का सकल घरेलू उत्पाद गुजरात का 43, कर्नाटक का 41 और तमिलनाडु का 34 फीसदी था; 2021-22 में बिहार के सकल घरेलू उत्पाद का हिस्सा घटकर गुजरात का 35, कर्नाटक का 33 और तमिलनाडु का 32 फीसदी रह गया। बिहार की प्रति व्यक्ति आय भारत में सबसे कम है। 1960-61 में बिहार की प्रति व्यक्ति एनएसडीपी राष्ट्रीय औसत का 70 फीसदी थी; जो 2005 तक घटकर राष्ट्रीय का 33 फीसदी हो गई, जब जेडीयू सरकार सत्ता में आई। 2005 से आज तक नीतीश कुमार की ही सरकार रही। 2020-21 में, बिहार की प्रति व्यक्ति एनएसडीपी राष्ट्रीय औसत का 33 फीसदी थी। इस प्रकार, उनकी सत्ता में लगभग दो दशकों के बाद भी राष्ट्रीय औसत के सापेक्ष बिहार का अभिसरण के बजाय थोड़ा विचलन ही हुआ है। दूसरा मुद्दा बिहार के भीतर प्रति व्यक्ति उत्पाद में स्थानिक असमानता का है। 2020-21 में प्रति व्यक्ति सकल जिला घरेलू उत्पाद पटना में 1,15,239 रुपये, जबकि बेगूसराय और मुंगेर में क्रमशः 45,497 और 42,793 रुपये था, यानी पटना के आधे से भी कम। 2020-21 में बिहार का प्रति व्यक्ति घरेलू उत्पाद मात्र रुपये 31,522 था, जो पटना (1,15,239 रुपये) के एक-तिहाई से भी कम है। इसके अलावा, बिहार ने संरचनात्मक परिवर्तन के चिंताजनक उलटफेर का भी अनुभव किया है। 2017-18 और 2022-23 के बीच कृषि में कार्यबल 50 फीसदी बढ़कर 125 लाख से 190 लाख हो गया है; जबकि 2020 और 2023 के बीच कृषि में भारत के कार्यबल में छह करोड़ की वृद्धि हुई है, बिहार में यह वृद्धि बहुत अधिक है। नीति आयोग की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग (2019) में बिहार 29 में से 26वें स्थान पर है। 2021 में बिहार को भारत के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का सिर्फ 0.29 फीसदी प्राप्त हुआ। बुनियादी मानव पूंजी की सक्षमता के बिना बिहार विदेशी निवेश आकर्षित करने में विफल रहा है। बिहार की 2025 तक राष्ट्रीय निर्यात में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 10 फीसदी करना चाहता है, हालांकि, वर्तमान हिस्सेदारी सिर्फ 0.52 फीसदी है। यहां तक कि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सामाजिक प्रगति सूचकांक 2022 के संदर्भ में भी बिहार में 'बहुत कम सामाजिक प्रगति' हुई है, और इसमें 36 राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों में वह 35वें स्थान पर है। स्वास्थ्य प्रदर्शन सूचकांक (2019-20) में बिहार 19 राज्यों में 18वें स्थान पर है। बिहार में नवजात मृत्युदर केरल की तुलना में पांच गुना और राष्ट्रीय औसत से 3.5 गुना अधिक है। इसका मुख्य कारण यह है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में जरूरी कार्यबल के मुकाबले स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं की कमी के मामले में बिहार देश के राज्यों में शीर्ष पर है। इसी तरह, शिक्षा के मामले में, नीति आयोग के स्कूल शिक्षा गुणवत्ता सूचकांक 2019 में बिहार 20 बड़े राज्यों में 19वें स्थान पर है। फिर स्कूलों और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार कैसे हो सकता है? स्कूलों में 2.2 लाख शिक्षकों की कमी है, विश्वविद्यालयों में कर्मचारियों, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं में डॉक्टरों और पैरा-मेडिक्स की कमी है।

**2020-21 में, बिहार की प्रति व्यक्ति एनएसडीपी राष्ट्रीय औसत का 33 फीसदी थी। इस प्रकार, उनकी सत्ता में लगभग दो दशकों के बाद भी राष्ट्रीय औसत के सापेक्ष बिहार का अभिसरण के बजाय थोड़ा विचलन ही हुआ है।**

इन दिनों

# विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का सवाल


प्रभुनाथ शुक्ल

**भारत** घूमने आये विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का सवाल हमारे सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा है। विदेशी सैलानियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं जहां हमें कठघरे में खड़ा करती हैं वहीं उनसे मारपीट, लूट और अधिक पैसे वसूलने की घटनाएं भी आम हैं। हमारे देश की संस्कृति अतिथि देव भवः की है। झारखंड के दुमका में एक स्पेनिश महिला के साथ कथित तौर पर गैंगरेप की घटना हमारे लिए चिंता का विषय है। भारत हमेशा से विदेशी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां की प्राकृतिक बनावट और धार्मिक विविधता लोगों को यहां खींच लाती है। प्राकृतिक वातावरण विदेशी सैलानियों की पहली पसंद हैं। विदेशी पर्यटकों को भौगोलिक एवं प्राकृतिक बनावट के साथ विविधता में एकता की संस्कृति अपनी तरफ आकर्षित करती है। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना कोई पहली वारदात नहीं है। भारत में अकसर विदेशी पर्यटक इस तरह की घटना का शिकार होते हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से भारत का पर्यटन देश की संवृद्धि में अच्छी खासी भूमिका निभाता है। लेकिन इस तरह की घटनाएं जहां हमारे देश की छवि को नुकसान पहुंचती है वहीं विदेशी पर्यटक यहां आने से डरते और घबराते हैं। हजारों की तादाद में विदेशी सैलानी एक बार भारत आए तो भारत के ही होकर रह गये। लेकिन विदेशी सैलानियों के साथ इस तरह की घटनाएं हमारी छवि को प्रभावित करती हैं। इसके अलावा हमारे पर्यटन व्यवस्था पर भी सवाल उठाती है। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना हमारी संस्कृति और संस्कार के खिलाफ है। इस घटना में शामिल दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। केंद्र सरकार को राज्य सरकार से मिलकर आवश्यक कदम उठाने चाहिए। पर्यटन मंत्रालय को इस संबंध में विशेष कदम उठाने चाहिए जिससे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। ऐसी घटनाओं की फेहरिस्त बहुत लंबी है। बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बाद भी हम आवश्यक कदम नहीं उठा पाते हैं। विदेशी पर्यटकों के लिए खास सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिए। भारत आने वाले पर्यटकों के लिए जो सरकारी स्तर पर विशेष गाइड की व्यवस्था होनी चाहिए। यह व्यस्था सरकारी एजेंसी के माध्यम से होनी चाहिए। भारत आने वाले ऐसे पर्यटक कहां ठहर रहे हैं। कहां जा रहे हैं। उनके लिए कहां रुकना अच्छा रहेगा। सरकार की तरफ से उन्हें सारी सुविधा और सूचना उपलब्ध करानी चाहिए। सिविल पुलिस के बजाय इसके लिए अलग से विशेष पर्यटन पुलिस होनी चाहिए। पर्यटन पुलिस की विशेष जिम्मेदारी विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के संदर्भ में होनी चाहिए। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिहाज से सरकार को इस तरह की व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। विदेशी पर्यटकों के साथ आमतौर पर भाषा की भी समस्या होती है, ऐसे में उसके समाधान के लिए भी आवश्यक कदम उठाने चाहिए। दुमका में हुई घटना में भी पुलिस और पीड़ितों के बीच भाषा की समस्या देखने को मिली है। भारत आने वाली विदेशी पर्यटकों के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की तरफ से स्पष्ट गाइडलाइन भी होनी चाहिए। पर्यटकों को यह निर्देश होना चाहिए की आप जहां जा रहे हैं वहां की भौगोलिक स्थिति क्या है। अगर आप पहाड़ी या आदिवासी इलाके में घूमने जा रहे हैं तो वहां क्या समस्या हो सकती है। पहाड़ और दूसरी जगह पर जा रहे हैं तो क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए। स्थानीय लोगों के बारे में भी जानकारी देना आवश्यक है। उनकी सुरक्षा को लेकर जहां खतरा हो सकता है इस सम्बन्ध में उन्हें आगाह करने की भी आवश्यकता है। विदेशी दूतावास को भी भारतीय दूतावास से संपर्क में रहना चाहिए। उनकी सुरक्षा और सुविधाओं का ख्याल रखना हमारा दायित्व है। इस तरह की घटनाएं विदेशी पर्यटकों में असुरक्षा का जहां माहौल पैदा करती हैं वहीं हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाती हैं। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा या अन्य मामलों में सीधे केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय का हस्तक्षेप होना चाहिए। पर्यटन अब ग्लोबल शौक बन चुका है। पर्यटन से दुनिया भर के देशों को एक अच्छी खासी आये हो रही है। कोविड में जहां पर्यटन व्यवस्था पर प्रभाव पड़ा था वहीं अब पर्यटन उद्योग तेजी से आर्थिक समृद्ध की ओर बढ़ रहा रहा है। भारत वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है। भारत की जीडीपी में पर्यटन उद्योग अच्छी खासी भूमिका निभा रहा है। भारत में विदेशी सैलानियों की संख्या दिनों-दिन बढ़ रही है। लेकिन दुमका जैसी घटनाएं पर्यटन उद्योग को कहीं न कहीं से प्रभावित करती है। दुमका की घटना को लेकर सियासी तीर भी चलने लगे हैं लेकिन यह राजनीतिक मुद्दा नहीं है इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, क्योंकि यह मामला विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के साथ देश की अस्मिता से भी जुड़ा है। यह केंद्र और राज्य सरकार की दोनों नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि देश में आने वाली विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा को गंभीरता से लिया जाय। विदेशी पर्यटक सड़क के किनारे टेंट लगाकर रह रहे हैं या समुद्र किनारे। होटल में रहें या पहाड़ों पर उनकी सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। दुमका में स्पेनिश जोड़े सड़क के किनारे टेंट लगाकर रुके थे जहां स्थानीय लोगों ने वहां पहुंचकर उनके साथ कथित तौर पर गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया और सामान भी लूटा। भारत पर्यटन हब के रूप में उभर रहा है। अयोध्या में राम मंदिर बनने और बनारस में बाबा काशी विश्वनाथ कारिडोर के निर्माण के बाद दर्शन के लिए विदेशी सैलानियों की संख्या बढ़ रही है। लॉकडाउन के बाद देश में तकरीबन हर साल एक करोड़ से अधिक विदेशी सैलानी भारत भ्रमण पर पहुंच रहे हैं। सबसे अधिक मार्च और अप्रैल में विदेशी सैलानियों का आगमन होता है। क्योंकि पर्यटन के लिए यह मौसम अनुकूल होता है जो पर्यटकों को काफी प्रभावित करता है। भारत में साल 2019 में एक करोड़ 8 लाख विदेशी पर्यटक घूमने आये। जिससे विदेशी पर्यटकों से सरकार को 2.10 लाख करोड़ की आय हुई। 2018 में 1.94 जबकि 2018 1.77 वहीं 1016 में 1.54 और 2016 में 1.35 लाख करोड़ की आय हुई। 2018 में 1.5, 2017 में 100 जबकि 2016 में 88.04 एवं 2015 में 80.27 लाख विदेशी सैलानी भारत घूमने आए। इस हालत में विदेशी सैलानियों की सुरक्षा सबसे अहम हो जाती है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को मिलकर कठोर से कम कठोर कदम उठाने चाहिए जिससे दुमका जैसी घटनाओं पर विराम लग पाये और भारत में विदेशी पर्यटन को बढ़ावा मिल पाये।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**



## आपकी बात

### एनएचआइ और ठेकेदार की लापरवाही से खतरा


कृष्णा सिंह

रांची डाल्टनगंज मुख्य मार्ग में पिछले लगभग पांच साल से निमार्णाधीन एनएच 75 में भू अर्जन की समस्याओं से लटका पुल निर्माण डेढ़ साल से रुका हुआ है और लगभग 100 फीट का लंबा चौड़ा गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है जिसके सामने रांची की ओर से जाने पर कोई



डाइवर्सन सिग्नल तक नहीं है जो अब तक दो लोगों की बलि मोटरसाइकिल दुर्घटना में ले चुका है और तीन लोग घायल हो चुके हैं । अभी सीएम चंपाई सोरेन इसी रास्ते से गुजरे तो डर के मारे थोड़ी सी मरम्मत डाइवर्सन की करा दी गई है अन्यथा इधर से गुजरना बहुत कष्टकारी था । ठेकेदार काम रोक कर गायब है जिससे खतरा बना हुआ है । एनएचआइ और ठेकेदारए पुल जल्दी से न बनवा पाए तो कम से कम डाइवर्सन का सिग्नल ही लगवा दे अन्यथा कितने निर्दोष लोग मारे जाएंगे । तीन गंभीर सहित दर्जनों लोग इसमें घायल हो चुके हैं पर एनएचआइ और ठेकेदार की लापरवाही से खतरा ज्यों का त्यों बना हुआ है । दिलचस्प है कि बड़े प्रशासनिक अधिकारियों सहित बड़े नेता और मंत्री इस रास्ते से रोजाना गुजरते हैं क्योंकि औरंगाबाद,डाल्टनगंज से लेकर गुमला को जोड़ने वाला यह राजमार्ग सबसे व्यस्त राजमार्ग है। बिना सड़क पूरी तरह बनाए टोल टैक्स लेने के विरोध में कुछ राजनीतिक पार्टियों के नेता धरना तक दे चुके हैं और आपके लिकप्रिय दैनिक ने भी इसे प्रमुखता से उठाया है पर पूरी बेशर्मी से एनएचआइ आँखें मूँदे हुए है। अब इस पर हाईकोर्ट मेन जनहित याचिका डालने का समय आ गया है ।

**(अध्यक्ष माँ महिला समिति,पंडरा,रांची)**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

राजनीति

# क्या मायावती खुद ही अपनी पार्टी को धीरे-धीरे खत्म करने पर तुली हैं?


अजय कुमार

**बसपा** से निकाले जाने के बाद सांसद दानिश अली की कांग्रेस से दोस्ती बढ़ गई है। अमरोहा से सांसद दानिश को मायावती ने टीएमसी की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के रिश्वत के बदले प्रश्न पूछने के मामले में उनका समर्थन करने के लिए निलंबित कर दिया था। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने अपनी कुछ राजनैतिक जिम्मेदारियां अपने भतीजे और बसपा के राष्ट्रीय को-ऑडिनेटर आकाश आनंद को सौंप कर क्या संदेश दिया है, कोई नहीं जानता। मायावती ने अपने आप को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड तक समेट कर बाकी राज्यों की जिम्मेदारी आनंद को दे दी है। मायावती के इस फैसले पर नेतागण अपने हिसाब से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ को लगता है कि मायावती ने काफी सोच समझकर बसपा में अपने आप को सीमित किया है। संभवतः वह नहीं चाहती होंगी कि देश जीतने के चक्कर में कहीं उनका मजबूत किला यूपी और उत्तराखंड हाथ से नहीं निकल जाये। जहां उनके लिये हमेशा संभावनाएं बनी रहती हैं। कहा यह जा रहा है कि बहनजी चुनाव की तारीख घोषित होते ही यूपी में अपनी जनसभाएं शुरू कर देंगी। पहले वह मंडलवार सभाएं करेंगी। बीएसपी के लिये मजबूत समझी जाने वाली सीटों पर विशेष तौर पर फोकस रहेगा। मजबूत समझी जाने वाली सीटों के लिये वह जनसभाएं भी ज्यादा करेंगी। चुनाव की बेला में मायावती ने जो कदम उठाया है उससे बसपा को कितना नफा-नुकसान होगा यह तो समय ही बतायेगा, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि बसपा सुप्रीमो ने जो भी फैसला लिया है, वह काफी सोच समझकर लिया होगा। मायावती एक परिपक्व नेत्री हैं। उन्होंने बसपा को इस बुलंदी तक पहुंचाने में पूरा योगदान दिया था। दलित चिंतक स्वर्गीय कांशीराम की राजनैतिक विरासत को आगे बढ़ाने वाली मायावती की पहचान एक बड़ी नेत्री के रूप में होती है। मायावती पर दलित पूरा विश्वास करते हैं। दलित वोटरों ने कभी भी बहनजी का साथ नहीं छोड़ा जबकि मायावती अपनी सियासी जरूरतों को पूरा करने के लिए अक्सर गैर दलित वोटरों को भी बसपा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देती रहीं।

**मायावती के इस फैसले पर नेतागण अपने हिसाब से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ को लगता है कि मायावती ने काफी सोच समझकर बसपा में अपने आप को सीमित किया है।**


बोधि वृक्ष

## मेदिनीनगर स्थित मां काली का मंदिर

**डाल्टनगंज** के रेड़मा स्थित काली मंदिर जो की भगवती भवन के नाम से प्रसिद्ध है। इस मंदिर में द्वादश ज्योतिर्लिंग स्थापित है ...अधिक पढ़ें

पलामू। सावन का पावन महीना भगवान शंकर के भक्तों के लिए खास माना जाता है। सावन में श्रद्धालुओं की भीड़ शिवालय में उमड़ती है। वहीं द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने भी भारी संख्या में श्रद्धालु जाते हैं। मगर पलामू जिले में एक ऐसा मंदिर है जहां एक साथ सभी द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दर्शन आप कर सकते है। इनमें श्रीसोमनाथ, श्रीमल्लिकार्जुन, श्रीमहाकाल, ॐकारेश्वर, बैद्यनाथ, श्रीभीमशंकर, श्री रामेश्वर, श्रीनागेश्वर, श्री विश्वनाथ, श्री त्र्यम्बकेश्वर, श्रीकेदारनाथ और घुश्मेश्वर ज्योतिर्लिंग शामिल हैं। पलामू जिला मुख्यालय डाल्टनगंज के रेड़मा स्थित काली मंदिर जो की भगवती भवन के नाम से





प्रसिद्ध है। इस मंदिर में द्वादश ज्योतिर्लिंग की प्रतिमूर्ति स्थापित हैं। मंदिर के दाईं ओर द्वादश ज्योतिर्लिंग की पूजा के लिए हर दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती हैं। सन 1981 में मंदिर में बनारस के पुजारी खुल्लू भट्टाचार्य द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंग की प्रतिमूर्ति स्थापना कराई गई। जिसके बाद से काली मंदिर परिसर में द्वादश ज्योतिर्लिंग की पूजा अर्चना शुरू हुई। यह पलामू का पहला मंदिर है जहां द्वादश ज्योतिर्लिंग स्थापित है। **(समाप्त)**

## फेसबुक वॉल से




## X- से


AajTak
@aajtak

'पति को बांध दिया, गैंगरेप करने वाले लगातार मुझे पीटते रहे'

झारखंड के दुमका में शुक्रवार की रात स्पेन की महिला टूरिस्ट के साथ साथ गैंगरेप की जो घटना हुई है उसने पूरे देश को हिला कर रख दिया है. तीन युवकों को इस मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है. अब गैंगरेप की पीड़िता ने वारदात की जो हॉरर स्टोरी (आपबीती) सुनाई है वो रोंगटे खड़े कर देने वाला है.

स्पेनिश पीड़ित महिला ने एफआईआर में बताया है कि सातों आरोपी उस पर वारदात के दौरान लगातार लात-मुक्के बरसाते रहे. इतना ही नहीं पीड़ित विदेशी महिला ने बताया, 'रेप के आरोपियों ने उसके पति के हाथों को बांध दिया और उसे पीटते रहे.'

महिला ने कहा, 'मुझे लग रहा था कि आरोपी उस रात मेरी हत्या कर देंगे लेकिन भगवान की कृपा से अभी भी जिंदा हूं.' बता दें कि स्पेन की महिला से दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र में गैंगरेप की ये वारदात हुई थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने खुद मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की थी.

#JharkhandNews #SpanishWoman

Post your reply

# आध्यात्मिक क्रांति के संदेशवाहक


योगेश कु. गोयल


**आर्य** समाज के संस्थापक के रूप में वंदनीय महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती का जन्म गुजरात के टंकारा में 12 फरवरी 1824 को हुआ था लेकिन हिन्दू पंचांग के अनुसार उनकी जयंती प्रतिवर्ष फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की दशमी को मनाई जाती है, जो इस वर्ष 05 मार्च को है। ऐसे में हिन्दू कैलेंडर के अनुसार स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती 05 मार्च को मनाई जायेगी। स्वामी दयानंद ऐसे देशभक्त, समाज सुधारक, मार्गदशक और आधुनिक भारत के महान चिंतक हैं, जिन्होंने न केवल ब्रिटिश सत्ता से जमकर लोहा लिया बल्कि अपने कार्यों से समाज को नई दिशा और ऊर्जा भी प्रदान की। 1857 की क्रांति में उनका अमूल्य योगदान था। स्वामी दयानंद का बचपन बहुत अच्छा बीता लेकिन उनके जीवन में घटी एक घटना ने उन्हें इस कदर प्रभावित किया कि वे 21 वर्ष की आयु में ही अपना घर-वार छोड़कर आत्मिक एवं धार्मिक सत्य की तलाश में निकल पड़े और संन्यासी बन गये। जीवन में ज्ञान की तलाश में वे स्वामी विरजानंद से मिले, जिन्हें अपना गुरु मानकर उन्होंने मथुरा में वैदिक तथा योग शास्त्रों के साथ ज्ञान की प्राप्ति की। 1845 से 1869 तक कुल 25 वर्षों की अपनी वैराग्य यात्रा में उन्होंने कई प्रकार के दैविक क्रियाकलापों के बीच योग का भी गहन अभ्यास किया। देश के स्वतंत्रता संग्राम में स्वामी दयानंद की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी और 'स्वराज' का नारा उन्होंने ही दिया था, जिसे बाद में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने अपनाया और 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा दिया। वेदों का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ उनकी महत्ता लोगों तक पहुंचाने तथा समझाने के लिए उन्होंने देशभर में भ्रमण किया। जीवनपर्यन्त वेदों, उपनिषदों का पाठ करने वाले स्वामी जी ने पूरी दुनिया को इस ज्ञान से लाभान्वित किया। उनकी किताब 'सत्यार्थ प्रकाश' आज भी दुनियाभर में अनेक लोगों के लिए मार्गदर्शक साबित हो रही है। वेदों को सर्वोच्च मानने वाले स्वामी दयानन्द ने वेदों का प्रमाण देते हुए हिन्दू समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वासों का डटकर विरोध किया। जातिवाद, बाल विवाह, सती प्रथा जैसी समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में उनका योगदान उल्लेखनीय है, इसीलिए उन्हें 'संन्यासी योद्धा' भी कहा जाता है। दलित उद्धार तथा स्त्रियों की शिक्षा के लिए भी उन्होंने कई आन्दोलन किये। हिन्दू धर्म के अलावा इस्लाम तथा ईसाई धर्म में फैली बुराइयों और अंधविश्वासों का भी उन्होंने जोरदार खंडन किया।

**स्वामी दयानंद देश भक्त, समाज सुधारक और आधुनिक भारत के महान चिंतक हैं, जिन्होंने न केवल ब्रिटिश सत्ता से जमकर लोहा लिया बल्कि अपने कार्यों से समाज को नई दिशा और ऊर्जा भी प्रदान की।**

टेक वर्ल्ड

## अब टेलीग्राम चैनल से की जायेगी कमाई

**टेलीग्राम** यूजर्स के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। टेलीग्राम से अब आप मोटी कमाई कर सकते हैं। कंपनी के अधिकारियों ने इस बात की घोषणा कर दी है। क्या पूरा प्लान आइये आपको बताते हैं। कंपनी एड रेवेन्यू चैनल के ऑनर के साथ शेयर करने की प्लानिंग की हैं। क्या आप भी टेलीग्राम का यूज करते हैं तो यह बड़ी खबर आपके लिए है। अगर आप भी टेलीग्राम चैनल के लिए मालिक हैं तो यह खुशखबरी आपके लिए है। जी हा! अब टेलीग्राम से आपकी मोटी कमाई हो सकती है। कंपनी के अधिकारियों ने इस बात की घोषणा की है। कंपनी एड रेवेन्यू चैनल के ऑनर के साथ शेयर करने की प्लानिंग की है। आइये आपको पूरी जानकारी देते हैं। रिपार्ट के अनुसार, Telegram के चैनल के मालिकों की कमाई अब विज्ञापन से होगी। बता दें कि, कंपनी उनके विज्ञापन से होने वाली कमाई का लगभग 50 फीसदी हिस्सा शेयर करेगी। Telegram ने इसका नाम रिवॉर्ड दिया है और यह रिवॉर्ड toncoin की तरफ से TON ब्लॉकचेन के रुप में मिलेगी। इसकी शुरूआत 1 मार्च 2024 से शुरू हो चुकी है।



**टेलीग्राम ब्रॉडकास्ट चैनल का व्यूज 1 ट्रिलियन तक पहुंचा**

टेलीग्राम पर प्रसारण चैनल मासिक रूप से 1 ट्रिलियन व्यूज उत्पन्न कर रहा हैं। वर्तमान में, इनमें से केवल 10% दृश्यों का मोनोटाइज टेलीग्राम विज्ञापनों से किया जाता है। Telegram ने मार्च 2024 सभी तरह के एड को विज्ञापनदाताओं के लिए लॉन्च कर दिया गया है। यह विज्ञापन सभी 100 नए देशों में लॉन्च हुआ है। यह घोषणा टेलीग्राम के सीईओ पावेल दुरोव ने की है। **(समाप्त)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# तीन दिन बाद खत्म हुआ अनंत अंबानी-राधिका मर्चेंट का प्री-वेडिंग समारोह









**एजेंसी। जामनगर।**
अनंत अंबानी-राधिका मर्चेंट का तीन दिवसीय प्री-वेडिंग समारोह आखिरकार खत्म हो गया है। पिछले तीन दिनों से गुजरात के जामनगर में मशहूर हस्तियों के साथ उद्योग जगत के दिग्गजों का जमावड़ा लगा हुआ था। कल, 3 मार्च को टस्कर ट्रेल्स और सिग्नेचर कार्यक्रम हुआ। टस्कर ट्रेल्स एक आउटडोर कार्यक्रम था, जिसके जरिए मेहमानों को जामनगर, वंतारा घुमाया गया। देर रात अनंत-राधिका की भव्य महाआरती और हस्ताक्षर समारोह हुआ। इस बार राधिका मर्चेंट की धमाकेदार एंट्री देखने को मिली। ये वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

राधिका मर्चेंट की ग्रैंड एंट्री का वीडियो इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया गया है। जिसमें राधिका बेच कलर के लहंगे में नजर आ रही हैं। वीडियो की शुरूआत में अंबानी की बहू की एंट्री से पहले आतिशबाजी होती दिख रही है। फिर राधिका की एंट्री होती है। फिर वह फिल्म कभी खुशी कभी गम के गाने देखा तेनु पहली पहली बार वे पर डांस करती हुई अनंत के पास आती नजर आती हैं। राधिका की ग्रैंड एंट्री ने सभी का ध्यान खींचा है। कल की महाआरती में सभी अतिथि पारंपरिक पोशाक में दिखे। शाहरुख की पत्नी गौरी खान ब्लू ड्रेस में नजर आईं। शाहरुख सफेद शेरवानी में नजर आए।

इस बीच, विश्व प्रसिद्ध पॉप स्टार रिहाना ने अनंत-राधिका के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन के पहले दिन परफॉर्म किया। इसके बाद अगले दिन संगीत सेरेमनी हुई। इसमें बॉलीवुड सेलिब्रिटीज ने शानदार परफॉर्मेंस दी। बॉलीवुड के तीनों खान नाटू-नाटू गाने पर डांस करते नजर आए। रणबीर कपूर-आलिया भट्ट के साथ आकाश अंबानी-श्लोका मेहता ने केसरिया गाने पर धमाल मचाया। तीसरे दिन कल सभी अतिथियों को जामनगर और वंतारा का भ्रमण कराया गया और रात्रि में भव्य महाआरती, हस्ताक्षर समारोह हुआ। इस प्रकार, अनंत-राधिका का प्री-वेडिंग समारोह एक भव्य समारोह था। अब सभी मेहमान वापस जा रहे हैं।

## बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए मुख्यमंत्री आज करेंगे नामांकन



**एजेंसी। पटना।**
बिहार विधान परिषद के चुनाव के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को नामांकन करेंगे। बिहार विधान परिषद के कुल 11 सदस्यों का कार्यकाल खत्म होने वाला है।नीतीश कुमार का कार्यकाल आगामी 6 मई तक का है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जल्द ही विदेश दौरे पर जाने वाले हैं ऐसे में विदेश जाने से पहले नीतीश मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल कर देंगे। जदयू कोटे से एमएलसी की दो सीटें हैं। एक पर तो खुद मुख्यमंत्री नामांकन करेंगे जबकि दूसरी सीट के लिए जेडीयू की तरफ से कोई मुस्लिम चेहरा हो सकता है।

बिहार विधान परिषद में निर्वाचित 11 सदस्यों का कार्यकाल मई के पहले सप्ताह में पूरा हो रहा है। विधान परिषद की खाली होनेवाली इन सीटों पर चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। कार्यक्रम के अनुसार नामांकन की आखिरी तिथि 11 मार्च तक की गई है। उसके अगले दिन यानी 12 मार्च नामांकन की जांच होगी। इसके दो दिन बाद 14 मार्च को नामांकन वापिस लिए जाएंगे और 21 मार्च को इसके लिए चुनाव की तारीख तय की गई है। इसी दिन देर शाम तक चुनाव परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे।

### बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की लालू यादव को चुनौती

## सीट तय करें, चुनाव लड़ूंगा और जीतूंगा भी...



**एजेंसी। पटना।**
बिहार की राजधानी पटना में महागठबंधन की जन विश्वास रैली के बाद प्रदेश की सियासत गरमा गई है। भाजपा के नेता राजद को विभिन्न मुद्दों पर घेर रहे हैं। इसी बीच, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सोमवार को राजद पर निशाना साधा।

सम्राट चौधरी ने लालू यादव को सबसे बड़ा राम विरोधी बताते हुए कहा कि राजद के लोग जिस सीट से कहेंगे, चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूं और जीतूंगा भी।

पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजद के परिवारवाद पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा एक परिवार है। हम लोगों ने लिखा कि हम लोग मोदी के परिवार हैं। उन्होंने कहा कि लालू यादव 90 के चुनाव से पहले कहते थे कि रानी के पेट से राजा पैदा नहीं होता है और आज वे ही रानी के पेट से सिर्फ राजा ही पैदा करने के प्रयास में लगे हैं। वे लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग गलतफहमी में हैं। जब इनका पूरा परिवार चुनाव हार गया था, तब भी सम्राट चौधरी जीत कर आया था। राजद के लोग जिस सीट पर लड़ने के लिए कहेंगे, उस पर लड़ने के लिए तैयार हूं।

### राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का आयोजन 5 और 6 मार्च को दिल्ली में

**नई दिल्ली।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय मंगलवार को संसद के केंद्रीय कक्ष, संविधान सदन नई दिल्ली में राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2024 के फाइनल का 5 मार्च को उद्घाटन और 6 मार्च को समापन समारोह का आयोजन करेगा। इस वर्ष राष्ट्रीय युवा संसद का आयोजन 'युवा आवाजें: राष्ट्र परिवर्तन के लिए जुड़ाव और सशक्तीकरण' विषय पर आधारित किया जा रहा है। राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2024 का आयोजन 9 फरवरी से 6 मार्च तक पूरे देश में किया गया है। यह युवा संसद देश के 785 जिलों को कवर करते हुए तीन स्तरों पर आयोजित की गई है। जिला युवा संसद का आयोजन 9 फरवरी से 14 फरवरी तक किया गया। जिला युवा संसद-2024 के विजेताओं ने 19 से 24 फरवरी तक राज्य युवा संसद में भाग लिया।

## मप्र के शिवपुरी पहुंची राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

### केंद्र सरकार पर लगाए आरोप



**एजेंसी। शिवपुरी।**
कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को शिवपुरी पहुंची। इस दौरान राहुल गांधी का रोड शो हुआ और इसके बाद शहर के माधव चौक चौराहे पर सभा हुई। कार पर ही बैठकर राहुल गांधी ने सभा को संबोधित किया।

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों को निशाना बनाते हुए कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने मनरेगा का बजट बंद कर दिया। जबकि मनरेगा के बजट से आम लोगों व ग्रामीणों को रोजगार मिलता है। मैं हर बार कहता हूं कि जातिगत जनगणना कराएं जिससे पिछड़ा वर्ग, एससी, एसटी, आदिवासी लोगों की संख्या साफ तौर पर निकल कर सामने आ सके लेकिन इस पर केंद्र सरकार द्वारा कुछ नहीं बोला जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि देश में तीन बड़े मुद्दे हैं- बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार लेकिन इन तीनों मुद्दों को गायब कर दिया गया है।

## महागठबंधन ने रैली के जरिए एकजुटता की बस रस्म निभाई, लालू के परिवारवाद पर फिर उठे सवाल



**एजेंसी। पटना।**
बिहार की राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में विपक्षी दलों के महागठबंधन की 'जन विश्वास रैली' के जरिए घटक दलों ने एकजुट होने का संदेश देने की कोशिश की।

महागठबंधन के घटक दलों के नेताओं ने रैली में भाग लेकर इस संदेश को देने की भले ही रस्म अदायगी की, लेकिन, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने जिस तरह से अपने दोनों पुत्रों का हाथ उठाकर परिचय करवाया और मंच पर उनके परिवार के छह सदस्य उपस्थित थे, उस पर अब सवाल उठाए जाने लगे हैं।

दरअसल, जन विश्वास रैली में एक ही मंच पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, वामपंथी दलों के दीपांकर भट्टाचार्य, डी. राजा उपस्थित होकर लोगों को यह संदेश देने की कोशिश करते दिखे कि जदयू के महागठबंधन से निकलने के बाद भी गठबंधन एकजुट है। लेकिन, इस मंच पर राजद के प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार के सदस्यों की उपस्थिति को लेकर सबसे अधिक चर्चा हो रही है।

इस मंच पर लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनके दोनों पुत्र तेजप्रताप यादव और तेजस्वी यादव तथा पुत्री मीसा भारती तो उपस्थित थे ही, उनकी छोटी पुत्री रोहिणी आचार्य इस रैली के जरिए राजनीतिक पारी की शुरूआत करती दिखीं।

लालू यादव ने मंच से अपनी बेटी डॉ रोहिणी आचार्य का परिचय भी लोगों से कराया। लालू यादव ने बताया कि इसी बेटी की किडनी पर वे आज जीवित हैं, उन्हें जीवनदान मिला है। उन्होंने अपनी बड़ी बेटी डॉ मीसा भारती की भी प्रशंसा की। इस दौरान लालू ने तेजस्वी और तेज प्रताप को भी खड़ा करवाया और दोनों का हाथ पकड़े कहा कि तेजस्वी हमसे भी ज्यादा मेहनत कर रहा है।

जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने सोमवार को कहा कि महागठबंधन की 10 लाख की रैली फर्जी निकली। रैली में लालू यादव अपने पुत्रों की एकजुटता दिखाने का प्रयास कर रहे थे।

### दिल्ली हाई कोर्ट का महुआ मोइत्रा के खिलाफ 'अपमानजनक' पोस्ट मामले पर रोक से इनकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को मानहानि के एक मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। मोइत्रा ने प्रश्न के बदले नकदी मामले में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और वकील जय अनंत देहाद्राई द्वारा सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ कथित अपमानजनक पोस्ट पर रोक लगाने की मांग की थी। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने अंतरिम निषेधाज्ञा के लिए मोइत्रा का आवेदन खारिज कर दिया, और दुबे तथा देहाद्राई को इस स्तर पर विवादित सामग्री पोस्ट करने से रोकने से इनकार कर दिया। मोइत्रा की अर्जी पर कोर्ट ने 20 दिसंबर 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने कहा मैंने निषेधाज्ञा आवेदन खारिज कर दिया है।

## भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया पर बदला बायो, नाम के साथ जोड़ा 'मोदी का परिवार'




**एजेंसी। नई दिल्ली।**
आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ विरोध जताते हुए भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया पर अपना बायो बदल कर अपने नाम के साथ 'मोदी का परिवार' जोड़ दिया है। लालू यादव के बयान के खिलाफ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में खड़े होते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं ने सोशल मीडिया पर अपने नाम को बदल कर उसके आगे 'मोदी का परिवार 'जोड़ दिया है। इससे पहले भाजपा नेता विनोद तावड़े ने लालू यादव के बयान की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि चुनावों में लगातार मिल रही हार से निराश और हताश होकर लालू यादव अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी करने लगे हैं।

**हिन्दू धर्म में गुरु-शिष्य परंपरा है, पिता-पुत्र परंपरा नहीं :** सोमवार को भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले कई सालों से विपक्ष ईर्ष्या, द्वेष और हीन भावना से ग्रसित होकर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक और आपत्तिजनक बयान दिए हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए पूरा देश उनका परिवार है।

## संक्षिप्त खबरें

### अमित शाह नौ मार्च को करेंगे बिहार में चुनाव का शंखनाद



**पटना।** बिहार में एनडीए सरकार का गठन हुए अभी एक माह का ही समय गुजारा है कि भाजपा के दिग्गज नेताओं का दौरा शुरू हो चुका है। केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह नौ मार्च को पटना जिले के पालीगंज आएंगे। वे यहां लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। वे अनुमंडल मुख्यालय बाजार स्थित कृषि फॉर्म के मैदान में रैली को संबोधित करेंगे। एनडीए सरकार बनने के बाद वे पहली बार बिहार आ रहे हैं। रैली की तैयारी भाजपा ने शुरू कर दी है। इस रैली में एक लाख लोगों को जुटाने का लक्ष्य है।

### ममता के सभा स्थल के निकट देसी बम बरामद



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार दोपहर पूर्वी मिदनापुर जिले के तमलुक में एक बैठक को संबोधित करने वाली हैं। इसके पहले भूपतिनगर इलाके से 20 किलोमीटर दूर देशी बम बरामद किए गए। एक खेत में झोपड़ी में बम रखे गए थे। पुलिस सूत्रों ने कहा कि मुख्यमंत्री के किसी भी जिले के दौरे से पहले इलाके की तलाशी ली जाती है। ऐसे ही एक अभ्यास के दौरान पुलिस ने देशी बम बरामद किये। पुलिस सूत्रों ने कहा, मुख्यमंत्री की यात्रा से पहले इतनी बड़ी मात्रा में देशी बमों की बरामदगी को पुलिस बहुत गंभीरता से ले रही है।

### सुप्रीम कोर्ट से आम आदमी पार्टी को झटका 15 जून तक खाली करना होगा दफ्तर

नई **दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के राऊज एवेन्यू स्थित मुख्य पार्टी कार्यालय को 15 जून तक खाली करने का आदेश दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि पार्टी का दफ्तर खाली करने से जिला अदालत के विस्तार में मदद मिलेगी। कोर्ट ने कहा कि 2024 के आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए 15 जून तक का समय दिया जा रहा है। कोर्ट ने आम आदमी पार्टी को पार्टी दफ्तर की वैकल्पिक भूमि के लिए लैंड एंड डेवलपमेंट ऑफिस में आवेदन देने के लिए कहा। साथ ही कोर्ट ने लैंड एंड डेवलपमेंट ऑफिस को निर्देश दिया को वो आम आदमी पार्टी के आवेदन पर चार हफ्ते में फैसला करे।

### कांग्रेस नेता हरक सिंह की पत्नी दीप्ति रावत से ईडी ने देहरादून स्थित कार्यालय में की पूछताछ

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब, हरक सिंह के साथ ही उनके परिवारवालों को भी पूछताछ के लिए ईडी ने समन भेजकर दफ्तर बुलाया है। ईडी पाखरो टाइगर सफारी मामले की जांच कर रही है। इसी सिलसिले में उसने हरक सिंह रावत के साथ उनकी पत्नी, बेटे और उनकी बहू को भी पूछताछ के लिए समन भेजा है। सोमवार को हरक सिंह रावत की पत्नी दीप्ति रावत को देहरादून स्थित ईडी कार्यालय बुलाया गया, जहां दीप्ति रावत से उनकी पारिवारिक संपति के बारे में पूछताछ की गई।

### कर्नाटक में तीन लोगों ने की खुदकुशी

**गडग (कर्नाटक)।** कर्नाटक के गडग जिले के एक गांव में कर्ज को लेकर हुए विवाद के बाद दो महिलाओं सहित एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने आत्महत्या कर ली। यह घटना जिले के लक्ष्मेश्वर तालुक के गोनल गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक, ट्रैक्टर का लोन चुकाने को लेकर मां रेणुका और बेटे मंजूनाथ के बीच विवाद हुआ था।

## योगी को बम से उड़ाने की मिली धमकी, पुलिस जांच में जुटी



**एजेंसी। लखनऊ।**
राजधानी लखनऊ के पुलिस कंट्रोल रूम में आए एक कॉल से हड़कंप मच गया है। यह कॉल के जरिये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सुरक्षा मुख्यालय में तैनात मुख्य आरक्षी ने महानगर थाना में इसकी शिकायत दर्ज करायी है।

उल्लेखनीय है कि यह कॉल शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम के सीयूजी नंबर पर आया था। इसके बाद कंट्रोल रूम में तैनात हेड कांस्टेबल ने तुरंत धमकी वाले नंबर की शिकायत दर्ज कराई। अब पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

थाना प्रभारी अखिलेश कुमार ने सोमवार को बताया कि सुरक्षा मुख्यालय में तैनात मुख्य आरक्षी उधम सिंह की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है। उसने बताया कि दो मार्च को उनके मोबाइल पर एक अंजान नम्बर से फोन आया। सिपाही द्वारा फोन उठाते ही सामने वाले व्यक्ति ने बताया कि आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ा दिया जाएगा। नाम पता पूछने पर उसने फौरन फोन काट दिया। इसके बाद सिपाही ने महानगर थाना में अज्ञात के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी को जान से मारने की धमकी के मामले में शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एलोपैथिक और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति एक मंच पर आकर जन कल्याण के लिए काम करें : डॉ मांडविया

### राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के 27वें दीक्षांत समारोह और 29 वें राष्ट्रीय संगोष्ठी का किया उद्घाटन



**एजेंसी। नई दिल्ली।**
केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने कहा कि आने वाले दिनों में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति फैशन के रूप में आने वाला है। लोग योग और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति का महत्व फिर से समझने लगे हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति एक मंच पर आए और मानव कल्याण की दिशा में कार्य करें।

सोमवार को डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के 27वें दीक्षांत समारोह और 29 वें राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ मनसुख मांडविया ने कहा कि आयुष में सहयोगात्मक अनुसंधान अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान के बीच की खाई को पाटता है, स्वास्थ्य देखभाल के लिए एक सहक्रियात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है।

इस मौके पर डॉ मनसुख मांडविया ने कहा, आयुष और आईसीएमआर के बीच रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान को आगे बढ़ाना, पारंपरिक आयुष प्रथाओं को आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के साथ एकीकृत करना और भारत को समग्र स्वास्थ्य देखभाल नवाचारों में सबसे आगे ले जाना है। इस मौके पर उन्होंने आयुष स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के लिए भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक लॉन्च के साथ चयनित 4 एम्स में 5 एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान आयुष-आईसीएमआर उन्नत केंद्रों की स्थापना भी की। इनमें एम्स दिल्ली के गैस्ट्रो इंटस्टाइनल विकारों से संबंधी एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए उन्नत केंद्र और महिलाओं और बाल स्वास्थ्य में एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए उन्नत केंद्र, एम्स- जोधपुर, एम्स नागपुर और एम्स ऋषिकेश शामिल हैं।

### एनीमिया पर मल्टीसेंटर क्लिनिकल ट्रायल की घोषणा

आयुष मंत्रालय और आईसीएमआर के तहत सीसीआरएएस ने एनीमिया पर एक शोध अध्ययन किया है। इसका शीर्षक है पुनर्वनवादि मंडुरा की प्रभावशीलता और सुरक्षा और द्रक्षवलेहा के संयोजन में प्रजनन आयु वर्ग की गैर-गर्भवती महिलाओं में मध्यम लौह की कमी वाले एनीमिया के उपचार संबंधी कंट्रोल्ड ट्रायल अध्ययन को 8 अलग-अलग साइटों पर किया जाएगा। इस मौके पर गुरु शिष्य परंपरा के तहत नामांकित लगभग 201 शिष्यों को सीआरएवी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

## धर्मशाला में पांचवां टेस्ट जीतते ही इतिहास रचेगा भारत

**धर्मशाला।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला सात मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा। टीम इंडिया के लिए यह मैच सीरीज को प्रभावी तरीके से जीतने का एक मौका होगा। भारतीय टीम ने पहले ही इस सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। धर्मशाला में पांचवां टेस्ट जीतते ही टीम इंडिया एक खास रिकॉर्ड की भी बराबरी कर लेगी। दरअसल, भारत को पहले टेस्ट में करारी हार मिली थी और इसके बाद रोहित एंड कंपनी जबरदस्त वापसी करते हुए बाकी तीनों मैच जीते। ऑस्ट्रेलिया ने ऐसा दो बार और इंग्लैंड ने एक बार किया है। पिछली बार ऐसा 112 साल पहले इंग्लैंड ने किया था।

# युवराज और हरभजन के बीच भिड़ंत के साथ लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी की होगी शुरूआत

**एजेंसी। कैंडी।**

भारत के दिग्गज क्रिकेटर हरभजन सिंह और युवराज सिंह 8 मार्च से पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होने वाले लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के पहले मैच में भिड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी का दूसरा सीजन श्रीलंका में 8 मार्च से शुरू होने जा रहा है। इस साल लीग के सभी मैच श्रीलंका के पल्लेकेले स्टेडियम में खेले जाएंगे। युवराज न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स का नेतृत्व करेंगे, जिसमें डैन क्रिश्चियन, इसुरु उदाना, जेरोम



टेलर, रिकार्डो पॉवेल, चमारा कपुगेदारा, राहुल शर्मा और लाहिरू थिरिमाने जैसे कुछ बड़े नाम शामिल हैं। दूसरी ओर हरभजन सिंह के नेतृत्व वाली दुबई जाइंट्स में शॉन मार्श, रिचर्ड लेवी, थिसारा परेरा, फिदेल एडवर्ड्स और बेन लॉफलिन जैसे खिलाड़ी हैं। दोनों ही टीमें कागज पर काफी मजबूत हैं और टूर्नामेंट के शुरूआती दिन शानदार प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार होंगे।

इस बीच टूर्नामेंट के आगाज से पहले लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के निदेशक शावेन शर्मा ने कहा हम इस नए प्रारूप में इससे अधिक रोमांचक टूर्नामेंट ओपनर की उम्मीद नहीं कर सकते थे। हरभजन और युवराज दोनों को पूरी दुनिया में पसंद किया जाता है और श्रीलंका में भी उनके फैंस की कमी नहीं है। हम पहले मैच के लिए बड़े पैमाने पर दर्शकों की उम्मीद कर रहे हैं।

लीग में एरोन फिंच, क्रिस गेल और अन्य बड़े नाम भी शामिल होंगे। इस साल सीजन के मुकाबले 90-90 बॉल के होंगे।

लीजेंड क्रिकेट ट्रॉफी का पहला सीजन 2023 में 22 से 30 मार्च तक भारत के गाजियाबाद में आयोजित किया गया था।

फाइनल मैच में बारिश की वजह से इंदौर नाइट्स और गुवाहाटी एवेंजर्स को उद्घाटन सीजन का संयुक्त विजेता घोषित किया गया था।

## फाइनल मुकाबले में सेबेस्टियन बेज ने एलेजांद्रो को हराया

**एजेंसी। सैंटियागो।**

अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज ने चिली के एलेजांद्रो टेबिलो को 3-6, 6-0, 6-4 से हराकर चिली ओपन, एटीपी 250 इवेंट और अपने करियर का छठा और लगातार दूसरा खिताब अपने नाम किया।

इस खिताबी जीत के साथ 23 वर्षीय सेबस्टियन बेज सोमवार को एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के बेस्ट 19वें नंबर पर पहुंच जाएंगे और अपने हमवतन फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को पीछे छोड़ते हुए सर्वश्रेष्ठ रैंक हासिल कर लेंगे।

रविवार को मिली जीत के साथ बेज ने दो हफ्ते तक अपना विजय रथ जारी रखा, जिसमें उन्होंने रियो डी जनेरियो में एटीपी 500 और चिली ओपन जीता।

बात अगर चीली ओपन फाइनल मुकाबले की करें तो टेबिलो ने तेज शुरूआत की और शुरूआती सेट अपने नाम कर लिया। हालांकि, बेज ने दमदार वापसी की और दो सेट लगातार




जीते। बेज ने मैच के बाद कहा, मेरे मन में कई भावनाएं हैं। मैच की शुरूआत में मुझे अच्छा महसूस नहीं हो रहा था। मैच बेहद शानदार रहा और तीनों सेट एक दूसरे से काफी अलग थे। मैच उतार-चढ़ाव से भरा था। इसलिए, मैं बस अपनी टीम के साथ इसका आनंद लूंगा क्योंकि हमने यहां आने के लिए और उच्च रैंकिंग हासिल करने के लिए कई वर्षों से संघर्ष किया है।

## सीएसके का मैच विनर प्लेयर आधे सीजन से हुआ बाहर



**क्राइस्टचर्च।** आईपीएल 2024 के आगाज में अब चंद हफ्ते बाकी हैं, लेकिन इससे पहले डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स को करारा झटका लगा है। बताया जा रहा है कि न्यूजीलैंड के विस्फोटक ओपनर डेवोन कॉनवे आधे से ज्यादा सीजन तक टीम से बाहर हो सकते हैं। डेवोन कॉनवे को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान बाएं अंगूठे पर चोट लग गई। उन्हें इस हफ्ते सर्जरी करवानी है, जिससे वह कम से कम आठ हफ्ते तक बल्ला नहीं उठा पाएंगे। चोटिल होने के कारण उन्हें पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 और फिर टेस्ट से भी बाहर होना पड़ा।

## खराब फॉर्म से जूझ रहे जॉनी बेयरस्टो को मिला जो रूट का समर्थन

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

भारत दौरे पर आई इंग्लैंड का हाल इन दिनों अच्छा नहीं है। टीम इंडिया के खिलाफ जीत के साथ टेस्ट सीरीज की शुरूआत करने के बाद इंग्लिश टीम को लगातार तीन हार मिली और पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-3 से पिछड़ गई।

इंग्लैंड जब धर्मशाला में 7 मार्च को पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में भारत के साथ खेलेगा तो जॉनी बेयरस्टो अपना 100वां टेस्ट मैच खेलेंगे।

इस बीच उनके लंबे समय के साथी जो रूट ने कहा कि ये विकेटकीपर-बल्लेबाज जब दबाव में होता है, तो वो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं।

भारत के खिलाफ सीरीज के फाइनल में बेयरस्टो 100 टेस्ट मैच खेलने वाले इंग्लैंड के 17वें पुरुष टेस्ट खिलाड़ी बन जाएंगे।

खराब फॉर्म से जूझ रहे बेयरस्टो पर जो रूट ने कहा वह अपनी भावनाओं, मुश्किलों और चुनौतियों को अपना हथियार



बनाते हैं। यह उनका सर्वश्रेष्ठ बाहर लाता है।

बेयरस्टो ने 99 टेस्ट मैचों में 36.42 की औसत से 5,974 रन बनाए हैं, जिसमें 12 शतक और 26 अर्द्धशतक शामिल हैं।

रूट, जो यॉर्कशायर के दिनों से ही बेयरस्टो के साथ हैं। उन्हें लगता है कि इस विकेटकीपर-बल्लेबाज के लिए 100वीं टेस्ट कैप हासिल करने की इससे बेहतर कहानी नहीं लिखी जा सकती थी। रूट ने टेस्ट में टीम की मांग के अनुसार विभिन्न भूमिकाओं को अपनाने के लिए बेयरस्टो की सराहना भी की।

# आईपीएल 2024 से पहले सीएसके को बड़ा झटका, मई तक क्रिकेट से दूर हुए डेवोन कॉनवे

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को बड़ा झटका लगा है, टीम के सलामी बल्लेबाज न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे कम से कम मई तक क्रिकेट के मैदान से दूर रहेंगे। कॉनवे, जो पिछले साल गुजरात टाइटंस के खिलाफ खिताबी मुकाबले में मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी थे, के बाएं अंगूठे की सर्जरी होगी, जिससे वे कम से कम आठ सप्ताह के लिए बाहर रहेंगे।

32 वर्षीय खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में आयोजित टी-20 श्रृंखला के दौरान अंगूठे में चोट लग गई और परिणामस्वरूप, वह शुरूआती टेस्ट खेलने के लिए भी उपलब्ध नहीं थे।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सोमवार को पुष्टि की है कि चिकित्सकीय परामर्श के बाद कॉनवे के बाएं अंगूठे की सर्जरी करने का निर्णय लिया गया है। रिकवरी में कम से कम आठ सप्ताह लगने का



अनुमान है, पूरी संभावना है कि कॉनवे आधे से अधिक टूनार्मेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे जो 22 मार्च को शुरू होने वाला है और मई के अंत तक समाप्त होने की संभावना है।

हेनरी निकोल्स, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए कॉनवे के कवर के रूप में बुलाया गया था, अब दूसरे टेस्ट के लिए टीम के साथ बने रहेंगे। इस बीच, नील वैगनर की विदाई टेस्ट मैच पाने की उम्मीदें उस समय खत्म हो गईं जब यह पुष्टि हो गई कि उन्हें घायल विल ओ'रूर्के के प्रतिस्थापन के रूप में टीम में शामिल नहीं किया जाएगा। तेज गेंदबाज के बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है और अब उन्हें कम से कम दो सप्ताह के आराम की जरूरत होगी।

न्यूजीलैंड ने उनकी जगह बेन सियर्स को टीम में शामिल किया है, जिन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर में अब तक 19 मैचों में 58 विकेट लिए हैं। सियर्स ने न्यूजीलैंड के लिए टी-20 खेला है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे हालिया श्रृंखला भी शामिल है, उन्हें अभी भी टेस्ट में शामिल होना बाकी है।

मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा बेन गुणवत्तापूर्ण कौशल वाला एक युवा गेंदबाज है। वह वास्तविक गति से गेंदबाजी करता है और अच्छी उछाल प्राप्त करता है जो लाल गेंद क्रिकेट में हमेशा एक बड़ी संपत्ति होती है। हम इस गर्मी में सफेद गेंद क्रिकेट में ब्लैककैप्स के लिए उसके प्रदर्शन से वास्तव में प्रभावित हुए हैं और हमारा मानना है कि वह टेस्ट में आगे बढ़ सकता है।

## डब्ल्यूएफआई चुनाव के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट पहलवान बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

पहलवानों ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव को गैर-कानूनी घोषित किए जाने की मांग की है। पहलवानों ने अपनी याचिका में कहा कि इस चुनाव में खेल मंत्रालय द्वारा निर्धारित किए गए नियमों का उल्लंघन हुआ है। सुनवाई के लिए याचिका न्यायाधीश सचिन दत्ता के समक्ष सूचीबद्ध है। याचिका में दलील दी गई है कि 21 दिसंबर को हुए चुनाव में खेल मंत्रालय के नियमों की अवहेलना की गई है। इसके साथ ही फेडरेशन से मांग की गई है कि जब तक मामले का निस्तारण नहीं हो जाता, तब तक सभी प्रकार की गतिविधियों पर विराम लगाया जाए। महासंघ के कार्यों का हवाला देते हुए याचिका में कहा गया है कि याचिकाकताओं के अलावा कई एथलीटों को महासंघ के कारण नुकसान उठाना पड़ा है।

## दिल्ली कैपिटल्स की मेग लैनिंग ने कहा, 'हमारा टॉप-6 सबसे बेस्ट'

**एजेंसी। बेंगलुरु।**

ऑस्ट्रेलिया की पूर्व महिला कप्तान मेग लैनिंग ने बेशक इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया हो, लेकिन उनका बल्ला खामोश नहीं हुआ है। भारत में खेले जा रहे महिला प्रीमियर लीग में मेग लैनिंग दिल्ली कैपिटल्स टीम की कप्तानी कर रही हैं, जहां वो बल्ले और अपनी कप्तानी दोनों से धूम मचा रही हैं।

रविवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात जायंट्स पर 25 रनों की जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स इस सीजन में टॉप पर पहुंच चुकी है। इस जीत के बाद कप्तान मेग लैनिंग ने कहा कि उनके सहित सभी शीर्ष छह बल्लेबाज अपनी-अपनी ताकत के अनुसार खेलते हैं।

मेग लैनिंग दोनों टीमों के बल्लेबाजों में से एकमात्र खिलाड़ी थीं, जिन्होंने पचास के आंकड़े को पार किया। मैच के बाद मेग ने कहा हमने वास्तव में जो कुछ भी कहा है, वह अपनी ताकत के अनुसार खेलना है। हमारे सभी शीर्ष छह की अपनी-अपनी ताकतें हैं। जब तक



खिलाड़ी अपना बेस्ट दे रहे हैं, हम उनका समर्थन करेंगे।

हम यहां स्वतंत्रता के साथ खेलना चाहते हैं, खासकर यहां की परिस्थितियां को ध्यान में रखकर। विकेट काफी सपाट और आउटफील्ड तेज है। हम अपनी शैली में खेलकर अच्छा कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम ऐसा करना जारी रखेंगे। मेग ने 41 गेंदों में 55 रन बनाए और उन्हें लगा कि यह एक ऐसी पारी थी जिसके लिए उन्हें बहुत मेहनत करनी पड़ी। साथ ही उन्होंने गुजरात के गेंदबाजों की भी सराहना की।

## सनराइजर्स हैदराबाद के नये कप्तान बने पैट कमिंस

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

आईपीएल 2024 शुरू होने से पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को अपनी टीम का नया कप्तान बनाया है। टीम ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी।

पैट कमिंस इस पद पर एडन मार्करम की जगह लेंगे। पिछले दो सीजन में सनराइजर्स की कप्तानी एडेन मार्कराम ने की थी, लेकिन दोनों ही सीजन टीम के लिए बेहद खराब रहे, आईपीएल 2023 में 14 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ अंक तालिका में टीम सबसे नीचे रही। हालांकि, मार्कराम ने एसए20 के पहले दो सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद फ्रैंचाइजी की सहयोगी टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप को सफलतापूर्वक ट्रॉफी तक पहुंचाया। लेकिन कमिंस के लिए साल 2023 शानदार रहा।

पैट कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में 2 आईसीसी खिताब जीते। टीम ने



नवंबर में भारत को हराकर वनडे वर्ल्ड कप जीता था। उससे पहले जून में टीम इंडिया को ही हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की ट्रॉफी पर भी कब्जा किया। साथ अपनी टीम का कब्जा एशेज पर भी बनाए रखा। कमिंस की कप्तानी स्किल को देखते हुए ही सनराइजर्स ने उन्हें नया कप्तान बनाया है। यह पहली बार होगा जब कमिंस आईपीएल में किसी टीम की कप्तानी करेंगे और एसआरएच के नए मुख्य कोच डेनियल विटोरी के साथ फिर से जुड़ेंगे, जो ऑस्ट्रेलिया के लिए सहायक कोच के रूप में भी काम करते हैं।

# यूएस किड्स गोल्फ मलेशियाई चैंपियनशिप 2024 में हिस्सा लेंगे सात भारतीय

**एजेंसी। कुआलालंपुर।**

यूएस किड्स गोल्फ मलेशियाई चैंपियनशिप 2024 में सात भारतीय युवा गोल्फर भाग लेंगे, जो यूएस किड्स सीरीज के एशियाई सर्किट का एक हिस्सा है। टूर्नामेंट का आयोजन 5 से 7 मार्च तक ग्लेनमेरी गोल्फ एंड कंट्री क्लब में किया जाएगा।

आयोजकों द्वारा रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, तीन दिवसीय टूर्नामेंट में मलेशिया के 37 खिलाड़ियों सहित 16 देशों के कुल 106 जूनियर गोल्फ खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे।

मैदान में सात भारतीय हैं, जिनमें लड़कों के 8 और उससे कम उम्र के वर्ग में; रुस्लान आलम खान और दिवजोत गुप्ता, 10 और उससे कम उम्र के लड़कों में जोत सरूप गुप्ता; लड़कों के 13-14 उम्र वर्ग में



अर्शवंत श्रीवास्तव, वेद साई माचिराजू और सोहांग हर कांतोर शामिल हैं। वहीं लड़कियों के 13-14 उम्र वर्ग में कुन्नूर की कृति पारेख मैदान में एकमात्र भारतीय गोल्फर होंगी। पांच से 18 वर्ष के आयु समूहों में सौ से अधिक प्रविष्टियों वाला यह आयोजन तीन दिवसीय कार्यक्रम होगा जो विश्व एमेच्योर गोल्फ रैंकिंग अंक प्रदान करता है।

इसके अलावा युवा गोल्फर प्रायोरिटी स्टेटस के लिए खेलेंगे। खिलाड़ी क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय और विश्व या विश्व किशोर चैंपियनशिप में विभिन्न स्तर की स्थिति अर्जित करके यूएस किड्स गोल्फ मेजर चैंपियनशिप के लिए अर्हता प्राप्त कर सकते हैं। प्रमुख टूर्नामेंटों में जुलाई में यूएस किड्स वर्ल्ड टीन चैंपियनशिप (13 से 18 वर्ष की आयु) और अगस्त में संयुक्त राज्य अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना के पाइनहर्स्ट में यूएस किड्स गोल्फ वर्ल्ड चैंपियनशिप (5 से 12 वर्ष की आयु) शामिल हैं। वे यूरोपीय चैंपियनशिप में भी स्थान अर्जित कर सकते हैं।

मलेशियाई चैंपियनशिप 2024 एशिया भर में होने वाले आयोजनों की श्रृंखला में पहली है, जो यूएस किड्स एशिया के अंतर्गत आती है जिसका मुख्यालय भारत में है। अन्य राष्ट्रीय चैंपियनशिप थाईलैंड चैंपियनशिप, सिंगापुर चैंपियनशिप और भारतीय चैंपियनशिप हैं, जिनकी दिसंबर, 2024 में पुष्टि हो गई है। कुछ अन्य एशियाई देशों में आगे की चैंपियनशिप की भी योजना बनाई गई है।

जो गोल्फ खिलाड़ी प्रमुख प्रतियोगिताओं में जगह नहीं बना पाते, वे अन्य देशों में यूएस किड्स इंटरनेशनल चैंपियनशिप में भाग ले सकते हैं, जिससे उन्हें अगली विश्व चैंपियनशिप में जगह मिल सकती है।

## खबरें व्यापार जगत की

### मूडीज ने भारत के लिए विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.8 फीसदी किया

**एजेंसी। नई दिल्ली।**




देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कैलेंडर वर्ष 2024 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.1 फीसदी से बढ़ा कर 6.8 फीसदी कर दिया है। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने सोमवार को कैलेंडर वर्ष 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अपने पूर्वानुमान को बढ़ा कर 6.8 फीसदी कर दिया है। इससे पहले एजेंसी ने 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.1 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया था। इसके साथ ही एजेंसी ने कहा है कि भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

**कैलेंडर वर्ष 2024 के लिए भारत का विकास दर 6.8 फीसदी रहने का अनुमान**

मूडीज ने वर्ष 2023 के 'उम्मीद से मजबूत' आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए भारत के विकास दर के अनुमान को बढ़ाया है। एजेंसी ने कहा कि वर्ष 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान है। मूडीज ने कहा कि उच्च-आवृत्ति के संकेतकों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था सितंबर और दिसंबर तिमाही की मजबूत रफ्तार वर्ष 2024 की मार्च तिमाही में जारी है।

उल्लेखनीय है कि कैलेंडर वर्ष 2023 में भारत के जीडीपी के आंकड़े उम्मीद से कहीं बेहतर रहे हैं, जिसकी वजह से रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कैलेंडर वर्ष 2024 के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया है। दरअसल कैलेंडर साल 2023 की चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर सालाना आधार पर 8.4 फीसदी रही है। ऐसे में 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7 फीसदी की दर से बढ़ी है।

### हरे निशान पर खुला शेयर बाजार सेंसेक्स 60 अंक उछला



**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले दिन सोमवार को शेयर बाजार में कारोबार की सकारात्मक शुरूआत हुई। हालांकि, अभी दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव दिख रहा है। फिलहाल बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 60.38 अंक यानी 0.082 फीसदी की उछाल के साथ 73,866.53 पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 16.70 अंक यानी 0.075 फीसदी की बढ़त के साथ 22,395.10 पर कारोबार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि शेयर बजार ने शनिवार को विशेष कारोबार के दौरान ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया था। बीएसई का सेंसेक्स 1,305.85 अंक यानी 1.80 फीसदी उछलकर 73,806.15 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी 395.60 अंक यानी 1.80 फीसदी की बढ़त के साथ 22,378.40 के स्तर पर बंद हुआ था।

### कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में सोमवार को कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक,राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.09 डॉलर यानी 0.11 फीसदी की बढ़त के साथ 83.64 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.02 डॉलर यानी 0.03 फीसदी की उछाल के साथ 79.95 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

### सरकार ने शर्तों के साथ बांग्लादेश, यूएई में प्याज के निर्यात को दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** विदेश व्यापार महानिदेशालय ने अधिसूचना जारी कर बताया कि केंद्र सरकार ने 64,400 टन प्याज के निर्यात को बांग्लादेश और यूएई नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के जरिए निर्यात की मंजूरी दे दी है। 50 हजार टन प्याज को बांग्लादेश में निर्यात करने की मंजूरी दी गई है। इसके अलावा 14,400 टन प्याज को भी यूएई निर्यात करने की मंजूरी मिली है। इससे पहले केंद्र सरकार ने 8 दिसंबर 2023 को प्याज को निर्यात करने के संबंध में निर्धारित किए गए नियमों में संशोधन किया था।

### वित्त वर्ष 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी

**चेन्नई।** बैंक ऑफ बड़ौदा के एक अर्थशास्त्री ने एक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025 में 7.8 फीसदी की दर से बढ़ेगी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा वित्त वर्ष 2024 के लिए 7.6 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि अनुमान का हवाला देते हुए, अर्थशास्त्री जाह्नवी प्रभाकर ने कहा कि स्ट्रॉन्ग मैक्रोइकोनॉमिक फंडामेंटल्स को देखते हुए, वित्त वर्ष 2025 में खपत और निवेश के बने रहने की संभावना है। भले ही विकास दर बहुत ऊंची न रहे। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में धीरे-धीरे सुधार के साथ, निर्यात में मजबूत वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है। बैंक ऑफ बड़ौदा का कहना है कि विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक सुधार के कारण वित्त वर्ष 2024 में ग्रोस वैल्यू एडेड (जीवीए) वृद्धि 6.7 प्रतिशत से बढ़कर 7.2 प्रतिशत होने की उम्मीद है। प्रभाकर ने कहा सामान्य मानसून के कारण कृषि क्षेत्र का अच्छा प्रदर्शन रहेगा। हम उम्मीद करते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025 में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करेगी।

### उद्योग संस्था ने कहा प्ले स्टोर पर ज्यादातर ऐप्स की वापसी होनी बाकी

**नई दिल्ली।** इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएमएआई) ने रविवार को कहा कि गूगल ने प्ले स्टोर से हटाए गए ज्यादातर ऐप्स की फिर से वापसी नहीं की है। एसोसिएशन ने इस पर चिंता जताई। एसोसिएशन का कहना है कि वह ऐसे कठोर कदमों को अनुचित और अनुपातहीन मानता है, भले ही कानूनी प्रक्रियाएं अभी भी जारी हैं। गूगल ने मैट्रिमोनी और शादी डॉट कॉम समेत प्रमुख भारतीय डिजिटल कंपनियों के 12 से अधिक ऐप्स को प्ले स्टोर से डीलिस्टेड कर दिया था। गूगल ने 10 डेवलपर्स के खिलाफ यह कार्रवाई तब की, जब उन्होंने अन्य ऐप स्टोर की भुगतान नीतियों का पालन करने के बावजूद इसकी भुगतान नीति का पालन करने से इनकार कर दिया।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन के धक्के से मेडिकल कॉलेज का मजदूर घायल

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा में अज्ञात वाहन ने मेडिकल कॉलेज में काम करने वाले मजदूर रद्दू साव को धक्का मार दिया। जिसमे मजदूर रद्दू साव गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल मजदूर को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज के बाद भी मजदूर की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति रद्दू साव केतार थाना क्षेत्र के खोनहर गांव का निवासी है।वही इस घटना के बाद घायल के परिजनों को इसकी जानकारी दे दी गई है।वही जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर अपने देखरेख में घायल का इलाज करवा रहे हैं।

### किसानों ने अपने उत्पाद को रांची एग्रोटेक मेला स्टॉल में रखा

**हुसैनाबाद।** रांची के बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में आयोजित एग्रोटेक किसान मेला 2024 में हुसैनाबाद के किसानों ने भाग लिया। वीर कुंअर सिंह कृषक सहयोग समिति के अध्यक्ष प्रियरंजन सिंह ने बताया कि मेला में हुसैनाबाद के किसानों की प्रसंशा हुई। हुसैनाबाद के स्टॉल में रखे गए काला गेहूं, काली हल्दी, कला चावल, किया सीड्स, तुलसी ,लेमंगरस पिपरमिंट, पमारोज की खूब बिक्री हुई। आयोजकों ने हुसैनाबाद के किसानों की प्रसंशा की गई। अन्य किसानों को भी इनसे प्रेरणा लेने की बात कही गई। प्रियरंजन सिंह ने बताया कि राज्य के विभिन्न प्रखंडों के लगाए गए स्टॉलों में हुसैनाबाद का स्टॉल सबसे अधिक सराहा गया। प्रियरंजन सिंह के साथ हुसैनाबाद से कई अन्य किसान भी गए थे।

### संसदीय क्षेत्र से राजद के टिकट पर चुनाव लड़ने का एलान

**मोहम्मदगंज/ पलामू।** पलामू के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा सोमवार को बिहार की राजधानी पटना में रविवार को राजद द्वारा आहूत इंडी गठबंधन की रैली से वापस लौटने के दौरान के लोगो से मिले। उन्होंने कहा कि पटना की रैली गठबंधन के लिये ऐतिहासिक हुआ। उन्होंने इस बार पलामु संसदीय क्षेत्र से राजद की टिकट पर चुनाव लड़ने का एलान किया है।कहा की गठबंधन की सहमति पर और राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव जी के आशीर्वाद से उनका पलामु से पार्टी का टिकट मिलना तय है। झारखंड में गठबंधन धर्म का पालन करते हुये पलामु के साथ चतरा संसदीय क्षेत्र से राजद लोक सभा का चुनाव लड़ेगी। जिसकी हरी झंडी मिल गई है । धर्म व जात के नाम पर लोगो को बांटने के मंसूबे इस चुनाव में सफल नही होगा। जनता के जनमानस के साथ खड़ा रहने वालों के साथ ही लोग इस बार के चुनाव में साथ खड़ा होंगे।शोषण मुक्त समाज व लोकतंत्र को बचाने के लिये इस बार गठबंधन का चुनावी एजेंडा होगा । उन्होंने कहा की अपने अल्प कार्यकाल में सदन पटल पर कुल 58 बार पलामु संसदीय क्षेत्र के कई मामलों पर चर्चा करवाने का काम किया है, जो ऑन रिकॉर्ड है।

---

#### आई एम वेरिफाइड वोटर सोशल मीडिया कैंपेन आयोजित

# मतदाता जागरूकता व मतदाता के रूप में खुद को वेरिफाइड करना उद्देश्य : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार को शहर के शिवाजी मैदान में हैशटैग आईएम वेरिफाएड वोटर सोशल मीडिया कैंपेन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन,उप विकास आयुक्त रवि आनंद,नगर आयुक्त जावेद हुसैन,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार व उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की।मौके पर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के तहत सोशल मीडिया पर यह अभियान पूरे राज्य में चलाया जा रहा है।जिसका एकमात्र उद्देश्य मतदाता जागरूकता व मतदाता के रूप में खुद को वेरिफाएड करना है। खुद को वेरिफाएड करने से तात्पर्य है कि आप



सभी अपने बूथ पर जाकर या वीएचए के माध्यम से अपना नाम जरूर चेक करें और अगर आपका नाम नहीं जुड़ा हो,या उसमें कोई विसंगति है तो फौरन संबंधित फॉर्म 6,7,8 भरे व जमा करें।उन्होंने कहा कि तकनीक के इस युग में जहां मोबाइल के माध्यम से सारे कार्य हो रहें हैं, इसी में शामिल है वीएचए एप। इस ऐप के जरिये निर्वाचन से जुड़े सारे कार्यों का निष्पादन किया जा सकता है।इस ऐप में इलेक्शन से जुड़ी सारी जानकारी उपलब्ध रहती है।उन्होंने कहा कि जब आप समुचित जानकारी के साथ मतदान करने जाते हैं तो उसके अपने फायदाये हैं। कहा कि इस तरह का कार्यक्रम भविष्य में भी चलाया जायेगा ताकि जिले में अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित किया जा सके। इसी तरह उप विकास आयुक्त रवि आनंद,नगर आयुक्त जावेद हुसैन व उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने भी स्वीप जागरूकता पर जोर दिया।

#### सभी ने ली मतदान की प्रतिज्ञा

मेहंदी,रंगोली,पेंटिंग के प्रतिभागी हुए पुरस्कृत शिवाजी मैदान में उपस्थित सभी लोगों को मतदान की प्रतिज्ञा दिलायी गयी। इस दौरान उपायुक्त व सहायक समाहर्ता ने मैदान में उपस्थित सभी लोगों से विशेष रूप से बच्चों से इलेक्शन से जुड़े कई सवाल किये व सही जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसी तरह रंगोली,पेंटिंग व बेहतर मेहंदी लगाये बच्चियों को भी पुरस्कृत किया गया।इसके अलावे नुक्कड़ नाटक से भी लोगों को मतदान के महत्व के विषय पर प्रकाश डाला गया।साथ ही मतदाता जागरूकता लिखे पम्पलेट को गुब्बारे के साथ हवा में उड़ाकर मतदाता जागरूकता का सन्देश दिया गया।मौके पर उपरोक्त के अलावे अन्य पदाधिकारी,बड़ी संख्या में स्कूली बच्चो समेत आमजन उपस्थित रहे।

---

## 'मेरा पहला वोट देश के लिए' पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** आज सोमवार को केंद्र सरकार के निदेर्शानुसार संचालित ₹मेरा पहला वोट देश के लिए₹ अभियान के तहत गुमला के चैनपुर स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के आरंभ में सर्वप्रथम पूरे महाविद्यालय द्वारा ₹मतदाता शपथ₹ लिया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य फादर इनोसेंट कुजूर एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. पुष्पलता डुंगडुंग ने आगामी चुनाव में अपने वोट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए चुनाव में सक्रिय रूप से अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने और दूसरों को भी भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। तत्पश्चात उपस्थित छात्र छात्राओं के बीच विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं जैसे कि पेटिंग, स्लोगन आदि का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने वोट की शक्ति का सार्थक प्रयोग करने, साथ ही देश की सुनहरे भविष्य की कल्पना कर पाने और अपनी जिम्मेदारी को समझ कर अपने देश के भाग्य का निमार्ता बनने का संदेश दिया गया। प्रतियोगिताओं के परिणाम कल घोषित किए जायेंगे।

---

### कबड्डी प्रतियोगिता में मिडिल स्कूल की चार छात्राएं चयनित

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल मैंदान में आयोजित कबड्डी ( बालिकाओं) प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के चार लड़कियां प्रिया कुमारी वर्ग छह ,एकता कुमारी और जूली कुमारी वर्ग सात, वेबो कुमारी वर्ग आठ, खुशी कुमारी वर्ग आठ जिला प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई है। उत्कृष्ट प्रर्दशन के आधार पर चयन हुआ है। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन उपायुक्त पलामू सह जिला दंडाधिकारी पलामू के पत्रांक 75 के आलोक में जिला खेल पदाधिकारी पलामू द्वारा किया गया था। लेकिन उस तिथि को नौंवी की परीक्षा के कारण उक्त वर्ग के लड़कियां भाग लेने से वंचित रहीं। राजकीयकृत मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के प्रांगण में एक सादे समारोह में एचएम कन्हैया प्रसाद, शिक्षक जुबैर अंसारी,वरीय शिक्षिका पुष्पा कुमारी, आशा कुमारी व पूनम कुमारी द्वारा चयनित विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पुरस्कृत भी किया गया।

---

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 25 हजार से अधिक मामलें का होगा निस्तारण

#### उपभोक्ता फोरम से जुड़े वाद पर होगा बिशेष फोकस

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश पर 9 मार्च शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा । उक्त आशय की जानकारी पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही।उन्होंने कहा कि इस वर्ष के पहले राषटीय लोक अदालत में 25 हजार से अधिक मामले निस्तारण का लक्ष्य है ।उन्होंने बताया लोक अदालत की तैयारी शुरू कर दी गई है । उन्होंने बताया कि बीते वर्ष राष्ट्रीय लोक अदालत में 23 हजार 500 मामले का निस्तारण किया गया था ।इस बार 25 हजार से भी अधिक मामले निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है ।इसके लिए विभिन्न विभागों के साथ



बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं ।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन ब्यवहार न्यायालय परिसर में 10:30 बजे से किया जाएगा। जो कोर्ट कार्य अवधि तक चलेगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 14 पीठ बनाए गए है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत मर चेक बाउंस से संबंधित मामले, सुलहनीय बाद ,सभी तरह के दीवानी मामले,विधुत अधिनियम के बाद,विवाहोतर प्रताड़ना के वाद,राजस्व न्यायालय में लंबित मामले,अंतिम प्रपत्र से सम्बंधित वाद,श्रम वाद, रेलवे न्यायालय में लंबित मामले,छोटे आपराधिक वाद,बैंक ऋण,बी एस एन एल ,विधुत विभाग से सम्बंधित ,भूमि अधिग्रहण के मामले,एम सर्विस से सम्बंधित,एम ए सी टी,पारिवारिक विवाद,उपभोक्ता फोरम ,आदि से जुड़े मामले का निस्तारण किया जाएगा।उन्होंने कहा कि बैठक कर सभी विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

---

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत

**मेदिनीनगर।** लातेहार जिले के हहुआदाड थाना क्षेत्र के निवासी इमील नगेसिया के पुत्र रवीनेश नगेसिया उम्र 18 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 11:00 बजे रवीनेश नगेसिया स्कूटी पर सवार होकर बाजार गया था। बाजार से घर लौट के क्रम में वह स्कूटी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए हहुआदाड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी और पड़वा थाना क्षेत्र के लोहड़ा गांव निवासी अशर्फी राम उम्र 62 वर्ष की बीती रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

---

# हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय पर भाजपा ने दिया एकदिवसीय धरना




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड सरकार के जनविरोधी नीति के खिलाफ सोमवार को भाजपा ने प्रखंड कार्यालय परिसर में एकदिवसीय धरना दिया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय प्रसाद गुप्ता ने किया। जबकि संचालन सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के प्रभारी रामप्रवेश सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा में पेपर लीक कराकर सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। इस मामले को लेकर जब युवाओं ने आंदोलन किया तो लोगों के

#### राज्य में भ्रष्टचार चरम पर : रामप्रवेश सिंह

खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराकर उनकी आवाजों को दबाने का काम किया जा रहा है। इस मौके पर अध्यक्षीय संबोधन में अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि अबुआ आवास के नाम पर खुलेआम रिश्वत ली जा रही है, प्रखंड से लेकर अंचल कार्यालय में लूट खसोट का अड्डा बन चुका है। इस धरना कार्यक्रम में मुख्य रुप से राजेश कर्ण, रंजीत पासवान, उदयनाथ विश्वकर्मा, अमरेंद्र कुमार, सन्तोष सिंह, विवेक कुमार, उदय सिंह समेत कई भाजपा कार्यकर्त्ता शामिल थे।

---

# मिलावटी खाना खाकर लोग हो रहे बीमार, सरकार को नहीं है कोई चिंता : हाई कोर्ट

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मिलावटी खाद्य पदार्थों के मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई सोमवार को हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम में राज्य सरकार की शिथिलता को देखते हुए मौखिक कहा कि लोग मिलावटी खाना खाकर बीमार हो रहे हैं लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं है। सरकार बताए कि मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से लोगों के नुकसान को रोकने को लेकर क्या कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य के 24 जिलों में मात्र रांची के नामकुम में खाद्य पदार्थों की जांच के लिए फूड लैब बनाए हैं, फूड लैब की संख्या कम से कम चार होनी चाहिए थी। वहीं राज्य में मिलावटी खाद्य पदार्थ के लिए जांच के लिए मोबाइल वैन की संख्या कम से कम 24 होनी चाहिए थी, ताकि राज्य के सभी जिलों में मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच हो सके। न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने जेपीएससी से पूछा कि वर्ष 2023 में फूड सेफ्टी ऑफिसर के 56 पदों सहित फूड एनालिस्ट, माइक्रोबायोलॉजिस्ट आदि के पदों को भरने के लिए जो विज्ञापन निकाला गया था, उसपर अब तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी क्यों नहीं हुई? कोर्ट ने मामले के अगली सुनवाई 12 मार्च निर्धारित की है। मामले में एमिकस क्यूरी पीयूष पोद्दार पक्ष रखा। मामले में एमिकस क्यूरी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य के 24 जिलों में मात्र रांची के नामकुम में फूड लैब है, राज्य में फूड सैंपल कलेक्शन के लिए दो मोबाइल वैन है लेकिन इसमें भी फूड टेस्टिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

#### हाई कोर्ट ने जेजे बोर्ड और सीडब्ल्यूसी में 184 पद रिक्त मामले में सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) और राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर बचपन बचाओ आंदोलन की जनहित याचिका पर सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से शपथ पत्र दायर कर बताया गया कि जेजे बोर्ड, सीडब्ल्यूसी में अभी तक 152 पद ही भरे जा सकते हैं। 184 पद अभी भी रिक्त है। सुप्रीम कोर्ट के संपूर्ण बेहुरा केस में राज्य सरकारों को कुछ गाइडलाइन दिया गया है जिसका इन्हें पालन करना है।

---

## पेज एक के शेष

### एससी के फैसले से सोरेन ...

फैसला पलटा है। 1998 में जस्टिस पीवी नरसिम्हा ने जो फैसला सुनाया था, उसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गई थी। पांच जजों की कांस्टीट्यूशन बेंच ने तीन-दो के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। सांसदों और विधायकों को संविधान के अनुच्छेद 105(2) और 194(2) द्वारा प्रदत्त संसदीय विशेषाधिकारों के तहत विधानसभा में भाषण देने और वोट देने के लिए रिश्वत लेने के लिए मुकदमा चलाने से छूट दी गई थी। इसी फैसले के बाद शिबू सोरेन और उनकी पार्टी झामुमो के तीन अन्य तत्कालीन सांसद शैलेंद्र महतो, सूरज मंडल और साइमन मरांडी तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की सरकार को बचाने के लिए रिश्वत लेकर वोट देने के मुकदमे से बरी हो गए थे। अब, सोमवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपना ही फैसला पलटने के बाद रिश्वतखोरी मामले में शिबू सोरेन, शैलेंद्र महतो और सूरज मंडल पर नए सिरे से मुकदमा शुरू हो सकता है। इसी मामले में आरोपी रहे साइमन मरांडी का कुछ साल पहले निधन हो चुका है। दरअसल, 1998 के फैसले के बाद यह चैप्टर क्लोज हो गया था। सुप्रीम कोर्ट में दोबारा 2019 में मामला तब खुला, जब इसी फैसले का हवाला देते हुए झामुमो विधायक सीता सोरेन ने 2012 के राज्यसभा हॉर्स ट्रेडिंग मामले में अपने खिलाफ चल रहे सीबीआई के मुकदमे में राहत की गुहार लगाई। उनका यह दांव उल्टा पड़ गया। 2012 में झारखंड में राज्यसभा का चुनाव हुआ था। इसमें झामुमो की विधायक सीता सोरेन पर आरोप लगा कि उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी आरके अग्रवाल को वोट देने के एवज में डेढ़ करोड़ रुपये लिए। आरोप है कि अग्रवाल से यह पैसा सीता सोरेन के पिता बी माझी ने लिया था। इस मामले की सीबीआई जांच हुई। जांच के बाद सीता सोरेन के खिलाफ चार्जशीट फाइल की गई। सीता सोरेन ने सीबीआई की ओर से शुरू की गई आपराधिक मुकदमे की कार्रवाई को रद्द करने के लिए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका लगाई। हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीता सोरेन की ओर से 1998 के फैसले का हवाला दिया गया और विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट की मांग की गई। सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रंजन गोगोई ने इस फैसले पर दोबारा विचार का फैसला करते हुए कहा कि क्या किसी सांसद या विधायक को संसद या विधानसभा में बोलने या वोट के बदले नोट लेने की छूट है? क्या वह ऐसा करके आपराधिक मुकदमे से बचने का दावा कर सकता है? बहरहाल, अब सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के सात जजों की कांस्टीट्यूशन बेंच के फैसले के साथ इन सवालों के जवाब मिल गए हैं और इसके साथ ही एक नई नजीर कायम हो गई है।

### छत्तीसगढ़ आर्केस्ट्रा कलाकार के...

उर्फ बिंदेश्वरी कुमार, ग्राम उर्सला, थाना-रेहला शामिल हैं। पीड़िता की मेडिकल जांच करा दी गई है। बताया गया कि विश्रामपुर का गोलू ने छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर की रहने वाली महिला आर्केस्ट्रा कलाकार की बुकिंग शनिवार रात के लिए हैदरनगर इलाके में की थी। हैदरनगर में कार्यक्रम नहीं होने पर महिला डांसर और उसकी बहन को लेकर गोलू रविवार अहले सुबह विश्रामपुर अपने घर आ गया। यहां दोनों बहनों को अलग-अलग कमरों में रखा। इसी क्रम में 21 वर्षीय महिला कलाकार को कोल्ड ड्रिंक पीने के लिए दिया। महिला कलाकार का आरोप है कि कोल्ड ड्रिंक में कुछ नशीला पदार्थ मिला हुआ था। हालांकि कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद भी वह होश में थी। इसी क्रम में गोलू और उसके साथ दो अन्य सार्थियों ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। सुबह करीब 7 बजे उसने अपने पुरुष साथी (सिंगर) को घटना की जानकारी दी और उसे विश्रामपुर बुलाया। इसके बाद वह अचेत पड़ गई। उसके पुरुष साथी ने उसकी बहन की मदद से महिला डांसर को अचेत अवस्था में लेकर इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया। यहां होश में आने के बाद महिला कलाकार ने घटना की पूरी जानकारी दी।

इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद गोलू और उसकी पत्नी में जमकर विवाद हो गया इसके बाद वह पीड़िता से समझौता करने एमआरएमसीएच भी पहुंचा। महिला डांसर के अनुसार वह पिछले दो वर्ष से गोलू के लिए काम कर रही है। उसका घर छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में है, लेकिन वह पिछले एक वर्ष से डालटनगंज के जीएलए कॉलेज इलाके में किराये के मकान में रहती है। गोलू के साथ उसका भाई-बहन का रिश्ता बन गया था लेकिन उसने इसे कलंकित कर दिया।

### झारखंड हाईकोर्ट ने विदेशी महिला से ...

क्षेत्र स्थित कुरुमाहाट पहुंची थी। दंपति पाकिस्तान से बांग्लादेश फिर बंगाल के रास्ते नेपाल जाने के क्रम में दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुंजी गांव में टेंट लगाकर रुके थे। इसी दौरान घटना को अंजाम दिया गया।

**पीड़िता को दस लाख की मुआवजा राशि दी :** सोमवार को दुमका डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने पीड़ित मुआवजा योजना के तहत 10 लाख रुपये पीड़िता के बैंक खाते में उपलब्ध कराई है। इस मामले की जांच के लिए झारखंड पुलिस ने एक एसआईटी का गठन किया है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के मकसद से रांची से एफएसएल की टीम भी पहुंची थी और वहां से पीड़िता की घड़ी बरामद की गई थी। एसआईटी के साथ सीआईडी की टीम भी इस केस की जांच में जुटी है।

### 140 करोड़ देशवासी ही ...

काम मत करिए, कुछ आराम कर लीजिए। एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था कि मैं देशवासियों के लिए जिऊंगा। मेरा कोई निजी सपना नहीं होगा। आपका सपना ही मेरा संकल्प होगा। आपके सपने को पूरा करने के लिए और आपके बच्चों का भविष्य बनाने के लिए अपने आप को खपा दूंगा। पीएम मोदी ने आगे लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा, "मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी, यही मेरा परिवार है, ये नौजवान मेरा परिवार है, आज देश की करोड़ों माताएं-बहनें, बच्चे, बुजुर्ग यही मेरा परिवार है। जिसका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत-मेरा परिवार है।"

---

#### विस क्षेत्र में लगेगा 80 हाई मास्ट लाइट, मंत्री ने किया शिलान्यास

# केंद्र की प्रताड़ना से सरकार बिखरेगी नहीं: मिथिलेश



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सोमवार को गोविंद उच्च विद्यालय (टाउन हॉल) के मैदान में हाई मास्ट लाइट अधिष्ठापन का पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विधायक निधि से 80 हाई मस्ट लाईट लगाया जाएगा। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि विधायक मद की राशि से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों के विभिन्न गांवों में चौक, चौराहों, हाट, बाजार आदि सार्वजनिक स्थलों पर हाई मास्ट लाइट लगाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार की ग्रामीण क्षेत्रों को भी पुरी तरह से रोशन करने की योजना है। उन्होंने कहा कि बहुत दिन नहीं आज से चार साल पहले स्थिति ऐसी थी कि घरों में बल्ब जल जाय लोगों को इस बात की चिंता रहती थी। परंतु चार सालों में इतना बदलाव आ गया है कि अब गांव गांव के चौक चौराहों पर हाई मास्ट लाइट लग रहा है। यह बदलाव का बहुत बड़ा उदाहरण है। आज बहुत सारे लोग गांव में हाई मास्ट लाइट के बारे में जानते भी नहीं हैं। पंचायतों का टोला टोला हाई मास्ट लाइट से जगमग हो रहा है। इससे यह साबित होता है कि यह सरकार पूरी तरह से पारदर्शी है। मंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 से पहले भी यहां विधायक हुआ करते थे। परंतु पूरे विधानसभा क्षेत्र में आज कहीं भी कोई शिलापट्ट देखने को नहीं मिलता है। परंतु आज किसी भी गांव, टोले में देखिए विधायक निधी का शिलापट्ट और काम धरातल पर देखने को मिलेगा। गढ़वा विस क्षेत्र के छह प्रखंडों के 73 पंचायतों में 80 हाई मास्ट लाइट लगाया जा रहा है। यह झारखंडी जनसरोकार की सरकार है। केंद्र सरकार चाहे जितना भी प्रताड़ित करे, कितना भी हक अधिकार लूटे फिर भी यह सरकार झारखंडियों का अधिकार जरूर देगी। केंद्र सरकार की प्रताड़ना से यह सरकार बिखरेगी नहीं बल्कि और निखर कर सामने आयेगी। मौके पर मुख्य रूप से डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, आशीष अग्रवाल, ओम प्रकाश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, अनीता दत्त, प्रमुख दीपमाला, चंदन पासवान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

---

# झारखंड में 13 उप-निर्वाचन पदाधिकारियों का तबादला



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के 13 पदाधिकारी को अप- निर्वाचन पदाधिकारी के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया है। कानूराम नाग को उप निर्वाचन पदाधिकारी पलामू के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में सोमवार देर शाम अधिसूचना जारी की गई है। इसी प्रकार, धीरज कुमार ठाकुर को उप निर्वाचन पदाधिकारी लोहरदगा के पद पर स्थापित किया गया है। धीरेंद्र कुमार को उप निर्वाचन पदाधिकारी दुमका प्रिंस गॉडविन कुजूर को उप निर्वाचन पदाधिकारी कोडरमा, प्रतिभा कुजूर को उप निर्वाचन पदाधिकारी बोकारो, पवन कुमार महतो को उप निर्वाचन पदाधिकारी सिमडेगा, गौतम प्रसाद साहू को उप निर्वाचन पदाधिकारी सरायकेला, मेरी मड़की को उप निर्वाचन पदाधिकारी लातेहार, प्रेमचंद कुमार सिंह को उप निर्वाचन पदाधिकारी खूंटी, वेदवंती कुमारी को उप निर्वाचन पदाधिकारी चतरा, अनीता केरकेट्टा को उप निर्वाचन पदाधिकारी जामताड़ा, पंकज कुमार को उप निर्वाचन पदाधिकारी गोड्डा, कालिदास मुंडा उप निर्वाचन पदाधिकारी धनबाद के पद पर स्थापित किया गया है।

#### जापान के पॉलिटिकल काउंसलर ओरिता कांतारो ने बाबूलाल मरांडी से की मुलाकात

रांची। भारत में जापान के पॉलिटिकल काउंसलर ओरिता कांतारो ने सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से आवास पर मुलाकात की। मरांडी ने उनका अपने आवास पर स्वागत किया। कांतारो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व भारत में चल रहे विकास कार्य, भारत का दुनिया में बढ़ता सम्मान सहित झारखंड के राजनीतिक हालातों पर विस्तृत चर्चा की।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी ❖ दंत रोपण
❖ पायरिया का ईलाज ❖ फिक्स दांत लगाना
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज ❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### सिसोदिया ने क्यूरेटिव पीटिशन पर तुरंत सुनवाई की अपील की



**नई दिल्ली।** आप नेता मनीष सिसोदिया ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से अपील की कि कथित शराब नीति घोटाला मामले में उनकी समीक्षा याचिका पर तुरंत सुनवाई की जाय। सिसोदिया ने जमानत देने से इनकार करने वाले 2023 के फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिका लगाई है। आप नेता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ से याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने का निर्देश देने की मांग करते हुए कहा कि दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट याचिका पर सुनवाई इसलिए नहीं कर रही है क्योंकि उनकी याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।

### दुर्घटना में एक ही परिवार के 4 की मौत

**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के ग्राम जिले के ग्राम खुटार निवासी एक ही परिवार के चार लोगों की रविवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा बताया जा रहा है कि परिवार के चार लोग लड़की देखने के लिए कार से बनारस जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहा तेज रफ्तार राखड से भरा हाइवा वाहन (ट्रक) बेकाबू होकर कार के ऊपर पलट गया, जिससे कार में सवार चारों लोगों दब गए और उनकी मौत हो गई।

### छह बार के तृणमूल विधायक तापस रॉय ने इस्तीफा दिया



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस में दरारें तब और बढ़ गईं जब छह बार के पार्टी विधायक तापस रॉय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंदोपाध्याय के कमरे से बाहर आने के बाद अपने इस्तीफे की पुष्टि की, जिन्हें उन्होंने प्रोटोकॉल के अनुसार अपना इस्तीफा सौंपा। तापस रॉय ने पुष्टि की कि उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित तृणमूल कांग्रेस के सभी संगठनात्मक पदों से भी इस्तीफा दे दिया है। हालाँकि, उन्होंने अपने भविष्य के कदम के बारे में कुछ नहीं कहा।

# प्रधानमंत्री मोदी अगले दस दिनों में लोकसभा चुनाव की दिशा कर देंगे तय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगले दस दिन का दौरा साल 2024 के लोकसभा चुनावों के मद्देनजर बेहद ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इन दस दिनों में पीएम देश के अलग-अलग प्रदेशों में कुछ बड़े प्रोजेक्ट्स की नींव रखेंगे, कुछ का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही कई सभाओं को संबोधित करेंगे और देश के वोटरों के साथ सीधा संवाद भी करेंगे। पीएम मोदी का ये दस दिन का दौरा पिछले दस सालों में देश में तेजी से हुए विकास की तस्वीर पेश करेगा। यह देश के आधारभूत ढांचे को नई ऊंचाई देने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण साबित होने वाला है। पीएम मोदी इस दौरान 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 29 अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इनमें तेलंगाना, तमिलनाडु,



उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली शामिल है।

**4 मार्च**

पीएम सबसे सोमवार को तेलंगाना में होंगे। यहां से पीएम तमिलनाडु जाएंगे और वहां कलपक्कम में भाविनी का दौरा करेंगे। पीएम चेन्नई में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे और इसके बाद हैदराबाद का दौरा करेंगे। पीएम का दक्षिण के राज्यों पर ये फोकस राजनीतिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण है।

**5 मार्च**

पीएम तेलंगाना के संगारेड्डी में कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। संगारेड्डी में ही पीएम एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। तेलंगाना से पीएम मोदी उड़ीसा के लिए रवाना होंगे। पीएम का ये दौरा बीजेपी के लिए उन राज्यों में संजीवनी साबित होगा जहां वह अभी तक पिछड़ती आई है। पीएम उड़ीसा के चंडीखोल में कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। फिर पीएम उड़ीसा से पश्चिम बंगाल की ओर प्रस्थान करेंगे।

**6 मार्च**

प्रधानमंत्री कोलकाता में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इसके बाद वह बारासात में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। फिर पीएम बिहार जाएंगे और बिहार के बेतिया में कई महत्वाकांक्षी और जनउपयोगी प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे।

**7 मार्च**

पीएम जम्मू कश्मीर जाएंगे और कश्मीर के श्रीनगर में कई परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। शाम को पीएम दिल्ली में एक मीडिया इवेंट को संबोधित करेंगे।

**8 मार्च**

पीएम दिल्ली में पहले नेशनल क्रिएटर अवार्ड में शामिल होंगे। फिर उसी दिन शाम को वह असम के लिए रवाना होंगे।

**9 मार्च**

पीएम अरुणाचल प्रदेश का दौरा करेंगे और पश्चिमी कामेंग में सेला टनल का उद्घाटन करेंगे। पीएम इसके साथ ही ईटानगर में और कई अति-महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। अरुणाचल से पीएम असम जाएंगे और जोरहट में अहोम साम्राज्य के वीर सेनापति लाचित बोड़फुकन की प्रतिमा का उद्घाटन करेंगे। वे जोरहट में ही और कई परियोजनाओं की नींव रखेंगे और कई परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। पीएम इसके बाद बंगाल जाएंगे। संदेशखाली की घटना को देखते हुए पीएम का ये दौरा बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है।

**10 मार्च**

पीएम यूपी का दौरा करेंगे और आजमगढ़ में कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण करेंगे।

**11 मार्च**

पीएम दिल्ली के पूसा में नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदियों से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। फिर वे द्वारिका एक्सप्रेस वे के हरियाणा सेक्शन का उद्घाटन करेंगे। शाम को पीएम मोदी डीआरडीओ के एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

**12 मार्च**

पीएम गुजरात के साबरमती का दौरा करेंगे। यहां से वे राजस्थान जाएंगे और जैसलमेर जिले के पोकरण की यात्रा करेंगे।

**13 मार्च**

पीएम गुजरात और असम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए 3 महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स की नींव रखेंगे। इसके बाद पीएम समाज के वंचित तबकों के लिए आयोजित एक आउटरीच प्रोग्राम में शामिल होंगे। पीएम चुनाव से पहले देश के सभी महत्वपूर्ण राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जाएंगे और विकास की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे जो 21 वीं सदी के नए भारत के सपने को और भी मजबूती प्रदान करेगा।

## तेलंगाना को दी 56,000 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

# राज्यों के विकास से भारत का विकास ही हमारा मंत्र : पीएम

### पेद्दापल्ली में 800 मेगावाट की टीएसटीपी (यूनिट-2) राष्ट्र को समर्पित की

### पूरी दुनिया में भारत के तीव्र आर्थिक विकास की चर्चा हो रही है



**एजेंसी। आदिलाबाद (तेलंगाना)**

प्रधानमंत्री ने सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में 56,000 करोड़ रुपये से अधिक की बिजली, रेल और सड़क क्षेत्रों से संबंधित कई विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार राज्यों के विकास से देश के विकास के मंत्र पर चलती है। उन्होंने कहा कि अगर देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, तो इससे निवेशकों का आत्मविश्वास मजबूत होगा, जिससे प्रदेश में निवेश करने के लिए निवेशक भी प्रोत्साहित होंगे। महाराष्ट्र में ऊर्जा, रेल और रोड से जुड़ी कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद पीएम ने अपने संबोधन में ये बातें कहीं। उन्होंने पेद्दापल्ली में एनटीपीसी की 800 मेगावाट की तेलंगाना सुपर थर्मल पावर परियोजना (टीएसटीपी - यूनिट-2) राष्ट्र को समर्पित की। सीएम ने कहा कि यह परियोजनाएं तेलंगाना और उसके आसपास के क्षेत्र के विकास को जहां एक तरफ नई रफ्तार देगी, वहीं यात्रा में लगने वाले समय को भी बचाएगी। इसके अलावा औद्योगिक गतिविधियों और पर्यटन को नई रफ्तार देगी। रोजगार के नए-नए साधनों का भी सृजन करेगी।

पीएम ने कहा कि पिछले 3-4 दिनों से पूरी दुनिया में भारत के तीव्र आर्थिक विकास की चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा, समस्त विश्व में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसका पिछली तिमाही विकास दर 8.4 फीसद रहा है। इस तीव्र गति के साथ भारत दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा। इसका मतलब हुआ कि इससे तेलंगाना की अर्थव्यवस्था में भी तेजी देखने को मिलेगी। पीएम ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में देश के विकास को और ज्यादा गति मिलेगी। पीएम ने कहा कि 25 करोड़ से भी ज्यादा लोग देश में गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और यह सब कुछ केंद्र सरकार की उन कल्याणकारी योजनाओं की बदौलत हो पाया है, जो कि केंद्र सरकार की ओर से लागू किए गए थे। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के विकास के लिए पिछले 10 वर्षों में सर्वाधिक बजट खर्च किया गया।

### भाजपा ने जनजातियों के सशक्तिकरण का हमेशा प्राथमिकता दी

मोदी ने कहा कि तेलंगाना बहादुर रामजी गोंड और कोमाराम भीम की भूमि है। हमारी सरकार का लक्ष्य हैदराबाद में एक संग्रहालय के माध्यम से रामजी गोंड का सम्मान करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनजातियों के सशक्तिकरण को हमेशा प्राथमिकता दी है। केंद्र की एनडीए सरकार ने द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनने में मदद की। बिरसा मुंडा के सम्मान में जनजातीय गौरव दिवस मनाने की सुविधा मिली है। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन जनजातीय कल्याण के लिए 24,000 करोड़ रुपये खर्च करने में सक्षम होगा, जिससे चेंचू, कोलम और कोंडा रेड्डी जैसी विभिन्न जनजातियों को लाभ होगा।

इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा तेलंगाना के राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदर्यराजन, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी और केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी उपस्थित थे।

### बीजेपी उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने की मीनाक्षी से मुलाकात



**नई दिल्ली।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव में इस बार नई दिल्ली की सीट से बांसुरी स्वराज को अपना उम्मीदवार बनाया है। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी इस सीट से मौजूदा सांसद हैं। बांसुरी स्वराज सोमवार को मीनाक्षी लेखी से मुलाकात करने उनके घर पहुंची। यहां पर उन्होंने मीनाक्षी लेखी से शिष्टाचार भेंट की।

## भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी हो रही लगातार मजबूत : जयशंकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री (ईएएम) एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। इससे पहले, जयशंकर ने दिल्ली में फ्रांस की सेक्रेटरी जनरल ऐनी-मैरी डेस्कोट्स से मुलाकात की जो भारत दौरे पर हैं। एक्स पर एक पोस्ट में मंत्री ने कहा, सोमवार की सुबह फ्रांस की सेक्रेटरी जनरल ऐनी-मैरी डेस्कोट्स का स्वागत कर अच्छा लगा। हमारी रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। विश्वास है कि विदेश कार्यालय



परामर्श और रणनीतिक अंतरिक्ष वार्ता इसकी गति को और बढ़ाएगी। 1998 में एक रणनीतिक साझेदारी की शुरूआत के साथ, भारत-फ्रांस संबंध शिक्षा से लेकर व्यापार और रक्षा तक विभिन्न क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग के साथ बड़ी छलांग लगा रहा है। फ्रांसीस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 2018 के बाद इस साल गणतंत्र दिवस पर भारत की अपनी तीसरी यात्रा की।

## बांग्लादेशी ने दी थी विमान उड़ाने की धमकी, गिरफ्तार

**कोलकाता।** दिल्ली पुलिस की टीम ने पश्चिम बंगाल की कोलकाता से एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है, जिसने विमान को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। 27 फरवरी को एक उड़ान में विस्फोटक होने के संबंध में दिल्ली हवाई अड्डे पर फर्जी ईमेल भेजने के आरोप में 29 वर्षीय बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित की पहचान बांग्लादेश निवासी मोहम्मद नजरूल इस्लाम के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, 27 फरवरी को आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन में डायल एयरपोर्ट सुरक्षा अधिकारी ने शिकायत की थी। इसमें कहा गया था कि एयरपोर्ट ड्यूटी मैनेजर की ईमेल आईडी पर एक धमकी भरा ईमेल आया है। इसमें लिखा है कि दिल्ली से कोलकाता की फ्लाइट में विस्फोटक है। मेल में प्रत्येक बैग और सामान की जांच करने और आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया गया था। इस पर दिल्ली हवाई अड्डे को हाई अलर्ट पर रखा गया लेकिन जांच में ईमेल मात्र अफवाह निकला।

### 'आप' नेता ने भाजपा नेता को मारी गोली, अस्पताल में भर्ती

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में आम आदमी पार्टी (आप) नेता अमर अग्रवाल ने भाजपा नेता एवं विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड संयोजक को सोमवार को गोली मार दी उन्हें सीने में 3 गोलियां लगीं। इसके बाद गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह घटना तब हुई जब जमीन की नापी की जा रही थी। इस दौरान क्षेत्र के पटवारी तथा आरआई भी उपस्थिति थे। मामला खरसिया थाना क्षेत्र का है। खरसिया एसडीओपी प्रभात पटेल ने बताया कि वारदात के बाद से गोली चलाने वाला अमर अग्रवाल फरार है।

## नेपाल : पीएम प्रचंड ने गठबंधन सहयोगी से नाता तोड़ा, बदलेगा मंत्रिमंडल

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओइस्ट सेंटर) के सरकार में सहयोगी नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन तोड़ने के बाद सोमवार को मंत्रिमंडल में फेरबदल की संभावना है। नेशनल असेंबली की अध्यक्षता के दावे को लेकर हिमालयी साम्राज्य की दो सबसे बड़ी पार्टियों के बीच कथित तौर पर खाई बढ़ती जा रही है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) के उपाध्यक्ष सुरेंद्र पांडे ने सोमवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, आज सरकार बदलेगी और नए मंत्रिमंडल का गठन होगा। मंत्रियों का शपथ ग्रहण भी आज होगा। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' कथित तौर पर सीपीएन (माओइस्ट सेंटर) के अलावा सीपीएन-यूएमएल, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी के मंत्रियों को शामिल करेंगे।

यह कदम प्रधानमंत्री दहल द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री सीपीएन-यूएमएल के के.पी. शर्मा ओली से मुलाकात के बाद उठाया गया है। दोनों ने रविवार को एक नए राजनीतिक गठबंधन पर चर्चा की। हाँलाकि



2020 में, और फिर 2023 में, दोनों सहयोगी अलग हो चुके हैं। काठमांडू पोस्ट ने बताया कि पीएम दहल फेरबदल पर राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल को एक पत्र भेजेंगे और नए मंत्रियों को संभवतः सोमवार शाम को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। सोमवार को अधिकारियों की एक बैठक से बाहर आते हुए, माओइस्ट सेंटर के नेता, देवेंद्र पौडेल ने कहा कि यूएमएल के साथ हाथ मिलाने का कदम लंबे समय के लिए वाम एकता बनाने की योजना के साथ उठाया गया है। अखबार ने पौडेल को यह कहते हुए उद्धृत किया है कि एक नया सत्ता समीकरण विकसित हुआ है क्योंकि नेपाली कांग्रेस प्रधानमंत्री के कामकाज में बाधाएं पैदा कर रही है।

# 'अदिति' योजना लांच, स्टार्टअप के लिए 25 करोड़ का अनुदान

### रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचारों को बढ़ावा देने में मदद करेगी यह योजना

### सशस्त्र बलों की सभी अपेक्षाओं को पूरा करेगा 'टेक्नोलॉजी वॉच टूल'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में डेफकनेक्ट 2024 के दौरान महत्वपूर्ण और रणनीतिक रक्षा प्रौद्योगिकियों में नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए 'अदिति' योजना लांच की। इस योजना के तहत स्टार्ट-अप को रक्षा प्रौद्योगिकी में उनके अनुसंधान, विकास और नवाचार प्रयासों के लिए 25 करोड़ रुपये तक की अनुदान सहायता दी जाएगी। रक्षा मंत्री ने उद्योग जगत से कहा कि यह योजना युवाओं के नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ही देश को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करेगी। आई-डेक्स के साथ नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों का विकास करने के लिए शुरू की गई इस योजना के पहले संस्करण में 17 चुनौतियां लॉन्च की गई हैं, जिसमें भारतीय सेना के लिए 3, भारतीय नौसेना के लिए 5, भारतीय वायु



सेना के लिए 5 और रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के लिए 4 हैं। इसका लक्ष्य प्रस्तावित समय सीमा में लगभग 30 डीप-टेक महत्वपूर्ण और रणनीतिक प्रौद्योगिकियों को विकसित करना है। इसमें आधुनिक सशस्त्र बलों की अपेक्षाओं और रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने के लिए एक 'टेक्नोलॉजी वॉच टूल' बनाने की भी परिकल्पना की गई है। राजनाथ सिंह ने युवाओं को नवोन्वेषी विचारों को सामने लाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए जोर देकर कहा कि युवा इनोवेटर्स को प्रेरित करने के लिए आई-डेक्स को आई-डेक्स प्राइम तक विस्तारित किया गया है, जिसमें सहायता 1.5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दी गई। उन्होंने कहा कि चुनौतियों का समाधान करने में डीपीएसयू की उत्साहजनक भागीदारी के बाद अब 'अदिति' योजना शुरू की गई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि समय बदलने के साथ ही नई प्रौद्योगिकियां अस्तित्व में आ रही हैं। विकसित देश बनने के लिए हमें तकनीकी बढ़त हासिल करने के साथ ही हमें अपने देश को एक ज्ञानवान समाज में बदलना है। इस दौरान 'महिलाएं परिवर्तन की वाहक' विषय पर एक पैनल ने रक्षा नवाचार के भविष्य को आकार देने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका और क्षेत्र में लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने की रणनीतियों पर चर्चा की। पैनल में अंतरिक्ष विभाग, भारतीय वायु सेना, वित्तीय संस्थानों और स्टार्टअप से विभिन्न प्रसिद्ध प्रतिभागियों ने भाग लिया। चर्चा में भारतीय रक्षा परिदृश्य, प्रौद्योगिकी, भविष्य के रुझान, नवाचार और भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के अवसरों पर अंतर्दृष्टि प्रदान की गई। रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में महिला उद्यमियों के अमूल्य योगदान की मान्यता में 'डेफकनेक्ट' में आई-डेक्स महिला उद्यमियों के लिए एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

## इस बार हाइब्रिड होगा नौसेना कमांडरों का सम्मेलन, राजनाथ सिंह करेंगे उद्घाटन

### नौसेना कमांडरों की कॉन्फ्रेंस आईएनएस विक्रांत और विक्रमादित्य पर होगी

नौसेना के कमांडरों का तीन दिवसीय सम्मेलन 05 मार्च से हाइब्रिड प्रारूप में शुरू होगा। यह कमांडर कॉन्फ्रेंस विमानवाहक पोतों आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पर होगी। सम्मेलन का पहला चरण समुद्र में होगा, जिसके उद्घाटन सत्र में रक्षा मंत्री दोनों विमानवाहक पोतों को देखने के लिए समुद्र में उतरेंगे, जो भारतीय नौसेना की 'ट्विन कैरियर ऑपरेशंस' संचालित करने की क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष होने वाला यह सम्मेलन नौसेना कमांडरों के लिए समुद्री सुरक्षा से संबंधित रणनीतिक गतिविधियों, परिचालन



एवं प्रशासनिक मामलों पर विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से एक मंच के रूप में कार्य करता है। यह सम्मेलन उभरती हुई भू-राजनीतिक परिस्थितियों, आंचलिक चुनौतियों और मौजूदा अस्थिर समुद्री सुरक्षा स्थिति की पृष्ठभूमि में होगा। यह कमांडर कॉन्फ्रेंस भारतीय नौसेना के भविष्य की कार्यप्रणाली को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे।

### जस्टिस गंगोपाध्याय ने जज के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश कर दिया इस्तीफा



**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर में एक जिला न्यायाधीश के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश के साथ पीठ में अपने करियर पर विराम लगा दिया। वह सोमवार सुबह अदालत आए और अपने सामने आने वाले एक के बाद एक, सभी मामलों से खुद को अलग कर लिया, जिनमें वे मामले भी शामिल थे, जिनकी आंशिक सुनवाई हुई है या जिनमें फैसले सुरक्षित हैं। उन्होंने पूर्वी मिदनापुर में एक जिला न्यायाधीश के खिलाफ सतर्कता से संबंधित मामले की संक्षिप्त सुनवाई की और मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवज्ञानम को उनके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की। उन्होंने न्यायाधीश के रूप में अपने अंतिम आदेश में कहा, कलकत्ता उच्च न्यायालय के सतर्कता विभाग ने उक्त जिला न्यायाधीश के खिलाफ एक गंभीर आरोप लगाया है।